भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 अगस्त 2024
वर्ष 3, अंक 8, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्लैक होल के बिना जीवन संभव नहीं हो सकता 16
कोहरा 2 में शामिल हुईं मोना सिंह 15

## कोलकाता: नबान्न अभियान निकालने वाले प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज

- पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े कई लोग घायल

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता और इससे लगे हावड़ा के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच उस वक्त झड़पें हुईं, जब आंदोलनकारियों ने सचिवालय की ओर मार्च करने के लिए अवरोधकों को गिराने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए 'नबान्न' (सचिवालय) पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।

एमजी रोड, हेस्टिंग्स रोड और प्रिंसेप घाट के पास के इलाकों,



संतरागाछी और हावड़ा मैदान में ज्यादा झड़पें हुईं, जिनमें कई प्रदर्शनकारी और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हमें पुलिस ने क्यों पीटा? हमने कोई कानून नहीं तोड़ा। हम डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करने को लेकर शांतिपूर्ण रैली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।' भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने 'नबान्न अभियान' रैली में बर्बर कार्रवाई की है।

**भाजपा का बंगाल बंद का ऐलान:** पश्चिम बंगाल में डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड को लेकर तनाव जारी है। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को बंगाल बंद का ऐलान किया है।

### पैसों के बलबूते बांग्लादेशियों को बसाने का चल रहा खेल, ये रहा रेट कार्ड..

## दो लाख रुपये में महाराष्ट्र, तो डेढ़ लाख में गुजरात

- रेट कार्ड वायरल होने के बाद खुफिया एजेंसियां हुईं अलर्ट

डीपी, शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार:** गलत मंसूबा लेकर बांग्लादेशी पैसों के बलबूते भारत में अपनी घुसपैठ बना रहे हैं। यही नहीं, बांग्लादेशियों को भारत के अलग-अलग राज्यों में बसाने के लिए बाकायदा रेट भी तय कर रखा है।

यह रेट कार्ड वायरल होने के बाद गुप्तचर एजेंसियां सर्तक हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी राज्यों को भी सतर्क कर दिया गया है। गुप्तचर विभाग के हाथ लगी भारत के विभिन्न राज्यों में घुसपैठ की रेट की सूची बांग्ला और अंग्रेजी भाषा में है। सुरक्षा विभाग के एक अफसर की मानें तो भारत में




घुसपैठ कर रहे बांग्लादेशियों को बसाने के लिए सबसे अधिक कीमत महाराष्ट्र की है। इस राज्य में बसने के लिए बांग्लादेशियों से दो लाख रुपये तक लिए जा रहे हैं। इसी तरह गुजरात के लिए बांग्लादेशियों से डेढ़ लाख रुपये वसूले जा रहे हैं। दिल्ली में सुरक्षित बसाने के लिए इनसे एक लाख रुपये लिए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों में बसाने के लिए बांग्लादेशियों से 50-50 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इस धंधे में शामिल लोगों को बांग्लादेशियों को भारत में सुरक्षित प्रवेश करवाने में सफलता भी मिल रही है। सूत्रों की मानें तो तय रेट में शर्त है कि घुसपैठियों को राज्य की भाषा भी सिखाई जाएगी। वहां के मौलानाओं से मुलाकात करवाकर उनसे परिचय कराया जाएगा। यही नहीं राज्य में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से बांग्लादेशियों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराने की बात सामने आई है।

### आधार कार्ड बनवाने के लिए अलग से रकम नहीं

भारत की नागरिकता और यहां बसाने के एवज में ली गई रकम में आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेज बनवाना भी शामिल है। सूत्रों का यह भी कहना है कि इन सबके पीछे कुछ राजनीतिक नेताओं के संलिप्त होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस खेल में शामिल लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए गुप्तचर एजेंसियों ने राज्यों में गोपनीय तरीके से पड़ताल शुरू कर दी है।

### महबूबा की बेटी इल्तिजा भी चुनावी मैदान में



**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के बिजबेहरा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मैदान में पदार्पण किया। पीडीपी अध्यक्ष की मीडिया सलाहकार का दायित्व संभाल रहीं इल्तिजा 2019 में उस समय चर्चा में आईं, जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया और सभी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। उस समय उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर बात की।

## संस्कृत के 1.21 लाख विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाने की घोषणा

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

- 19 करोड़ 65 लाख 94 हजार 800 रुपये का आएगा व्यय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में आए 14 प्रस्ताव में से 13 पर मुहर लगी। इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों में से एक उप्र. के संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई है। राज्य सरकार का मानना है कि संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की दरों को बढ़ाने से संस्कृत शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा ही, साथ ही छात्रों को वित्तीय मदद भी मिल पाएगी।

इस कवायद से 01 लाख 21 हजार 573 विद्यार्थियों का लाभान्वित होना अनुमानित है। साथ ही, 19 करोड़ 65 लाख 94 हजार 800 रुपये का व्यय संभावित है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने इस प्रस्ताव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के लिए 50 रुपये प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपये, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपये, शास्त्री के लिए 200 रुपये एवं आचार्य के लिए 250 रुपये प्रति माह की दर से दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।



#### इन मुख्य प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल आपूर्ति के लिए रख-रखाव नीति पर मुहर लगी
- देशी-विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए ठेके पर राज्य पर्यटन निगम के गेस्ट हाउस देने का फैसला
- गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए वीजीएफ की सम्पूर्ण धनराशि राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाने का निर्णय
- विभिन्न हवाई पट्टियों पर तैनात कर्मचारियों का सदुपयोग निदेशालय एवं नवनिर्मित हवाई पट्टियों पर किया जाएगा

#### निजी कंपनियों को सौंपे जाएंगे घाटे में चल रहे गेस्ट हाउस

लखनऊ। मंत्रिमंडल ने सरकारी पर्यटक अतिथि गृहों को निजी हाथों में सौंपने का फैसला भी लिया। राज्य पर्यटन विकास निगम के सरकारी पर्यटक आवास गृह (सरकारी गेस्टहाउस) को निजी हाथों में 30 साल के लिए देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। इसी क्रम में निजी कंपनियां इन आवास गृहों का रखरखाव के साथ इनका संचालन करेंगी और सरकार को भी इससे आय होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में कुल 87 ऐसे टूरिस्ट गेस्ट हाउस हैं, जिनमें से घाटे में चल रहे गेस्ट हाउस को निजी कंपनियों को सौंपा जाएगा। इसी के तहत राज्य पर्यटन निगम के गेस्टहाउस ठेके पर देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए दिए जाएंगे। जिससे पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सके और पर्यटन को विशेष रूप से बढ़ावा मिल सके।

#### ग्रामीणों को मिलेगा स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल आपूर्ति के लिए संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2015 के स्थान पर 'उप्र. के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं की संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2024' स्वीकृति गई है। इस नीति के क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की निरंतर जलापूर्ति हो सकेगी।

## सैफई में सूदखोरों से परेशान परिवार ने पिया जहर, मुखिया सहित तीन की मौत

### किसान की मां का आरोप, काफी पैसा चुकाने के बाद भी कर रहे थे परेशान

- सैफई थाना क्षेत्र के गांव भदेई में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, सैफई (इटावा)

**अमृत विचार :** कर्ज में डूबे एक किसान परिवार ने कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक घोलकर पी लिया। इससे किसान, उसकी भतीजी और विधवा भाभी की मौत हो गई। किसान की मां का कहना है कि कर्ज का काफी पैसा चुका देने के बाद भी सूदखोर परेशान करते थे। इससे बेटा परेशान रहता था। इसी कारण यह कदम उठाया। मां के अनुसार बेटे ने उन्हें बताया कि कर्ज होने की वजह से कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर सबको पिलाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव भदेई निवासी किसान दयाशंकर सिंह (28) ने अपने दिवंगत बड़े भाई उमाशंकर की पत्नी पूजा (30) व उसकी 13 महीने की बच्ची शिवि को सोमवार सुबह घर में कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर पिला दिया और खुद भी पी लिया। घटना के वक्त दयाशंकर की मां अपने दो अन्य नातियों के साथ बाहर गई हुई थीं। जब वापस आई तो तीनों को घर के आंगन में तड़पता देखा और शोर मचाया। पड़ोसियों ने तीनों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात दयाशंकर व बच्ची शिवि की मौत हो गई, जबकि पूजा ने भी मंगलवार शाम दम तोड़ दिया।

दयाशंकर की मां सरोज देवी ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने गांव में दुकान की है। वहां पर ये लोग शराब बेचते हैं। हमारे बेटे को उन्होंने पहले उधार शराब दी। बाद में कई गुना अधिक का बिल बनाकर कर्ज दे दिया, जिसकी वजह से एक साल पहले उसने एक बीघा खेत बेचकर उन लोगों को पैसा दिया था। उसके बाद भी आरोपी और पैसा मांग रहे थे। दो दिन से लगातार बेटे को प्रताड़ित कर रहे थे जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया है।

> किसान के परिवार के सदस्यों ने कोल्ड ड्रिंक में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया है। प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि दयाशंकर को शराब पीने की लत थी। उसने पड़ोस के दुकानदार से सामान उधार ले रखा था। उसकी उधारी देनी थी। परिवार में आपसी विवाद की बात भी सामने आ रही है। इन्हीं दोनों कारणों से परेशान होकर यह कदम उठाया। जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> **- संजय कुमार,** एसएसपी इटावा

### निर्विरोध आईसीसी अध्यक्ष चुने गए जय शाह, 1 दिसंबर से संभालेंगे पद



दुबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई का कामकाज संभाल रहे जय शाह 1 दिसंबर 2024 से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस पद के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। आईसीसी के अनुसार, जय शाह एकमात्र उम्मीदवार थे, जिन्होंने इस पद के लिए नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया है। शाह को आईसीसी के बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक माना जाता है।

### एक नजर

#### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। अदालत ने इसके अलावा केजरीवाल के खिलाफ दायर सीबीआई के पूरक आरोपपत्र पर अपना फैसला 3 सितंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

#### अमेठी के आठ रेलवे स्टेशन के बदले नाम

**अमेठी।** जिले के आठ प्रमुख रेलवे स्टेशनों के नाम के परिवर्तन पर रेल विभाग ने मुहर लगा दी है। इन स्टेशनों के नाम परिवर्तन को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रेल मंत्री को पत्र भेज कर अनुरोध किया था। अमेठी में जिन आठ स्टेशनों के नाम बदला है वो हैं, कासिमपुर हॉल्ट स्टेशन, जिसे अब जायेस सिटी स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। जायस स्टेशन का नाम गुरु गोरखनाथ धाम, बनी का नाम स्वामी परमहंस, निहालगढ़ का नाम महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज स्टेशन का नाम मां अहोरवा भवानी, वारिसगंज का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान और फुरसतगंज का नाम तपेश्वरनाथ धाम कर दिया गया है।

## मां की गोद से बच्चे को छीन ले गया भेड़िया, बनाया निवाला

- बीते डेढ़ माह में सातवीं घटना, वन विभाग की कई टीमें कर रहीं गश्त

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : जिले में भेड़ियों का आतंक जारी है और बीती रात इनके हमले में एक और बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। पिछले डेढ़ माह के भीतर सात बच्चे भेड़ियों के हमले का शिकार हो चुके हैं।

अधिकारी के अनुसार, मंगलवार की रात भेड़ियों ने हमला करके एक गांव के तीन बच्चों को घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए टीम जब तक वहां पहुंचती, तब तक दूसरे गांव पहुंच चुके भेड़िए मां के साथ सो रहे पांच वर्षीय बच्चे को छीन ले गए और अपना निवाला बना



डाला। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि हमारी कई टीमें दो दर्जन से अधिक गांवों में दिन-रात गश्त पर हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रायपुर के मजरा दीवानपुरवा में अपनी मां के साथ सो रहे अयांश (5) को भेड़िया उठा ले गया। मंगलवार तड़के एक खेत से अयांश का 40 से 50 प्रतिशत खाया गया शव बरामद किया गया।

## शराब नीति घोटाले में के. कविता को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को राहत देते हुए मंगलवार को जमानत दे दी। शाम तक वह जेल से रिहा भी हो गईं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि कविता करीब पांच महीनों से हिरासत में हैं और इन मामलों में उनके खिलाफ सीबीआई तथा ईडी की जांच पूरी हो गई है। पीठ ने कहा, 'इसीलिए इस मामले में जांच के उद्देश्य के लिए अपीलकर्ता (कविता) की हिरासत आवश्यक नहीं है।' शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दिए जाने से इनकार करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के 1 जुलाई के आदेश को रद कर दिया।



## मायावती फिर चुनीं गईं बसपा अध्यक्ष

- आकाश का कद बढ़ा, कई राज्यों के प्रभारी बने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को फिर बसपा का अध्यक्ष चुना गया, जबकि उनके भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद का कद बढ़ा दिया गया है। उन्हें दिल्ली-हरियाणा समेत कई राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया।

बैठक में पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने मायावती को फिर अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पेश किया। इस मौके पर मायावती ने कहा कि देश



के करोड़ों दलितों व अन्य बहुजनों के हित में डॉ. आंबेडकर के संविधान की सच्ची जनहित व जनकल्याणकारी मंशा की पूर्ति व सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करने के लक्ष्य के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर व दिल्ली विधानसभा के आम चुनाव पूरी तैयारी व दमदारी के साथ बसपा को लड़ना है।

## दस लाख की रिश्वत मामले में प्रधान आयकर आयुक्त गिरफ्तार

- सीबीआई ने की कर्रवाई, 21 जगहों पर छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को आयकर (पटना और धनबाद) विभाग के प्रधान आयुक्त और चार अन्य को विभिन्न कर निर्धारणकर्ताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार को चार निजी व्यक्तियों गुरपाल सिंह, राजीव कुमार, अशोक चौरसिया और प्रणय के साथ 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष बने सतीश कुमार

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी सतीश कुमार को रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड के इतिहास में वह अनुसूचित जाति से आने वाले पहले अध्यक्ष और सीईओ हैं। बोर्ड की वर्तमान अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा 31 को सेवानिवृत्त हो रही हैं, कुमार की नियुक्ति एक सितंबर से प्रभावी होगी।

## दो सहेलियों के शव बाग में पेड़ से लटके मिले

- सोमवार देर रात में बुआ को बुलाने गईं थी दोनों सहेलियां, फिर नहीं लौटीं

संवाददाता, कायमगंज (फर्रुखाबाद)

**अमृत विचार:** गांव भगौतीपुर में सोमवार रात बुआ को बुलाने गईं दो सहेलियों के शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर बाग में पेड़ पर फंदे पर लटकते मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सीएमओ ने बताया कि दोनों के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। गले में हैंगिंग (फांसी) का निशान मिला है। दोनों युवतियों की स्लाइड बनाकर भेज दी है। उधर, इस घटना के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद की घटना संवेदनशील है।


बबली (फाइल)


शशि (फाइल)

मंगलवार सुबह गांव का दिव्यांग बृजेश शौच के लिए बाग में गया था। वहां उसने दो युवतियों के शव पेड़ से लटके देखे तो तत्काल गांव वालों को खबर दी। गांव के रामवीर ने बताया कि मृतकों में एक उसकी पुत्री बबली है, जबकि दूसरी पुत्री की सहेली शशि है। बबली के परिजनों ने बताया कि रात में वह अपने बड़े भाई विनय के बच्चों व सहेली शशि के साथ जन्माष्टमी के त्योहार पर गांव के मंदिर में झांकी देखने गई थी। रात करीब 11 बजे वह घर लौट कर आई थी। फिर दोबारा दोनों सहेलियां गांव की ही बुआ को बुलाने के लिए उनके घर गई थीं, लेकिन लौटी नहीं।

सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। बाद में डीआईजी और एसपी आलोक प्रियदर्शी भी गांव पहुंचे। पुलिस अफसरों ने कहा कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. अबनींद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम से पता चला है कि दोनों सहेलियों की मौत फांसी लगाने से हुई है।

## उपद्रव फैलाने वाले व्यवहार को बढ़ावा देना दुर्भाग्यपूर्ण

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा- इसे स्वीकार्य मानदंड नहीं बनने दिया जा सकता

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन दिनों अव्यवस्था एवं उपद्रव फैलाने वाले व्यवहार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब यह संदेश देने का समय आ गया है कि ऐसे व्यवहार को स्वीकार्य मानदंड नहीं बनने दिया जा सकता। अदालत ने इसी के साथ शहर के एक महाविद्यालय द्वारा दुर्व्यवहार के आधार पर पुस्तकालय सहायक को बर्खास्त करने के फैसले को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति आरएम जोशी की एकल पीठ ने इसी के साथ मल्लीनाथ विट्ठल वथाकर की याचिका खारिज कर दी, जिसने मुंबई के उपनगर चेम्बूर स्थित नारायण गुरु कॉलेज ऑफ कामर्स द्वारा



उदण्ड और अवज्ञाकारी व्यवहार की शिकायत के बाद उसे बर्खास्त करने के फैसले को चुनौती दी थी। अदालत ने 13 अगस्त को याचिका को खारिज कर दिया। वथाकर ने सितंबर 2008 में मुंबई विश्वविद्यालय और कॉलेज न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें सेवा से हटाने के कॉलेज के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था।

याचिकाकर्ता ने 1996 में कॉलेज में नौकरी करनी शुरू की। उसे पहले चौकीदार के पद पर और बाद में पुस्तकालय सहायक के पद पर तैनात किया गया। वथाकर को 2008 में अपने सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने, प्राध्यापकों के साथ गाली-गलौज करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने रेखांकित किया कि वथाकर के खिलाफ जांच प्रक्रिया पारदर्शी और उचित तरीके से की गई और उसे अपनी बात रखने का उचित मौका दिया गया। अदालत ने कहा शैक्षणिक संस्थान वह स्थान होता है, जहां पर अनुशासन के उच्च मानक की उम्मीद की जाती है, ताकि विद्यार्थियों के लिए उदाहरण पेश किया जा सके। इसी प्रकार किसी भी शिक्षण संस्थान की ख्याति के लिए ऐसे अनुशासन को बनाए रखना निश्चित तौर पर जरूरी है।

#### दुर्व्यवहार किसी संस्थान में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता: कोर्ट

हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी कर्मचारी का उदंड और अवज्ञाकारी व्यवहार किसी संस्थान में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। खासतौर पर शैक्षणिक संस्थान में। अदालत ने टिप्पणी की कि दुर्भाग्य से आजकल अव्यवस्था और उपद्रव (फैलाने) वाले व्यवहार को प्रोत्साहन मिल रहा है। समाज को यह स्पष्ट संदेश दिया जाए कि इस तरह के असभ्य, अनियंत्रित और हिंसक व्यवहार को स्वीकार्य मानदंड बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

# 3 साल के लिए बंद होगा झकरकटी बस अड्डा

## पीपीपी मॉडल के तहत किया जाएगा हाईटेक, कई सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी, साल के अंत तक शुरू होगा काम

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा 3 साल के लिये बंद होने जा रहा है। पीपीपी मॉडल के तहत इस बस अड्डे को हाईटेक बनाने का टेंडर पास हो चुका है। बस अड्डे के रीडेवलपमेंट में आधुनिक सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए सुपर मेगा मार्केट, वातानुकूलित प्रतीक्षालय और 7 मंजिला भवन बनाकर प्रशासनिक और परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं को एकीकृत किए जाने की योजना है।

इस काम पर 160 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अधिकारियों का मानना है कि इस साल के अंत तक काम शुरू हो सकता है।

झकरकटी बस अड्डे पर प्रतिदिन करीब 1400 बसों का आवागमन होता है। प्रदेश के जिलों को जोड़ने के साथ दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा के लिए बस सेवा उपलब्ध कराता है। ऐसे में परिवहन निगम अधिकारियों के सामने सबसे बड़ी समस्या ये है कि 3 साल के लिये झकरकटी बस अड्डा बंद होगा तो बसों का संचालन कैसे और कहां से किया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने झकरकटी बस अड्डा के एआरएम महेश कुमार के साथ प्रशासन से मिलकर बस अड्डा संचालन के लिए कई स्थान बताते हुए जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। पहले रेल बाजार थाना के सामने ईदगाह ग्राउंड से मिली जमीन पर बस अड्डा शिफ्ट करने की योजना बनी, लेकिन यहां बड़ी संख्या में बसों का समायोजन संभव नहीं है।

इस पर तय हुआ कि रेलबाजार थाना के सामने, नौबस्ता के पहले गल्ला मंडी के पास, जाजमऊ, विजय नगर चौराहा और सिग्नेचर सिटी नवाबगंज, चुन्नीगंज तथा रावतपुर बस अड्डे से बसों का संचालन किया जा सकता है। ऐसा करने से एक स्थान पर बसों का लोड नहीं पड़ेगा और शहर में जाम नहीं लगेगा।



झकरकटी बस अड्डा समतल नहीं है जिससे बसें हिचकोले खाती हैं। अमृत विचार

"झकरकटी बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिकीकरण होना है। काम के दौरान बस अड्डे को रेल बाजार थाना के सामने पड़े मैदान समेत शहर की सीमाओं पर ले जाने की योजना है। इसके लिए जमीन देखी जा रही है। टेंडर हो चुका है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा।"

–महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा

- रेल बाजार थाने के सामने मैदान और शहर की सीमाओं से होगा बसों का संचालन

### पूर्वांचल की बसें सिग्नेचर बस अड्डे से चलेंगी

- पूर्वांचल के जिलों की बसों को सिग्नेचर सिटी बस अड्डे से संचालित करने की योजना है, ये बसें गंगा बैराज, सरैया क्रासिंग, मरहला चौराहा होते अचलगंज निकल जाएंगी। योजना के मुताबिक सिग्नेचर सिटी बस अड्डा से गोरखपुर, देवरिया, बलिया, रसड़ा, बेल्थरा रोड, आजमगढ़, जौनपुर, प्रतापगढ़, अकबरपुर, बस्ती, गोंडा आदि जिलों की बसों का संचालन होगा।

### प्रोजेक्ट में होने हैं यह काम

| | |
|---|---|
| 50 | बस प्रस्थान प्लेटफार्म बनाए जाएंगे |
| 50 | बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी |
| 10 | पार्किंग में चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे |
| 01 | टू व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था होगी |
| 01 | फोर व्हीलर पार्किंग की सुविधा मिलेगी |
| 35 | सौ स्क्वायर मीटर में प्रतीक्षालय |
| 01 | हजार स्क्वायर मीटर में एसी वेटिंग रूम |
| 120 | स्क्वायर मीटर में कैंटीन फूड कोर्ट |
| 40 | स्क्वायर मीटर में क्लॉक रूम |
| 50 | स्क्वायर मी. में इंक्वायरी व बुकिंग काउंटर |

## 50 बूथों का सर्वे कर आकलन करेगी पीडीए टीम

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के बूथ प्रभारियों, पीडीए सर्वे की युवा टीम, वार्ड प्रभारियों व प्रबुद्ध वर्गों की बैठक हुई। कहा गया कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 48 मतदान केंद्रों के 275 बूथ हैं। प्रथम चरण में पीडीए की सर्वे टीम, बूथ प्रभारी व वार्ड प्रभारियों ने सभी मतदान केंद्र के 1500 मतदाताओं से संपर्क शुरू कर दिया है। तीन सितंबर से दूसरे चरण के मतदान केंद्रों के 50 बूथों पर सभी परिवार से संपर्क किया जाएगा। परिवार के सदस्य की तरह उनसे पीडीए टीम संपर्क का आकलन करेगी। मतदाता सूची में ऑनलाइन नाम दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, सैयद जुनेद, संजय निषाद, राजू पहलवान अंसारी, इशरत इराकी, वरुण जयसवाल, आसिफ कादरी, इसरार अंसारी, अब्दुल हामिद, जस्वेन्द्र निषाद आदि रहे।

## कृष्णा नगर में जगमगा रही नेत्रदान की रोशनी

समाजसेवा

- 212 लोग अब तक कर चुके कार्निया का दान, 428 नेत्रहीन लोगों के जीवन से दूर किया अंधेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्रीकृष्ण के नाम पर बसा शहर का कृष्णा नगर लगातार लोगों की आंखों का अंधेरा मिटाकर जिंदगी रोशन कर रहा है। बीते 18 साल में कृष्णा नगर के 212 लोगों के नेत्रदान करने से आज 428 लोग दुनिया देख रहे हैं। कृष्णा नगर से 2006 में नेत्रहीनों को रोशनी देने के संकल्प की शुरुआत हुई थी। यहां के पूर्व पार्षद समाजसेवी मदन लाल भाटिया नेत्रदान प्रेरक हैं। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी कुंदन लाल भाटिया की प्रेरणा से परचून दुकानदार अमित की मां सीता भाटिया का पहला नेत्रदान कराया गया था।



पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया।

### पाकिस्तान से 350 परिवार आए थे

- मदन लाल भाटिया ने बताया कि 1947 में बंटवारे के समय पाकिस्तान के कंधार बार्डर स्थित डेरा इस्माइल खां से यहां करीब 350 परिवार आए थे। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की डॉ.शालिनी मोहन कार्निया दान में सहयोग करती हैं।

इसके बाद लोग अपनों के निधन के बाद उनके कार्निया दान करने के लिए आगे आए। सीता के पति बलदेव राज का निधन 2014 में होने पर परिजनों ने उनका कार्निया दान किया। श्री नागर जी सेवा दल कार्निया दान में हाथ बंटाता है। किसी की मृत्यु होने पर संस्था के सुदेश कुमार भाटिया अंतिम संस्कार, गुलशन कुमार अस्थि विसर्जन और मनीष कुमार श्मशान घाट की व्यवस्था देखते हैं।

# कल खुलेंगे रिंग रोड के दो पैकेजों के टेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टेक्निकल बिड का चयन होने के बाद तय की जाएगी फाइनेंशिएल बिड

**अमृत विचार।** 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना के पैकेज-2 (ए) व (बी) के टेंडर 29 अगस्त को दिल्ली मुख्यालय में खोले जाएंगे। टेक्निकल बिड में चयनित होने वाली कंपनियां तय होने के बाद फाइनेंशिएल बिड में कार्यदायी संस्था का चयन किया जाएगा।

रिंग रोड परियोजना 7800 करोड़ की है। 1754 करोड़ की लागत से बनने वाले 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज एक (मंधना से सचेंडी) व 1604 करोड़ की धनराशि से तैयार होने वाले पैकेज चार (मंधना से रमईपुर) का टेंडर राज कारपोरेशन लिमिटेड को दिया गया है। वहीं ऋषिकेश की हिलवेज कंपनी को 613 करोड़ की लागत से 19.235 किलोमीटर लंबे पैकेज तीन (रमईपुर से आटा) तक के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा पैकेज टू (ए) महाराजपुर से ट्रांसगंगा सिटी व पैकेज टू (बी) ट्रांसगंगा सिटी से आटा में बांटा गया है। तीन पैकेजों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पैकेज दो की टेंडर प्रक्रिया काफी समय से लंबित पड़ी हुई थी। परियोजना निदेशक अमन रोहिला ने बताया कि 29 अगस्त को दिल्ली मुख्यालय में शेष पैकेज के टेंडर खोले जाएंगे। इसके बाद काम में तेजी आएगी।

## प्रॉपर्टी की साझेदारी में लाखों हड़पे, रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के नारामऊ निवासी श्याम सिंह चौहान ने अपने साझेदारों के ऊपर 10 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बैरी अकबरपुर कछार में उनके साझेदारों और उन्होंने मिलकर किसानों से जमीन का एग्रीमेंट कराया था, जिसमें उन्होंने 10 लाख रुपये दिए थे पर उसके बाद साझेदारों ने बिना बताए कई प्लॉट बेच दिए। इसकी जानकारी जब उन्हें मिली तो उन्होंने अपना पैसा और लाभ मांगा। इसके बाद वह लोग जान से मारने की उनको धमकी देने लगे।

इस संबंध में न्यायालय के आदेश पर कल्याणपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गृहकर बढ़ाकर बिल भेजना बंद करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जो लोग गृहकर जमा कर चुके हैं, उनके यहां गृहकर का बिल बढ़ाकर भेजा जा रहा है। पहले किसी सक्षम एजेंसी से सर्वे कराया जाए, उसके बाद गृहकर पर कोई फैसला लें। कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए ये मांग की।

मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने नगर आयुक्त से मुलाकात करके उन्हें ज्ञापन सौंपा। कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्रा, संजीव दरियाबादी, सोहिल अख्तर अंसारी ,पवन गुप्ता, पार्षद हाजी अमीम खान आदि ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वर्ष 2024 में गृहकर में वृद्धि की जा चुकी है। उसको वर्ष 2022 से लागू किया जाना अनुचित है और जो लोग पिछले साल का गृह कर जमा कर चुके हैं उनके बिल में बढ़ा हुआ गृहकर का बिल भेजना बंद किया जाए। पार्षद हाजी मोहम्मद अमीम खान ने कहा कि गृहकर का जो बिल लोगों को भेजा जा रहा है, उसमें बहुत गलतियां हैं, पहले इन गलतियों को ठीक करायें, उसके बाद बिल भेजें। कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि त्योहारों का समय है लेकिन शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सड़कों पर गड्ढे हैं जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है। कई मोहल्लों में अंडरग्राउंड लाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई हैं। लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई। इस मौके पर पूर्व पार्षद कमल शुक्ला बेबी, दिलीप शुक्ला, पी एस बाजपेई, श्यामदेव सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, नीरज तिवारी, पद्म मोहन मिश्रा ,लल्लन अवस्थी आदि थे।



गृहकर बिल बढ़ोत्तरी को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता।

- नगर आयुक्त से मिले कांग्रेसी, सड़कें ठीक कराने की भी मांग

अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811





Call: 6389489489, 9555580327

# ऑटो चालक की मौत पर हंगामा, जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में कानपुर इटावा नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में साइड से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। नाराज परिजनों ने ग्रामीणों के साथ हंगामा कर हाईवे पर जाम लगा दिया। इससे हाईवे पर वाहनों की कतार लग गईं।करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसकर परेशान हुए। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

कानपुर देहात के बसई नौबस्ता शिवली निवासी ऑटो चालक 34 वर्षीय विष्णु कमल मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे ऑटो लेकर जा रहा था। वह भौंती बीपीसीएल पंप के सामने पहुंचा ही था कि नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में साइड से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो ट्रक और रेलिंग के बीच दब गया। विष्णु कमल की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों क्षतिग्रस्त वाहन हाईवे पर तिरछे खड़े रहे। सचेंडी हाईवे पर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम में कई किलोमीटर तक वाहन फंसे खड़े रहे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर हटवाया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात चालू कराया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



ट्रक की टक्कर से रेलिंग में घुसा ऑटो। अमृत विचार

- सचेंडी में नेशनल हाईवे पर जाम लगाया,एक किमी तक लगी रहीं वाहनों की कतारें

## बच्चों के विवाद में भिड़े दो पक्ष, रिपोर्ट

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में बच्चों के विवाद में दो पक्षों में गालीगलौज और मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

छावनी के जाजमऊ कुरियन खपरैला निवासी पूनम के अनुसार सोमवार दोपहर को वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी इलाके के निहाल, कुनाल, सूजल, गोविंद गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। घटना में पूनम के देवर के सिर पर चोट लग गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष की नीतू कनौजिया ने बताया कि बच्चे खेल-खेल में झगड़ा करने लगे।

इस पर दूसरे पक्ष के गुड्डू, सरदार, नीरज और धीरज बेटे कुनाल से गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। उनसे भी मारपीट की।

# पूर्व एमएलसी पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट झूठी निकली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पांडु नगर स्थित निर्माणाधीन भूखंड पर कब्जा करने के लिए बिल्डर ने पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह और उनके बेटे समेत अन्य पर छेड़छाड़ और एससीएसटी एक्ट का मुकदमा कराया था। मामले की जांच कर रहे स्वरूप नगर एसीपी की जांच में घटना झूठी पाई गई।

पांडु नगर निवासी बिल्डर की बेटी ने 11 जुलाई 2024 को काकादेव थाने में अशोक नगर निवासी पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह और उनके बेटे सुमित सिंह समेत अन्य के खिलाफ छेड़छाड़ और एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की विवेचना एसीपी स्वरूप नगर शिखर कर रहे थे। जांच के दौरान उन पर लगाए गए आरोप झूठे पाए गए। जिसके बाद 29 जुलाई को मुकदमे में एसीपी स्वरूप नगर ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी। इसके साथ ही झूठा मुकदमा लिखाने के आरोप में वादिनी के खिलाफ धारा 182 की कार्रवाई करने के लिए न्यायालय में रिपोर्ट भेजी। पूर्व एमएलसी व गुरुसिंह सभा के चेयरमैन सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि उनके भूखंड पर कब्जा करने के उद्देश्य से बिल्डर ने अपनी बेटी के माध्यम से झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। काकादेव प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा झूठा पाया गया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै ज्ञान प्रकाश पुत्र राम दयाल पता–धानेपुर तहसील व जिला –गोण्डा। मेरा एक बैनामा दस्तावेज जो उपनिबन्धक कार्यालय गोण्डा दिनांक 28.12. 2007, बुक सं0–1, जिल्द सं0–4591, पेज 399 से 468, कमांक सं0–12797 कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिल सका है। जिस किसी को मिले मो0. 9838343062 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

**सूचना**

पहले मेरा नाम RUBY KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHSEENA BANO रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: MOHD RAEES, VILL CHAKMUSHI POST WALLIPUR THANA BALDIRAI SULTANPUR, UTTAR PRADESH - 227812**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है की **नसीबा खातून पत्नी फतेह मोहम्मद, निवासिनी– शेखपुरम, राजाजीपुरम, लखनऊ** अपने उपरोक्त निवास सहित समस्त चल व अचल संपत्ति से अपने छोटे पुत्र गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने एवं घर परिवार में लड़ाई झगड़ा मारपीट इत्यादि करने के कारण दिनांक 30.07.2024 को अपने छोटे पुत्र गुड्डू से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है तथा किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार मुझे व मेरे परिवार से नही रह गया है तथा गुड्डू द्वारा किए गए प्रत्येक कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम BINDA DEEN से बदलकर BINDA DEEN KANAUJIA S/o BHAGUATI PRASAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पता– **एस. एस. 1045 सेक्टर–एच0, एल0 डी0ए0 कालोनी, लखनऊ–226012**

**सूचना**

सूचित हो कि **हजारी लाल उर्फ इंद्रपाल पुत्र राम आसरे, निवासी– ग्राम जिहवा पोस्ट महाराजगंज जिला रायबरेली** का निवासी हूं। भा.जी.बी.निगम शाखा द्वितीय रायबरेली में पॉलिसी संख्या 211827 456 है। बैंक में मेरा नाम इंद्रपाल अंकित है, जबकि आधार कार्ड में हजारी लाल है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि **रिशांक उर्फ मयंक पुत्र संतोष कुमार, निवासी– ग्राम खेतोधन, पोस्ट–दोहरी ,जिला–रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा भा. जी. बी. निगम शाखा द्वितीय रायबरेली में पॉलिसी संख्या 275138631 है। उपरोक्त पालिसी में नाम मयंक दर्ज है, जबकि उसके अन्य सभी दस्तावेजों में रिशांक दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि **मुकेश उर्फ लल्ला पुत्र सुखलाल ग्राम जगन्नाथपुरी पोस्ट तिवारीपुर सलोन** का निवासी हूं। भा. जी. बी. निगम शाखा द्वितीय रायबरेली में पॉलिसी संख्या 275168562 है। पॉलिसी में लल्ला नाम दर्ज है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मुकेश दर्ज है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि **अजय कुमार पुत्र रामपाल ग्राम–पेरा मजरे पृथ्वीपुर, पोस्ट – रामीपुर सलोन जिला रायबरेली** का निवासी हूं। भा.जी.बी.निगम शाखा द्वितीय रायबरेली में पॉलिसी संख्या 214037375 है। पॉलिसी में दुकई वर्मा नाम अंकित है। अजय कुमार और दुकई वर्मा मेरे ही नाम है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र उमरान व पुत्रवधू रहनूमा पत्नी उमरान व नाती का चाल चलन सही न होने कारण उनसे संबध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य से मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कार्यो के स्वंय जिम्मेदार होंगे। **सहनूर खां पुत्र जमीर खां निवासी गुरौली थाना ठठिया जनपद– कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि **निर्मला उर्फ भुल्लन पत्नी सूरज निवासी ग्राम जगन्नाथपुरी पोस्ट तिवारीपुर सलोन रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी भा.जी. बी. निगम शाखा द्वितीय रायबरेली में पॉलिसी संख्या 275168556 है। पॉलिसी में निर्मला दर्ज है, जबकि अन्य दस्तावेजों में भुल्लन अंकित है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

मेरा एककिता प्लाट स्थित मो0 श्यामनगर शहर लखीमपुर परगना व जिला खीरी क्षेत्रफल 1265 वर्ग फिट यानी क्षेत्रफल 117.565 वर्गमीटर गाटा सं. 1044 को कृष्ण कुमार पुत्र श्री राम गोपाल, निवासी मो0 द्वारिकापुरी शहर लखीमपुर जिला खीरी से क्रय किया था। जिसका पंजीयन बही, जिल्द 2226 के पृष्ठ 311 से 318 क्रमांक 299 पर दिनांक 11–01–2002 SRO लखीमपुर खीरी में रजिस्ट्रीकृत हैं जिसकी चौहद्दी पूरब– रास्ता 13 फिट, पश्चिम रास्ता 16 फिट, उत्तर रास्ता 16 फिट तथा दक्षिण प्लाट मधू गुप्ता का है। मेरा मूल बैनामा वास्तव में खो गया है। **–गजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र सूरजप्रसाद गुप्ता, नि0मो0 श्यामनगर, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला खीरी।**

**NOTICE**

In my Army records my wife's name was wrongly admitted as Rita (रिता) while as her actual name is Reeta (रीता) under my Id No..14833220-F, Rank-HAV/MT. Now I am applying for its correction. Any person having any objection may contact the concerned authority within a week at the most. **RAMHARSH YADAV S/O SHRI KANHAIYA LAL YADAV R/o VILLAGE DEVI BAKSH POST PRAHLADPUR Teh. + PS-UNCHAHAR, DISTRICT RAEBARELI (UP)- 229404.**

परेशानी | सुजातगंज में बुनकरों के करीब 10 हजार परिवार भुखमरी की कगार पर, 10 घंटे काम करने पर मिलती 500 रुपये दिहाड़ी

# बुनकरों की जिंदगी बदहाल, बच्चे शिक्षा को मोहताज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरकारी योजनाएं बंद होने से बुनकरों की जिंदगी में गरीबी और बेबसी का अंधेरा बढ़ता जा रहा है। तमाम परिवारों में बच्चों की पढ़ाई छूट गई है और वह घर खर्च के लिए छोटा-मोटा काम करने के लिए मजबूर हैं। सुजातगंज में करीब 10,000 परिवार पावरलूम और हथकरघा चलाते हैं लेकिन इनको दिन में 10 घंटे काम करने पर 500 रुपये दिहाड़ी नसीब होती है। महंगाई के दौर में इतनी कम आय से बमुश्किल परिवार का पेट ही भर पाता है।

बुनकरों का कहना है कि अब उनके पास दरी बनाने का काम ही शेष रह गया है। पहले हथकरघा के कपड़ों और सूत पर सब्सिडी मिलती थी, लेकिन ये छूट सरकार ने खत्म कर दी है। हाथ के बने कपड़ों की प्रदर्शनी में सरकार बुनकरों को 2 प्रतिशत छूट देती थी लेकिन अब तो सूत पर भी जीएसटी देना पड़ रही है।




सुजातगंज में पावरलूम पर दरी बनाता बुनकर। अमृत विचार

### हथकरघा कपड़ों पर जीएसटी हटाएं, बुनकर आयोग बनाएं



राष्ट्रीय बुनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष असलम अंसारी का कहना है कि घाट से लेकर कब्रिस्तान तक, नेता से लेकर मंत्री तक सब हाथ का बना कपड़ा पहनते हैं, लेकिन हाथ से बनाये जा रहे इन कपड़ों पर भी जीएसटी लगा दी गई है। बुनकरों के लिए सरकारी योजना नहीं है। हथकरघा की दरी, चादरों पर जीएसटी समाप्त की जाए। प्रधानमंत्री श्री विश्वकर्मा योजना से बुनकरों को रोजगार उपलब्ध कराएं। यूपी में बुनकर आयोग गठित हो। पावरलूम बुनकरों को पूर्व में मिल रही छूट बहाल हो।



- 1969 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह ने दरी की बुनाई पर 2 प्रतिशत टैक्स खत्म कर दिया था। 1972 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पूरे देश में टैक्स खत्म किया था, लेकिन अब जीएसटी देना पड़ता है। –मोहम्मद सादिक



- सुजातगंज में बेटियों के लिए कोई स्कूल नहीं होने से कई किमी दूर पढ़ाई करने जाना पड़ता है, बुनकरों की आर्थिक हालत ऐसी नहीं है कि वे बच्चों के लिये स्कूली वाहन लगाएं। सुजातगंज में गर्ल्स कालेज खोला जाए। –मोहम्मद जीशान



- बुनकरों के परिवारों की बदहाली देखते हुए उनके बच्चों के लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था की जाए। सरकार बुनकरों को सस्ते रेट पर सूत उपलब्ध कराए। सरकारी योजनाएं लाई जाएं। –मोहम्मद नायाब

## दुकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किए 25 हजार

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में ग्रासरी दुकान का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी समेत दस्तावेज पार कर दिए। मंगलवार सुबह दुकान पहुंचने पर पता चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

गोविंद नगर 11 ब्लॉक निवासी अमित निझावन की गोविंद नगर मेन रोड स्थित सोहम्स स्वीट के सामने मीनू स्टोर के नाम से ग्रासरी की दुकान है। बताया कि बीते 21 अगस्त की रात 11 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। देर रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर उसमें रखे 25 हजार रुपये, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड पार कर दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

**आज का मौसम**

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

33.4° अधिकतम तापमान | 26.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 46 | सूर्यास्त 06 : 34

**शहर में आज**

- **कैंप :** पीएम श्री केवीएस कैंट में राज्य स्तरीय कैंप का उद्घाटन सुबह 11 बजे।
- **निरीक्षण :** भाजपा पदाधिकारियों द्वारा सीएम योगी आगमन से पहले सभा स्थल का निरीक्षण, जीआईसी मैदान, 2 बजे।
- **बैठक :** श्रेत्रीय श्रम संस्थान में क्षेत्रीय बैठक, देवकी चौराहा सर्वोदय नगर, सुबह 11 बजे

**एक नजर**

### गृहकर आपत्ति दूर करने को आज लगेगा कैंप

कानपुर। गृहकर के गलत बिलों के संशोधन के लिए बुधवार को वार्ड 23 कल्याणपुर आवास विकास के महाबलीपुरम में नगर निगम कैंप लगायेगा। दद्दू होटल महाबलीपुरम में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कर निर्धारण, आपत्तियों के निस्तारण व गृहकर वसूली संबंधित कार्य होंगे। जोन 6 के जोनल अधिकारी ने करदाताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश दिये हैं।

# सीडीआर से खुलेंगे अवनीश के संपर्क और कई राज

- पुलिस ने निकाली फोन नंबर की कॉल डिटेल, खंगाले जा रहे कनेक्शन
- वाट्सअप मैसेज, मैसेंजर्स, टेक्सट मैसेज की जानकारी की जा रही



**जमीन का जुर्म**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुलिस ने अवनीश दीक्षित के फोन नंबर की कॉल डिटेल निकाली है। जिसमें वे नंबर मिले हैं, जिनसे अवनीश कई बार और लंबी कॉल करता था। इन नंबरों को फिल्टर करने के बाद पूछताछ शुरू की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लगभग 15 साल से अवनीश ने फोन तो एक से एक महंगे लिए लेकिन सिंडिकेट न टूटे इसलिए नंबर नहीं बदला।

एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि सीडीआर के नंबर फिल्टर करने के बाद अवनीश से हर नंबर पर पूछताछ की गई, जो भी जवाब मिले वे रिकॉर्ड कर लिए गए। इन जवाबों को लिंक कर सत्यापित किया जा रहा है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि ज्यादातर नंबर सीडीआर से मिल गए हैं, वाट्सअप मैसेज, मैसेंजर्स, टेक्सट मैसेज की जानकारी की जा रही है। सीडीआर से मिले नंबरों में से कई का लिंक मिल गया है। जिस पर तकनीकी टीम काम कर रही है। लिंक खुलने पर कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

**फरार आरोपी पर घोषित होगा इनाम**

- सोशल मीडिया पर मंगलवार को कुछ वीडियो वायरल हुए। जिसमें एक प्रतिष्ठित मीडिया सेंटर के दो रिपोर्टर पर रुपये मांगने और एक सीनियर पुलिस अधिकारी की दलाली करने की बात कहते हुए 50 लाख रुपये की मांग करने की बात कही है। ये मैसेज सोशल मीडिया पर कर्नलगंज और नजीराबाद थाने से वांछित कमलेश फाइटर ने वायरल किए। इस संबंध में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि मैसेज कहां से फ्लो किया गया, इसकी जांच की जा रही है। फरार कमलेश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया जाएगा।

**न आने पर होगी कार्रवाई**

- डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि आनंदेश्वर एसोसिएट्स के डॉयरेक्टर्स को नोटिस देकर बुलाया गया है। कंपनी के अमित सिंह उर्फ मीतू, जीतेश झा को नोटिस देकर बुलाया गया। लेकिन वे मंगलवार शाम तक बयान देने विवेचक के पास नहीं आए। अमित सिंह ने बुधवार को आने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अगर वह नहीं आते हैं तो उनके खिलाफ लोकसेवक का आदेश न मानने की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रापर्टी डीलर से वसूली में छह पर एफआईआर

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में रहने वाले एक प्रापर्टी डीलर ने वसूली से त्रस्त आकर पत्रकार समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पी ब्लॉक यशोदा नगर निवासी गौरव पांडेय ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह प्रापर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं। बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में रहने वाले पत्रकार आशीष अवस्थी, प्रदीप राठौर, शोभित सिंह, विक्रान्त सिंह व दो अन्य लोग रुपयों की मांग करने लगे। उन्होंने कहा कि तुमने कई मकान खरीदे बेचे हैं जिसमें उन लोगों को भी हिस्सा देना पडेगा व दस हजार रुपये की मांग की। 18 अप्रैल को रात 11 बजे इन लोगों ने देवकी नगर से घर तक पीछा किया। जिससे भयभीत होकर इन लोगों को 5000 रुपये दे दिए। 27 अप्रैल को फिर पैसे मांगे। कहा, हर माह 10 हजार रुपये दो। नौबस्ता इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पत्रकार आशीष अवस्थी, प्रदीप राठौर, शोभित सिंह, विक्रांत सिंह और दो अन्य व्यक्तियों पर रंगदारी और धमकाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

## जुआ माफिया के गुर्गों को भगाने में चौकी प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में लांउज में कर्नलगंज पुलिस को मिली थी सटीक सूचना

**अमृत विचार।** प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित और जुआ माफिया मासूम अली के कुछ साथियों को सटीक सूचना पर स्वरूप नगर में पुलिस पकड़ने गई थी। इस दौरान लाउंज में पहुंचने से पहले ही नजीराबाद थाने की जेके मंदिर चौकी प्रभारी ने दबिश में शामिल एक दरोगा को फोन करके भ्रमित करते उनके थाने में पुलिस कमिश्नर पहुंचने की बात कही थी। जिससे पुलिस रुक गई और अपराधी लाउंज से भाग निकले थे। इस तरह भ्रमित करने पर मामले की जांच एडीसीपी सेंट्रल कर रहे थे। जिनकी जांच रिपोर्ट डीसीपी सेंट्रल को सौंपने के बाद चौकी प्रभारी को निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी गई है।

कर्नलगंज पुलिस ने पिछले दिनों कुली बाजार निवासी मासूम अली को गिरफ्तार किया था। आरोपी के साथी नावेद, तलहा सफीक उर्फ जैन, राजा बरक और शारिक भाग निकले थे।

मासूम अली के पास मिली डायरी में शहर के पत्रकार शनि जायसवाल, लकी ठाकुर, राजा अहिरवार, विकास अवस्थी के नाम लिखे थे। यह सभी नाम अवनीश दीक्षित के करीबी हैं। शनिवार को कर्नलगंज पुलिस को सफीक उर्फ जैन के संबंध में जानकारी मिली थी। इंस्पेक्टर कर्नलगंज टीम के साथ उसे पकड़ने के लिए रवाना हुए। रास्ते में जेके मंदिर चौकी प्रभारी राजन मौर्या ने दबिश टीम में शामिल एक दरोगा को फोन कर बताया कि उनके यहां पुलिस कमिश्नर पहुंच रहे हैं। इस सूचना की वजह से जांच टीम को छापा मारने में दस मिनट का विलंब हुआ और फायदा उठाकर शातिर आरोपी भाग निकले। इस मामले में एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार के निर्देशन में जांच की गई। अधिकारियों ने जांच में उसे दोषी पाया और निलंबित कर दिया।

### असलहों के साथ दिखे युवकों के बयान लिए जा रहे

कानपुर। सिविल लाइंस में नजूल की बेशकीमती 1000 करोड़ की मैरी एंड मैरीमैन की जमीन पर साथियों के साथ कब्जा करने के प्रयास में जेल में बंद प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की अपने कई साथियों के साथ असलहों लिए फोटो वायरल हुई थी। क्राइम ब्रांच की टीम फोटो में चिन्हित चेहरों के बारे में जानकारी कर फोन करके एक-एक करके बयान दर्ज कर रही है। सभी के बयान दर्ज होने के बाद इसकी रिपोर्ट बनाकर आगे अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। 3 अगस्त 2024 को कमिश्नरेट पुलिस को कुछ वर्ष पुरानी अवनीश दीक्षित और उसके साथियों के साथ ऑटोमैटिक असलहे लिए हुए एक फोटो हाथ लगी थी। फोटो में कुल आठ लोग हैं जिनमें से पांच लोग पत्रकारिता से जुड़े हैं। सूत्रों ने बताया कि ये फोटो गंगाबैराज के पास एक गांव की थी। क्राइम ब्रांच की टीम फोटो में चिन्हित चेहरों की पहचान कर उनको रेलबाजार स्थित ऑफिस बुलाकर बयान दर्ज कर रही है। इस फोटो के अलावा एक और कथित पत्रकार की असलहों के साथ फोटो मिली थी। मंगलवार को क्राइम ब्रांच ने उसे फोन करके बयान के लिए बुलाया। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि यह गंगाबैराज किनारे स्थित कन्हवापुर गांव की कटरी में बाघ के आने के बाद वनरक्षकों के असलहों की फोटो थी। इस मामले में कुछ दिन पहले गिरफ्तारी के डर से एक पत्रकार के कैमरामैन ने डाई पी ली थी। परिजनों ने उसका इलाज निजी नर्सिंग में होम कराया था।

### कथित पत्रकार और उसका गैंग मांग रहा रंगदारी

- रावतपुर निवासी ठेकेदार ने कथित पत्रकार पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पहले कथित पत्रकार और उसके गैंग ने उनके खिलाफ फर्जी खबर चलाकर मुकदमा दर्ज कराया। उसके बाद खबर रोकने के नाम पर पत्नी से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित ठेकेदार ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी मुलाकात एक शख्स से हुई जो मसवानपुर में दो हजार गज जमीन पर प्लाटिंग कर बेच रहे थे। उन्होंने काकादेव के रहने वाले युवक को 60 गज का प्लॉट बिकवाया था। आरोप है कि कथित पत्रकार उसके गुर्गे समेत अन्य प्लॉट बिक्री का कमीशन नहीं मिलने पर उनके खिलाफ फर्जी खबरे चलाने लगे। आरोपियों ने उन पर धोखाधड़ी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवा तक दिया। पत्नी के जेवर बेचकर उन्हें 30 हजार रुपये दिए। अब 70 हजार रुपये और मांग रहे हैं। इस मामले में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि पीड़ित उनके पास नहीं आए और न ही थाने गए।

## शिकायत निस्तारण में की अनदेखी 71 विभागों को नोटिस दिए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जल निगम, सीएमओ, केस्को, वन व चकबंदी विभाग में शिकायतें सबसे ज्यादा

**अमृत विचार।** शिकायतों के निस्तारण में अनदेखी और लापरवाही करने वाले 71 विभागों को जिलाधिकारी ने नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। कहा कि यह स्थिति ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री संदर्भ में भेजी गई आख्या में खामियों को दूर कराने की हिदायत दी है। आख्या में सबसे अधिक लापरवाही जल निगम, सीएमओ, केस्को, वन व चकबंदी समेत अन्य विभागों की हैं। जिलाधिकारी ने इन विभागों को हिदायत दी है।

आइजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण में जिले को जून माह में 72वीं रैंक मिली थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने निगरानी शुरू की तो जुलाई की रैंकिंग में सुधार आया और रैंकिंग 56वें नंबर पर पहुंची।

अब जिलाधिकारी ने जुलाई की रैंकिंग की समीक्षा की है। इसमें पता चला कि जल निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चकबंदी, वन, केस्को, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा समेत सात विभागों में सबसे ज्यादा लापरवाही है। इन विभागों में डिफाल्टर संदर्भ यानी असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है। इन विभागों सहित 71 विभाग जनता की सुनवाई करने में लापरवाही बरत रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही का कारण पूछने के साथ हिदायत भी दी है। उन्होंने कहा है कि अगस्त की रैंकिंग में सुधार दिखना चाहिए। निस्तारण व आख्या भेजने में लापरवाही हुई और शिकायतकर्ता असंतुष्ट मिले तो कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## दो दुकानों के ताले तोड़ कर पार की नकदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुजैनी थानाक्षेत्र का मामला सीसीटीवी में कैद आरोपी

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में सोमवार रात दो दुकानों का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, इनवर्टर व बैट्री पार कर दी। मंगलवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकान मालिक ने ताला टूटा देखकर पुलिस को सूचना दी। आसपास के सीसीटीवी में ऑटो सवार चोर कैद हो गए।

मेहरबान सिंह का पुरवा निवासी अमन कुमार दीक्षित ने बताया कि तात्या टोपे नगर से मेहरबान सिंह का पुरवा जाने वाले रास्ते पर मौजूद पुल से कुछ दूर उनकी फास्ट फूड की दुकान है। देर रात 11 बजे करीब वह दुकान में ताला लगाकर घर चले गए थे। देर रात चोर आए और दुकान के ताले तोड़ दिये। सेंट्रल लॉक साबड़ से तोड़ दुकान में घुस गए। चोरों ने गोलक में रखी 35 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। इसके बाद चोरों ने बगल में स्थित दिनेश गुप्ता की डेयरी शॉप का भी ताला तोड़ा और वहां से 15 हजार रुपये, बैट्री व इनवर्टर पार कर ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले हैं, जिसमें कुछ संदिग्ध ऑटो से आते दिखे हैं। गुजैनी थाना प्रभारी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### अनदेखी ...



बगिया क्रासिंग से आवास विकास परिषद मुख्यालय के सामने से होकर गुजरने वाले फोर लेन मार्ग की स्थिति बदहाल है। सड़क पर बड़े- बड़े गड्ढे हैं। गिट्टी और बजरी उखड़ कर सड़क पर फैली हुई हैं। इस वजह से आए दिन हादसा होता है। जरा सी बारिश होते ही पानी गड्ढों में भर जाता है। इस वजह से दो पहिया वाहन अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। **अमृत विचार**

## एसएजी जांच में बोल्डर से इंजन टकराने की पुष्टि

**साबरमती हादसा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एनआईए व पुलिस की जांच का आकलन करने के बाद एसएजी सौंपेगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** झांसी रूट पर गोविंदपुरी से भीमसेन स्टेशन के बीच 16 अगस्त की रात साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर बांधे गए बोल्डर (रेल पटरी के टुकड़ा) से टकराने के कारण ही बेपटरी हुई थी। रेलवे की वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) कमेटी की जांच में यही बात सामने आई है। कमेटी ने तीन दिन में सेंट्रल स्टेशन के कम्युनिटी हॉल में 34 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए और स्थलीय निरीक्षण के साथ इंजन को देखा और परखा।



एसएजी कमेटी की स्थलीय जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई कि ट्रैक से बोल्डर बांधा गया था। इंजन की टक्कर से बोल्डर तिरछा हुआ और ट्रेन के 22 कोच डिरेल हो गए। साबरमती के चालक ने भी बोल्डर से इंजन टकराने की बात कही, जिसकी पुष्टि एसएजी जांच में हो गई। अब पुलिस और एनआईए की जांच रिपोर्ट का आकलन करने के बाद ही एसएजी टीम अपनी रिपोर्ट देगी। एनआईए पहले ही ट्रेन के गार्ड, लोको पायलट के साथ मौके पर जाकर स्थलीय जांच कर चुकी है। उसकी जांच अभी भी जारी है।

## युवक की हत्या में दंपति समेत तीन को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पत्नी से अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या करने वाले दंपति समेत तीन लोगों को जिला जज की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मृतक के भाई ने वर्ष 2019 में कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोषियों ने युवक को शराब पीने के बहाने बुलाकर घटना को अंजाम दिया था और उसका शव हाथ पैर बांध कर चेंबर में दफना दिया था।

वादी बृजेंद्र कुमार ने बताया कि उनका भाई गुलशन उर्फ बड़के पुताई का काम करता था। घर से कुछ दूरी पर रहने वाले विश्वनाथ की पत्नी सोनी उससे फोन पर बातचीत करती थी, जिस कारण विश्वनाथ कई बार गुलशन से मारपीट कर चुका था। बताया कि 29 अप्रैल 2019 की रात करीब 10:30 बजे विश्वनाथ ने भाई को फोन कर बुलाया, इसके बाद भाई वापस नहीं लौटा। अगले दिन वह विश्वनाथ के घर पहुंचा तो ताला बंद मिला। शक होने पर 1 मई की रात्रि 9:30 बजे विश्वनाथ का घर खुलवाने पर उसके शौचालय के चेंबर के पास मिट्टी खुदी मिली। चेंबर तोड़ा गया जिसमें गुलशन की हाथ पैर बंधी हुई लाश मिली। बृजेंद्र ने आरोपियों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला जिला जज प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। डीजीसी दिलीप अवस्थी व एडिशनल डीजीसी ओंकारनाथ वर्मा ने बताया कि कोर्ट ने आरोपी विश्वनाथ, उसकी पत्नी सोनी व साले अनिकेत उर्फ नमन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।



- पत्नी से अवैध संबंधों के शक में साले के साथ मिलकर की थी वारदात
- जिला जज की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 30-30 हजार जुर्माना भी लगाया

### विश्वनाथ के बुलाने पर उसके घर जा रहा

- मृतक की बहन पूजा ने बताया कि घटना के चार महीने पहले विश्वनाथ, साले नमन व एक अन्य ने उसके भाई को काफी मारा पीटा था। पूजा ने बताया कि 29 अप्रैल को उसके भाईके पास विश्वनाथ का फोन आया था। जिस पर भाई ने बताया कि विश्वनाथ के उसे घर बुलाया है। अगर उसके साथ कोई घटना होती है उसका जिम्मेदार विश्वनाथ, उसकी पत्नी सोनी व साला नमन होगा।

### गुलशन घर आता-जाता था बदनामी हो रही थी

- पूछताछ के दौरान विश्वनाथ ने बताया कि गुलशन का उसके घर आना जाना था। इस दौरान उसके पत्नी से अवैध संबंध हो गए थे। कई बार मेरी अनुपस्थिति में गुलशन घर आने जाने लगा था। पूर्व में भी गुलशन को मैंने व मेरे साले ने पीटा था। कुछ दिन तक गुलशन ने घर आना जान बंद कर दिया। उसके बाद फिर आने जाने लगा, जिससे मेरी काफी बदनामी होने लगी। जिसके बाद 22 अप्रैल को मैंने अपने साले नमन के साथ हत्या की योजना बनाई।

## किशोरी से गैंगरेप के दोषी को 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे-13 की कोर्ट ने सुनाया आदेश, 20 हजार जुर्माना भी
- एक किशोर आरोपी की सुनवाई जुवेनाइल कोर्ट में

**अमृत विचार।** किशोरी से गैंगरेप में आरोपी को एडीजे-13 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई। किशोरी की मां ने बर्रा थाने में गैंगरेप व पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं मामले में किशोर आरोपी की सुनवाई जुवेनाइल कोर्ट में चल रही है।

बर्रा थानाक्षेत्र निवासी महिला के पति की मौत हो चुकी है। महिला ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी कक्षा 6 की छात्रा थी। 18 अक्टूबर 2018 की सुबह 11 बजे बेटी किराना दुकान से सामान लेने जा रही थी। इस दौरान दामोदर नगर निवासी रवि अपने किशोर साथी के साथ स्कूटी से आया और उनकी बेटी का मुंह दबा कर अपने घर ले गया, जहां दोनों ने उसके साथ रेप किया। एक युवक ने उन्हें यह जानकारी दी तो वह रवि के घर पहुंची, जहां उन्होंने दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा था। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे-13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि मामले में एक आरोपी किशोर है, जिसकी सुनवाई जुवेनाइल कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट ने आरोपी रवि को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कारावास व 20 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

**सहयोग** नमस्ते वियतनाम 2024 समारोह में एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया

## वियतनाम के विद्यार्थियों में सीएसजेएमयू का आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नमस्ते वियतनाम 2024 समारोह का पहला दिन भारत-वियतनाम के बीच सांस्कृतिक एवं सामाजिक रिश्ते बढ़ाने और दूसरा दिन उच्च शिक्षा में सहयोग और समर्थन को समर्पित रहा। वियतनाम व भारत के बीच उच्च शिक्षा संबंधों को नए स्तर पर पहुंचाने और भारतीय विश्वविद्यालयों में वियतनामी छात्र-छात्राओं को आकर्षित करने के लिए एजुकेशन फेयर लगाया गया। वियतनामी छात्र-छात्राओं ने सीएसजेएमयू में शिक्षा ग्रहण करने को लेकर आकर्षण नजर आया।



समारोह में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो .विनय कुमार पाठक।

एजुकेशन फेयर में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष और सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि भारत और वियतनाम के संबंध सदियों पुराने हैं। प्राचीन समय में भी वियतनाम के छात्र व स्कॉलर्स भारत में शिक्षा और बुद्धिस्ट ज्ञान के लिए यात्रा करते रहे हैं। तक्षशिला विश्वविद्यालय में वियतनाम से तमाम छात्र और बौद्ध भिक्षु शिक्षा व शोध के लिए आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार वियतनाम के साथ तकनीकी, व्यापार और उच्च शिक्षा को नए स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। भारतीय विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षण संस्थान इसमें सहयोग के लिए तैयार हैं। उत्तर प्रदेश में वाराणसी, कुशीनगर समेत अनेक प्राचीन बौद्ध केंद्र, विरासत, बौद्ध शिक्षा व परंपराओं के केंद्र मौजूद है, जहां आकर वियतनाम के छात्र व स्कॉलर्स ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। भारत के अनेकों विश्वविद्यालयों में बौद्ध शिक्षा, हिंदू शिक्षा, योग, नृत्य, कृषि जैसे विषयों में वियतनाम के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षण व शोध के अवसर उपलब्ध हैं। वियतनाम स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के काउंसलेट जनरल डॉ.मदन मोहन सेठी, भारतीय विश्वविद्यालय संघ के जनरल सेक्रेटरी प्रो.पंकज मित्तल के अलावा कई विश्वविद्यालयों के कुलपति मौजूद रहे।

### प्रतिनिधिमंडल ने विषयों और उपलब्धियों की जानकारी दी

सीएसजेएमयू के प्रतिनिधिमंडल में शामिल डॉ. प्रभात द्विवेदी व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने वियतनाम के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय में संचालित विषयों और उपलब्धियों की जानकारी दी। डीन अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रो. सुधांशु पांड्या ने बताया कि वियतनाम से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के सीएसजेएमयू में अध्ययन के लिए आने की प्रबल संभावना है।

## मेडिकल कालेज में लगेंगी 12 वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर ने प्राचार्य के साथ की बैठक

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग व कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण सत्र का आयोजन होगा। तीनों विभागों में पोलियो, खसरा-रुबेला, डिप्थीरिया, काली खांसी, नियोनेटेल टिटनेस के 12 टीके लगाए जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्य प्रो.संजय काला के साथ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ.यूबी सिंह व विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) डॉ.हेमंत ने बैठक में वैक्सीन प्रीवेंटबल डिजीज (वीपीडी) के टीकों की उपलब्धता पर जोर दिया गया। डिप्थीरिया एंटी वैक्सीन का बफर स्टॉक आईडीएच अस्पताल में उपलब्ध रखने पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में कहा गया कि टीकाकरण सत्र ऐसे स्थान पर बनाया जाए, जहां लाभार्थी को पहुंचने में दिक्कत न हो और बच्चों का भी टीकाकरण कराया जा सके। प्राचार्य ने कहा कि विभागों में महिलाओं व शिशुओं के सभी टीके लगवाने की सुविधा के जल्द प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान कम्युनिटी मेडिसिन की प्रोफेसर डॉ. तनु, आईडीएच अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरएस सिंह, बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. एके आर्य, स्त्री रोग विभाग से स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद रहीं।

### टीकाकरण सत्र की अलग-अलग होगी व्यवस्था

डीआईओ डॉ. यूबी सिंह ने कहा कि स्त्री रोग, बाल रोग व कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में वैक्सीन प्रीवेंटबल डिजीज (वीपीडी) के टीकाकरण सत्र की अलग-अलग व्यवस्था होनी चाहिए। अभी तक टीका लगवाने के लिए एक ही जगह जाना होता है, भले ही मरीज किसी भी विभाग से संबंधित हो।

### बीमारियों से बच्चों को बचाते

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि खसरा, टिटनेस, पोलियो, गलघोंटू, काली खांसी, क्षय रोग और हेपेटाइटिस बी जैसी 12 बीमारियों से बचाव के लिए पांच साल तक के बच्चों का समय पर टीकाकरण जरूरी है। 12 प्रकार के टीके सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर प्रत्येक बुधवार व शनिवार को लगते हैं।

# 250 करोड़ के कामों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे योगी

## सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में भी 38.88 करोड़ से होंगे काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 29 अगस्त को मुख्यमंत्री के कानपुर दौरे को लेकर नगर निगम तैयारी में जुटा है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री 250 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसमें सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 38.88 करोड़ से 103 विकास कार्य करने की तैयारी की गई है। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होना है।

मंगलवार देर शाम तक अधिकारी योजनाओं की सूची फाइनल करते रहे। नगर निगम ने शिलान्यास वाले कामों को सूचीबद्ध कर लिया है, लेकिन लोकार्पण वाले कार्य अभी तय नहीं हैं। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि लोकार्पण वाले कार्यों की जांच कराई जा रही है। सीसामऊ में विधानसभा उप चुनाव देखते हुए नगर निगम ने सामुदायिक केंद्र, बारातशाला, नाले, नाली, फुटपाथ, सड़क निर्माण और शौचालय सुधार जैसे काम कराने की तैयारी है। योगी के आगमन के मद्देनजर सड़क-सफाई आदि के कार्य होने लगे हैं।

### नगर निगम के इन कार्यों की रखी जाएगी आधारशिला

- वार्ड 66 में सामुदायिक केंद्र निर्माण– 201.50 लाख
- वार्ड 4 में 3 सड़कों का सुधार – 212.80 लाख
- वार्ड 81 में 2 सड़कों का सुधार – 77 लाख
- वार्ड 15 में 2 सड़कों का सुधार – 91.10 लाख
- वार्ड 4 में सामुदायिक केन्द्र निर्माण – 50 लाख
- वार्ड 5 में सामुदायिक केन्द्र निर्माण – 25 लाख
- वार्ड 37 में सामुदायिक केन्द्र निर्माण – 50 लाख
- वार्ड 59 में सामुदायिक केन्द्र निर्माण – 227.30 लाख
- वार्ड 75 में भैरोघाट का सुंदरीकरण 400.00 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।
- वार्ड 4,15,37,49,59,75 में 56 फुटपाथ व नाली का सुधार कार्य – 716.41 लाख
- वार्ड 4 तथा 15 में सामुदायिक केंद्र का सुधार – 475 लाख
- वार्ड 6 में नाला निर्माण – 27.03 लाख रुपये का बजट है।
- वार्ड 4,5,15,32,37,49 में 8 शौचालयों का जीर्णोद्धार – 125 लाख रुपये से बनाये जाएंगे।
- वार्ड 5,6,32,37,49,85 में 20 फुटपाथ व नाली का सुधार – 495 लाख रुपये से काम होंगे।
- वार्ड 5,37 में चौराहों का सुंदरीकरण – 25 लाख रुपये से होगा।

### रूट डायवर्जन, दीवारों पर पेंटिंग

**कानपुर।** एडीएम राजेश कुमार ने मंगलवार को मर्चेंट चैंबर हॉल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आने-जाने वालों मार्गों का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री की बैठक वाले दिन रूट डायवर्ट का प्लान बनाया। प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। नगर निगम ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रूट के फुटपाथ पर झाड़ियां साफ करके दीवारों पर वाल पेंटिंग शुरू कर दी।

## योगी देंगे सीसामऊ उप चुनाव जीतने का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट चैंबर हॉल में भाजपा संगठनात्मक बैठक में पदाधिकारियों को 60 मिनट करेंगे संबोधित
- जीआईसी ग्राउंड में रोजगार मेला का उद्घाटन कर मेधावी छात्रों को वितरित करेंगे टैबलेट

**अमृत विचार।** भाजपा ने सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव को प्रतिष्ठा से जोड़कर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अगस्त को शहर आकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। वे मर्चेंट चैंबर हाल में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों को 60 मिनट के संबोधन में जीत का मंत्र देंगे। इस बैठक में भाजपा ने संगठन से जुड़े 150 प्रमुख नेताओं को बुलाया है। सीसामऊ विधानसभा के प्रस्तावित उप चुनाव की तैयारी में गुरुवार को शहर आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हैलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरेगा।



यहां से वह पूर्वाह्न 11 बजे जीआईसी इंटर कॉलेज ग्राउंड पहुंचकर रोजगार मेला का उद्घाटन करेंगे। स्वामी विवेकानंद स्मार्ट फोन टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत सैकड़ों मेधावी छात्रों को टैबलेट बांटेंगे। कार्यक्रम के लिए वॉटर प्रूफ जर्मन हैंगर वाला टेंट लगाया जा रहा है। भाजपा ने सीसामऊ विधान सभा के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं को जीआईसी ग्राउंड पंहुचाने के लिए तैयारी की है। यहां से मुख्यमंत्री मर्चेंट चैंबर हाल पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे।



जीआईसी ग्राउंड का निरीक्षण कर अफसरों को निर्देश देते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार।

### ग्राउंड और आस-पास सुरक्षा व्यवस्था देखी

**कानपुर।** लालइमली चौराहे के पास स्थित राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) व ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर पुलिस कमिश्नर समेत अन्य अफसरों ने जीआईसी ग्राउंड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का ब्लूप्रिंट तैयार किया। पुलिस कमिश्नर ने अफसरों को दिशा निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि 29 अगस्त गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज व ग्राउंड और मर्चेंट चेंबर हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम स्थल पर 15 एसीपी और 15 थानों की पुलिस लगाई जाएगी। साथ ही 5 एडीसीपी सीएम की सुरक्षा में रहेंगे। दो कंपनी पीएसी और एक कंपनी आईटीबीपी की तैनाती भी कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि आसपास की हाईराइज बिल्डिंग पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। ड्रोन से छतों की निगरानी शुरू कर दी गई है। बसों की पार्किंग के लिए परेड रामलीला ग्राउंड को चिह्नित किया गया है। पुलिस कमिश्नर के साथ अपर पुलिस आयुक्त व कानून व्यवस्था हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर मनोज कुमार पांडेय, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल महेश कुमार आदि थे।

## दीप तिराहा से सोटे बाबा मंदिर मार्ग पर कब्जे

**कानपुर।** सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाई जाने वाली दीप सिनेमा से सोटे बाबा मंदिर चौराहा तक की सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जे हैं। नगर निगम अधिकारियों को 1885 मीटर लंबी इस सड़क के निरीक्षण में कब्जों की भरमार मिली है। इसके बाद नगर निगम के अधिशासी अभियंता जोन-3 ने केडीए से नक्शे की प्रति मांगी है। नगर निगम ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना फेस-2 में दीप सिनेमा तिराहा, साकेत नगर से सोटे बाबा मन्दिर, किदवई नगर तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, डिवाइडर, नाली, स्टार्म वाटर ड्रेन, हॉर्टीकल्चर, स्ट्रीट लाइट के साथ ही सभी ओवर हेड यूटीलिटी को भूमिगत किया जाना प्रस्तावित है। इस क्षेत्र का विकास केडीए द्वारा किया गया है। सड़क के एक तरफ केडीए की कालोनी और दूसरी तरफ जूही लाल व सफेद व किदवई नगर कॉलोनी है। निरीक्षण के दौरान सड़क पटरी, ग्रीन बेल्ट की भूमि पर अतिक्रमण पाया गया है। सड़क की चौड़ाई दर्शाती हुयी नक्शे की प्रति एवं जूही सफेद कॉलोनी योजना की प्रति केडीए से मांगी गई है।

## सार-संक्षेप



खिलाड़ियों से मिलते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### बास्केटबॉल में 8 टीमें भिड़ीं

**कानपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता भी ग्रीनपार्क में हुई। जिसमें कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में टीम ए व बी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें ए ने 45-44 से जीत दर्ज कराई। सी व डी के बीच हुए मुकाबले में सी 25-15 से जीता। फाइनल मुकाबला ए व सी के बीच खेला गया। जिसमें ए ने 55-53 से मुकाबला जीत लिया। जूनियर वर्ग में टीम ए व बी के बीच हुए मुकाबले में ए ने 25-20, सी व डी के बीच मुकाबले में डी ने 15-13 से जीत दर्ज कराई। फाइनल मुकाबले में ए व डी की भिड़ंत हुई। टीम ए ने 30-28 से जीत दर्ज कराई।

### बंदियों के बच्चों ने सजाई सुंदर झांकी

**कानपुर।** जेल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जेल के अंदर स्थित मंदिर में बंदियों ने सुंदर झांकियां बनाईं और इलेक्ट्रिक लाइट लगाकर मंदिर परिसर की सजावट की। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को राधा कृष्ण और ग्वाल बाल की वेशभूषा में सजाया गया। बच्चों ने कृष्ण-लीलाओं का मंचन भी किया। बंदी सूरज, कृष्णा, शिवम, अर्जुन, राहुल, संजय व अन्य बंदियों ने भजन-कीर्तन गाए। कारागार अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय जेलर अनिल कुमार पांडेय, मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, रंजीत राय, कमल चन्द्र, मौसमी राय व प्रेमनारायण उपस्थित रहे।

### सहायता प्राप्त स्कूलों ने नहीं किए आवेदन

**कानपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग व राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान की ओर से इंस्पायर अवार्ड के लिए सहायता प्राप्त स्कूल आवेदन नहीं करा रहे हैं। इससे इन स्कूलों के बच्चे प्रतियोगिता में शामिल होने से वंचित रह सकते हैं। योजना में जिले के 21 राजकीय स्कूलों ने ही आवेदन किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में कक्षा 6 से 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। जिले के 113 सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रिंसिपल व शिक्षकों ने अब तक आवेदन नहीं कराया है। अभी तक जिले से 454 विद्यार्थियों के आवेदन हुए हैं। योजना के तहत हर स्कूल से पांच-पांच बच्चों की प्रतिभागिता का लक्ष्य है। पिछले साल 480 आवेदन हुए थे। योजना में चयनित बच्चों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

### सीढ़ी से गिरने से टेंपो चालक की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के यशोदा नगर निवासी टेंपो चालक मनोज कटियार की घर की सीढ़ी से गिरने से मौत हो गई। ममेरे भाई संजय ने बताया कि वह नशे का लती था। सोमवार रात को वह छत पर जा रहा था। इस दौरान नशे की हालत में सीढ़ियों से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### जहर खाकर किशोरी ने दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के शिवली रोड निवासी उपेंद्र की 15 वर्षीय बेटी वर्षा यादव ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने मामले की जांच की। परिजनों ने उसे बीमार बताया। इसके अतिरिक्त पुलिस को कोई और जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

# सबस्टेशनों पर दलाल, बिजली कटौती बेहिसाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को के सबस्टेशनों पर दलालों के बिना कोई काम नहीं होता है। नये मीटर के प्रार्थना पत्र पर दलाल के बिना कोई सुनने वाला नहीं है। दलालराज के कारण ही सब स्टेशनों पर अधिकारी व कर्मचारी सही जवाब नहीं देते हैं। अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान है। प्रबंध निदेशक को ज्ञापन देते हुए कांग्रेसियों ने ये आरोप लगाए।

मंगलवार को पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खां, संदीप शुक्ला, कृपेश त्रिपाठी, इखलाक अहमद डेविड, पार्षद सरदार अमन दीप सिंह की अगुवाई में कांग्रेसियों ने केस्को प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपकर कहा कि उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती मुसीबत बनी है। फाल्टों के नाम पर लंबे समय तक कटौती किए जाने से छोटे-छोटे उद्योग प्रभावित हैं। अघोषित बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए।



केस्को प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी अमृत विचार

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कंपनी विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए जबरिया बिना मानक के तेज चलने वाले स्मार्ट मीटर लोगों के घरों पर लगाये जा रहे हैं। मांग की गई कि स्मार्ट मीटर की आईआईटी से टेस्टिंग कराई जाए। मीटर रीडर बिना रीडिंग लिए बिल भेज रहे हैं। जर्जर खंभों को बदलकर हादसे रोके जाएं। शशिकांत दीक्षित, पूर्व पार्षद विजय नारायण शुक्ला, गोपाल पासवान, ब्रजेश त्रिपाठी, फहद अब्बासी, संजय शुक्ला, राम चंद्र गुप्ता, वीरेंद्र चतुर्वेदी, मो रफ़ीक़, विमल तिवारी, मुन्ना शुक्ला, चंद्र मणि मिश्रा थे।

### आज नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** मरम्मत कार्य व आदि जरूरी कार्यों की वजह से केस्को बुधवार को शटडाउन लेगा, जिसकी वजह से आजाद नगर, लल्लनपुरवा, मौनीघाट, ज्योरा, पहलवान पुरवा, विष्णुपुरी, पुराना कानपुर, मंत्रीपुरवा, रावतपुर बाजार, गुटैया मार्केट, रावतपुर ऑफिसर्स कॉलोनी के आसपास सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक बिजली नहीं रहेगी। जरौली के एच, आई, जे व के ब्लॉक में सुबह 10 से चार शाम बजे तक और चालीस दुकान, हनुमान मंदिर, बिग बाजार के आसपास सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। इसके अलावा जाजमऊ के तेल मिल, डीटीएस स्कूल, हमराज पेट्रोल पंप, मोती नगर चौराहा, गज्जूपुरवा, लट्टू पुरवा, बनियापुरवा, नई चुंगी, पुरानी चुंगी चौराहा, छबीलेपुरवा, बनिया बाजार से दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे और हितकारी नगर, तुलसी नगर, एवन मार्केट, काकादेव व रानीगंज में बिजली दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**कानपुर।** हनुमंत विहार में पांच दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल सेन पश्चिम पारा निवासी 37 वर्षीय दिनेश सोनकर की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अर्रा रोड पर दो बाइक में टक्कर होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## ऊर्जा मंत्री पर मांगें पूरी न करने का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उप्र राष्ट्रीय विद्युत श्रमिक संघ इंटक की कार्यकारिणी की बैठक

**अमृत विचार।** उप्र राष्ट्रीय विद्युत श्रमिक संघ इंटक की कार्यकारिणी की बैठक में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने ऊर्जा मंत्री के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। उन पर डेढ़ साल पहले हड़ताल समाप्त कराने के लिए किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं लिपिकीय कर्मचारियों की पदोन्नति किए जाने की मांग की।

पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि वर्ष 2023 में विद्युत कर्मचारियों ने जरूरी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। तब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मीडिया के सामने कहा था कि संघर्ष समिति ने जनता की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए हड़ताल समाप्त कर दी है।

हड़ताल में शामिल किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा, साथ ही कर्मचारियों की मांगें भी मान ली थीं। लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी न तो उत्पीड़न की कार्यवाही समाप्त की गई और न ही जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उन्हें पूरा किया गया।

आरोप है कि केस्को प्रशासन द्वारा पद के अनुरूप कार्य न लेकर लिपिकीय वर्ग से तकनीकी कार्य लिया जा रहा है। साथ ही निर्धारित कार्य अवधि के अतिरिक्त कार्य लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारी तनाव में रहते हैं। इसका सीधा असर उपभोक्ता सेवा पर पड़ता है। ऐसे में पदाधिकारियों ने उपभोक्ताओं के साथ कर्मचारी के हितों का ध्यान रखने की मांग की।

केस्को में वर्षों से बंद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं लिपिकीय कर्मचारियों की पदोन्नति किए जाने की मांग की। सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विद्युत कर्मचारियों के हितों की रक्षा की मांग की गई। इस दौरान पीयूष बाजपेयी, राजेश कुमार शुक्ला, राम सावर सिंह, कपिल मुनि, द्वारिका प्रसाद, केके अवस्थी, नील कमल शुक्ल, विनोद कुमार शुक्ला, राम प्रसाद, शिवनाथ सिंह, अब्दुल्ला जफर, आदर्श कुमार, नरेंद्र कुमार, रुपेश कुमार समेत आदि लोग रहे।

## पुरानी पेंशन ही चाहिए, ये पेंशन नहीं, लॉलीपॉप है

**कानपुर।** पुरानी पेंशन के अलावा कोई भी पेंशन मंजूर नहीं है, यूपीएस कर्मियों के साथ एक धोखा है। पहले रिटायरमेंट के बाद रेल कर्मियों को एकमुश्त 50 से 60 लाख रुपये मिल जाते थे लेकिन अब पेंशन योजना में पेंशन तो मिलेगी लेकिन कर्मियों को एकमुश्त 10 लाख से भी कम मिलेंगे। यह बात रेलवे यूनियन नेताओं ने बैठक में कही। मंगलवार को उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने न्यू वाशिंग लाइन के पास बैठक की। जिसमें शिरकत करने पहुंचे भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अखिल भारतीय कार्यालय मंत्री डी.के. चक्रवर्ती दादा का जोरदार स्वागत हुआ। हाल ही में सरकार द्वारा लागू की गई यूपीएस पर कर्मचारी ने विचार मंथन करने के बाद निष्कर्ष निकाला कि कर्मचारियों को कुछ राहत तो मिली है परंतु यह केवल एक लॉलीपॉप है।

## अहमदाबाद-दानापुर की संचालन अवधि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- त्योहारों पर भीड़ के मद्देनजर दी सुविधा

**अमृत विचार।** रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते पहले से चलाई जा रही अहमदाबाद-दानापुर 09417 व रिवर्स 09418 की संचालन अवधि में विस्तार 30 दिसंबर तक किया है। यह विशेष ट्रेन हर सोमवार को अहमदाबाद व दानापुर से मंगलवार को चलेगी।

वहीं मालदा टाउन-खातीपुरा एक्सप्रेस 03409 व इसकी रिवर्स ट्रेन 29 व 30 अगस्त को एक फेरा निरस्त रहेगी। इज्जतनगर मंडल के रेलवे प्रशासन ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में सेकेंड एसी के 2, थर्ड एसी के 6, स्लीपर के 8, जनरल के 4 समेत कुल 22 कोच होंगे।

अहमदाबाद-दानापुर 09417 हर सोमवार अहमदाबाद से 09.10 बजे रवाना होगी जो नडियाद, छायापुरी, रतलाम से भरतपुर के रास्ते दूसरे दिन मथुरा पहुंचेगी। इसी तरह कासगंज, फर्रूखाबाद होते हुए सेंट्रल स्टेशन पर 7.20 आएगी। इसी तरह वापसी में दानापुर-अहमदाबाद 09418 दानापुर से रात 11.50 बजे चलेगी। आरा, बक्सर, वाराणसी, जौनपुर सिटी से होते सेंट्रल स्टेशन दोपहर 1.55 बजे पहुंचेगी।

### तीन ट्रेनों के टर्मिनल में अस्थाई बदलाव

महाकुंभ को देखते प्रयागराज-नई दिल्ली एक्सप्रेस 12417, प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस 12403, बीकानेर-प्रयागराज एक्सप्रेस 20403 के टर्मिनल में बदलाव का फैसला लिया गया है। ये ट्रेनें जनवरी व फरवरी माह में प्रयागराज जंक्शन के स्थान पर सूबेदारगंज स्टेशन से चलेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए सूबेदारगंज स्टेशन का विकास कराया जा रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बघारा विकासखण्ड बिधनू कानपुर नगर

पत्रांक: मेमो/2024–25 दिनांक: 27/08/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं/रजि. ठेकेदार को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बघारा वि.ख. विधनू, कानपुर नगर के वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित पंचम वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा व स्वच्छ भारत मिशन फेस–2 की धनराशि से प्रस्तावित कार्य हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, मौरंग, बालू सरिया, ईट गिट्टी आदि की निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुसार सामग्री हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा 28.08.2024 से 02.09.2024 तक नि:शुल्क किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत बघारा के पंचायत भवन में जमा की जा सकती है। व निविदा दिनांक 02.09.2024 को समय अपरान्ह 02 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन बघारा में समिति के समक्ष खोली जायेगी। आयकर कटौती व जीएसटी का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार रहेगा कि वह बिना बताये ये निविदा निरस्त कर सकती है। दर्शाये गये कार्यो को ग्राम पंचायत बघारा धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने की निर्देश दिये जायेगें।

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत | सामग्री विवरण | आपूर्ति समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डामर रोड से चन्द्रशेखर के घर तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 2. | छुन्ना पंडित के घर से जयराम के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग मरम्मत का कार्य। | | | 1 माह |
| 3. | प्राथमिक विद्यालय बघारा से दिनेश सविता के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | | | 1 माह |
| 4. | आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण कार्य। | | | 1 माह |

नियम व शर्ते– (1) उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। (2) निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। (3) निविदा दाताओं की जीएसटी / पैन / फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर देना होगा। (4) निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा। (5) सामग्री घट–बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार होगा। (6) आइटम रेट प्राक्कलन कि दशा में 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर/बैकड्राफ्ट/के रूप में ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी। व निविदा स्वीकृत के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी। (7) प्रत्येक कार्य के लिये अलग से आवेदन करना होगा। (8) यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। (9) ठेकेदार को नियत समय में कार्य को समाप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा ग्राम पंचायत विधिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बघारा, वि.ख. बिधनू
कानपुर नगर

सचिव
ग्राम पंचायत बघारा, वि.ख. बिधनू
कानपुर नगर


रणनीति | 1 सितंबर से शुरू होगा भाजपा का सदस्यता अभियान

# 31 अगस्त तक हर बूथ पर सदस्यता प्रमुख बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने नवीन मार्केट में कार्यालय में बैठक करके कार्यकर्ताओं से कहा कि 1 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान से पहले 31 अगस्त तक प्रत्येक बूथ में सदस्यता प्रमुख बना लेना है। सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव के मद्दे नजर मतदाता संवर्धन पर विशेष ध्यान देना है। बैठक में मन की बात प्रमुख रोहित साहू को कानपुर उत्तर के प्रथम स्थान हासिल करने पर बधाई दी गई। बैठक में राजू विश्वकर्मा, अनूप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, आनन्द मिश्रा, संतोष शक्ल, पूनम कपूर, प्रमोद त्रिपाठी, अभिमन्यु सक्सेना, प्रशांत पाल, वात्सेय त्रिपाठी, आशा पाल, रंजीता पाठक उपस्थित रहीं।



कार्यकर्ताओं को जानकारी देते जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

### 100 प्राथमिक सदस्य बनाने वाले ही सक्रिय सदस्य

**कानपुर।** भाजपा 1 सितंबर से सदस्यता अभियान का पहला चरण शुरू करेगी, जो 25 सितम्बर तक चलेगा। 1 से 15 अक्टूबर तक दूसरे चरण के बाद 16 से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने निराला नगर मंडल की कार्यशाला में कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 सदस्य बनाना अनिवार्य होगा। संगठन में पदाधिकारी बनने को सक्रिय सदस्य बनना जरूरी है। मंगलवार को दक्षिण जिले में निराला नगर, हरजिंदर नगर, जरौली, किदवई नगर, यशोदा नगर, छावनी, रामादेवी, जूही, बर्रा मंडलों में सदस्यता अभियान कार्यशालाएं हुईं। इनमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन की शक्ति का आधार सदस्यता है। सदस्यता अभियान के लिए नंबर 8800002024 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस पर मिस्ड कॉल देकर भाजपा का सदस्य बन सकता है। इसके साथ ही क्यूआर कोड और नमो ऐप को भी सदस्यता अभियान में शामिल किया गया है। सदस्यता प्रभारी कौशल किशोर दीक्षित, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, विजय अवस्थी, राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, संजय कटियार, वंदना गुप्ता, गणेश शुक्ला, अनुराग शुक्ला मौजूद रहे।

# भक्ति गीतों और कृष्ण लीलाओं ने मन मोहा

## जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन भी जेके मंदिर में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अर्मापुर में जन्माष्टमी पर रंगारग कार्यक्रम हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन जेके मंदिर में श्रद्धा, भक्ति व उल्लास-उमंग का संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रभु के दर्शन किए और मेले का आनंद लिया। रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए मंदिर ने लोगों के मन को आनंदित किया। बच्चों ने मन मोहक धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मंदिर गुरुकुल के शिक्षार्थियों ने शाम को वेद वाणी पाठ किया। कलाकुंज ग्रुप के कलाकारों ने कृष्णलीला की सुंदर प्रस्तुति दी। सीएसजेएमयू बैंड के कलाकारों ने भक्ति गीत व भजन सुनाए। रिदम ग्रुप ने कृष्णलीला के तहत पूतना, वकासुर व अघासुर वध और कालिया मर्दन का मंचन किया। मालव मलय संगीत महाविद्यालय के कलाकारों ने भक्ति गीतों और भजनों से नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी। यह महोत्सव 31 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मेले में लगे झूलों, स्टॉल और मंदिर की आर्टिफैक्ट शॉप कान्हा कोठी ने सभी को अपनी ओर खींचा। कान्हा कोठी में श्रद्धालुओं ने लड्डू गोपाल की मूर्तियों, श्रृंगार के आभूषण, पोशाक, सजावट के सामान और पूजन सामग्री की खरीदारी की।

### 101 कन्याओं का पूजन

**कानपुर।** सरयू नारायण बाल विद्यालय इंटर कालेज में मंगलवार को जन्माष्टमी महोत्सव के तहत श्री वृंदावन बिहारी लाल का श्रृंगार, झांकी सजाई गई। प्रबंधक ने विद्यालय की 101 कन्याओं का कन्या पूजन कर उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक स्वयं प्रकाश अग्निहोत्री, उप प्रबंधक अविरल अग्निहोत्री जितेंद्र सिंह चौहान, विनोद शर्मा, डॉ. प्रीति मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, राजेश पांडेय, मनोज कुशवाहा, गिरधारी लाल वर्मा, मयंक सोनकर, प्रधानाचार्य मनोज त्रिवेदी मौजूद रहे।



इस्कान में शिव पूजन हुआ।

### कृष्ण लीला में उमड़ी भीड़

**कानपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लाल बंगला में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन हुआ। कृष्ण लीला देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। कोलकाता, राजस्थान, दिल्ली से आए कलाकारों ने कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का मंचन किया। विनोद गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन 23 वर्ष से हो रहा है। महोत्सव में एक किमी दायरे में विभिन्न पंडाल सजाए गए, वहां प्रभु के विभिन्न स्वरूपों को विराजमान किया गया। इस मौके पर सांसद रमेश अवस्थी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, बालयोगी अरुण पुरी महाराज, अभिषेक कृष्ण शास्त्री, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक अमिताभ बाजपेई, आदि रहे।



राधा-कृष्णा की लीला का मंचन करते बच्चे। अमृत विचार

### राधा-कृष्ण की लीला-झांकी ने मन मोहा

**कानपुर।** मैनावती मार्ग स्थित इस्कॉन में मंगलवार को श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही। जगद्गुरु भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद का आविर्भाव दिवस मनाया गया और छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की लीलाओं की झांकी प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। चार्ट प्रतियोगिता और नाटिका का मंचन हुआ। 100 गृहस्थ भक्तों ने श्रील प्रभुपाद का आश्रय गृहण किया व इस्कॉन शिष्य कोर्स के प्रमाण पत्र प्राप्त किए। राधा-कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण लीला की झांकियों व कला का प्रदर्शन किया।

## सही समय से पहुंचाया अस्पताल, बची जान

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में चकरपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय संतोष सिंह निवासी फतेहपुर घायल हो गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे कॉलर तेज बहादुर सिंह ने बिना देरी किए हुए सूचना 112 पर दी। कुछ ही मिनट में पीआरवी घटनास्थल पर पहुंची और घायल संतोष को पनकी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई। घायल व्यक्ति को समय से इलाज मिल जाने से जीवन सुरक्षित रहा।

## चमनगंज में मनाया गया आला हजरत का उर्स

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलेमा-ए-अहले सुन्नत ने चमनगंज में आला हजरत का उर्स मनाया और मुल्क के अमन-ओ-अमान के लिए दुआ की गई। मंगलवार को आला हजरत इमाम अहमद रजा खां फाजिले बरेलवी का 106 वां उर्स मुबारक मनाया गया। तंजीम बरेलवी उलेमा-ए-अहले सुन्नत के अध्यक्ष हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने कहा कि आला हजरत ने 6 साल की उम्र में जलसे में मीलाद शरीफ पढ़ा था। उर्दू, फारसी पढ़ने के बाद अपने वालिदे माजिद हजरत अल्लामा नकी अली खान से अरबी जबान में दीन की आला तालीम हासिल की और 13 बरस 10 माह की उम्र में आलिमे दीन बन गए।



वॉलीबाल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम। अमृत विचार

## दीन दयाल स्कूल ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्रीनपार्क में 13 टीमें भिड़ीं, ग्रीनपार्क काम्प्लेक्स उपविजेता

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में पंडित दीनदयाल ने ग्रीन पार्क काम्प्लेक्स को लगातार दो सेट में 25-16, 25-18 से हराकर 2-0 से जीत हासिल की।

मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को खेल निदेशालय राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहा है। इस उपलक्ष्य में 31 अगस्त तक ग्रीनपार्क में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी। मंगलवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 13 टीमों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला गीनपार्क काम्प्लेक्स व पं दीन दयाल के बीच खेला गया। जिसमें पं दीन दयाल स्कूल ने 2-0 से मुकाबला जीत लिया। पहले राउंड में ग्रीनपार्क काम्प्लेक्स ने नाई, दून इंटरनेशनल ने आक्सफोर्ड को 2-0 से पराजित किया। आइडियल पब्लिक ने एमके पब्लिक को 2-0, केवी रक्षा विहार ने ओमर वैश्य को 2-1 से हराया। प्रभात पब्लिक ने नाई, गौरव मेमोरियल ने सुघर सिंह को 2-0 और पंडित दीन दयाल ने ग्रीनपार्क हॉस्टल को 2-0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में ग्रीनपार्क काम्प्लेक्स ने दून इंटरनेशनल को 2-0, केवी रक्षा विहार ने प्रभात पब्लिक को 2-0, पं दीन दयाल ने आइडियन पब्लिक को 2-0 और मिलेनियम ने गौरव पब्लिक को 2-0 से हराया। सेमी फाइनल में ग्रीनपार्क काम्प्लेक्स ने केवी रक्षा विहार को 2-1, पं दीन दयाल ने मिलेनियम को 2-0 से पराजित किया।



रूट का सर्वे करते जमीअत उलमा के पदाधिकारी। अमृत विचार

## नवीन मार्केट चौराहे से उठेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड पर मेट्रो का भूमिगत कार्य लगभग समाप्त हो चुका है, ऐसे में इस बार पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर उठने वाला ऐतिहासिक जुलूस-ए-मोहम्मदी नवीन मार्केट चौराहा से पूर्व की भांति उठाया जायेगा।

मंगलवार को शहर जमीअत उलमा ने परेड ग्राउंड से जुलूस-ए-मोहम्मदी के रूट का सर्वे किया। शहर जमीअत उलमा के महासचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्ला कासमी ने बताया कि परेड पर चल रहे भूमिगत मेट्रो काम के कारण पिछले वर्षों में नवीन मार्केट चौराहे के बजाय रजबी ग्राउंड के उत्तरी गेट से जुलूस उठाया जा रहा था लेकिन अब परेड में भूमिगत मेट्रो लाइन का काम पूरा हो चुका है और रास्ता भी खोल दिया गया है, इसलिए जुलूस नवीन मार्केट चौराहे से उठाया जाएगा।

जमीअत के शहर अध्यक्ष डॉ. हलीमुल्ला खान ने बताया कि जुलूस के रूट का दो चरणों में सर्वे होगा जिसके पहले चरण में मंगलवार को रूट का सर्वे किया गया। कई जगहों पर गड्ढे, टूटी पाइप लाइन, जर्जर सड़क, सीवर लाइन की खुदाई, कचरे का ढेर और बिजली के तार लटकते मिले। इन सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर लिया गया जिन्हें संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं प्रशासन को सौंपा जायेगा। सर्वे के दौरान सादिक अमीन, कारी बदरुज्जमा कुरैशी और मौलाना सऊद जामेई शामिल रहे।

### जुलूस की तैयारियों के लिये कमेटी गठित

शहर जमीअत उलमा ने जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियों को लेकर एक कमेटी गठित की है। कमेटी में कारी अब्दुल मोईद चौधरी, मौलाना अंसार अहमद जामेई, मुफ्ती इजहार मकरम कासमी, मौलाना कलीम अहमद जामेई, मौलाना साद खान नदवी और शारिक नवाब को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में 1 सितंबर रविवार को जुलूस में शामिल होने वाली अंजुमनों की बैठक बुलाई गई है, इसके अलावा अधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक की योजना तैयार की जा रही है।

# छोटे वाहन लगाते जाम, चलेंगी 42 सीटर बसें

**आरटीए की बैठक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूली बसों-वैन तथा सिटी बसों के 5 वर्ष पहले सीमा पूरी कर चुके पंजीयन होंगे निरस्त
- डबल डेकर बसों के लिए तय रूटों का निरीक्षण, जल्द होगा संचालन पर फैसला

**अमृत विचार।** शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए बड़ी संख्या में दौड़ रहे छोटे वाहनों के स्थान पर 42 सीटर वाहन चलाए जाएंगे। इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक, एडीएम सिटी, एआरटीओ प्रवर्तन और केसीटीसीएसएल के एमडी से मार्ग का सर्वे कराकर निर्णय लिया जाएगा, जबकि दो मंजिला बसों के संचालन के लिए अधिसूचित मार्गों का निरीक्षण कर लिया गया है।

मंगलवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में निर्णय हुआ कि उन स्कूली बसों, नगर बसों और स्कूली वैन के परमिट निरस्त किए जाएंगे, जिनकी वैधता समाप्त हुए 5 वर्ष से अधिक समय हो चुका है।



आरटीए की बैठक में शिरकत करते कमिश्नर अमित गुप्ता, डीएम राकेश कुमार सिंह, आरटीओ राकेंद्र कुमार सिंह। अमृत विचार

बैठक में बारादेवी, नौबस्ता, रमईपुर, साढ़, गोपालपुर से जहानाबाद (फतेहपुर) मार्ग को जहानाबाद से हरिजनपुर (फतेहपुर) तक 67.45 किमी लंबा विस्तार देने पर विचार किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) एवं सचिव आरआर सोनी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी राकेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### 3 या इससे अधिक चालान पर 2 वाहनों के परमिट निरस्त किए

बैठक में केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम में दी गई परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने पर 3 या 3 से अधिक चालान के अभियोग में 2 वाहनों के परमिट निरस्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारत दिव्यांग सेवा के अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने 28 दिव्यांगजनों को कानपुर से उन्नाव के मध्य सीएनजी टेम्पो-टैक्सी परमिट देने की मांग की गई, जिस पर विचार करने का निर्णय लिया गया।

## सार-संक्षेप



संबोधित करते बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद कुमार। अमृत विचार

### खानाबदोश की डायरी का जिला जज ने किया विमोचन

**कानपुर।** कानपुर बार एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. तिलक द्वारा रचित पुस्तक खानाबदोश की डायरी का विमोचन और चित्र का अनावरण किया गया। कानपुर बार एसोसिएशन सभागार में जिला जज प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने अनावरण किया। अध्यक्षता प्रमोद कुमार द्विवेदी और संचालन महामंत्री आदित्य कुमार सिंह ने किया। तिलक पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सईद नकवी और धर्मेंद्र सिंह धर्मू ने कहा कि श्री तिलक से विधि परामर्श पूर्व पीएम इन्दिरा गांधी, आचार्य रजनीश, बी मलिक और विद्याचरण शुक्ल आदि ने भी लिया था। यहां डॉ. राजतिलक, पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, नरेश चंद्र त्रिपाठी, रवींद्र शर्मा, पूर्व महामंत्री कपिल दीप सचान, योगेंद्र अवस्थी रहे।

## 24 को आएंगी भारत-बांग्लादेश की टीमें, करेंगी अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमें चेन्नई में पहला टेस्ट मैच समाप्त होने के अगले दिन शहर आ जाएंगी। पहला टेस्ट मैच 19 से 23 सितंबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा टेस्ट मैच ग्रीनपार्क में खेला जाएगा। 24 सितंबर को दोनों टीमों को विशेष विमान से सीधे कानपुर लाने की योजना बनी है। चेन्नई से शहर की सीधी फ्लाइट नहीं होने के कारण बीसीसीआई ने विशेष विमान से टीमों को शहर लाने का निर्णय किया है।

भारत और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच 27 सितंबर से ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। यूपीसीए अधिकारियों का कहना है कि विशेष विमान से दोनों क्रिकेट टीमों को लाने पर समय की बचत होगी। यदि विशेष विमान की व्यवस्था नहीं हो सकी तो टीमों को लखनऊ एयरपोर्ट से बस से शहर लाया जाएगा। दोनों टीमों का ग्रीनपार्क में अभ्यास 25 व 26 सितंबर को होगा।

# टेस्ट मैच के लिए 5 होटलों में 250 कमरे किए गए बुक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इस बार टेस्ट मैच के लिए अधिकारी व ब्रॉडकास्टर्स को शहर के बाहर होटलों में नहीं ठहरना पड़े, इसके लिए यूपीसीए ने पूरी तैयारी कर ली है। शहर में आधा दर्जन से अधिक होटल चिह्नित किए गए हैं। 5 होटलों में 250 कमरे बुक भी करा दिए गए हैं।

यूपीसीए के अधिकारियों ने बताया कि शहर में कई अच्छे होटल है, जहां व्यवस्था की जा रही है। पहले लखनऊ हाईवे स्थित एक होटल में इंतजाम करना पड़ता था। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि शहर में 5 होटल प्रेस्टीन, रिजेंटा, विजय विला और लैंडमार्क में 250 कमरे बुक कराए गए हैं।

होटल प्रेस्टीन, रिजेंटा में प्रोडक्शन टीम व सपोर्टिंग स्टाफ ठहरेगा। विजय विला में बीसीसीआई के अधिकारी, अंपायर, स्कोरर को ठहराने की व्यवस्था की गई है। होटल लैंडमार्क में दोनों टीमों के खिलाड़ी रुकेंगे। कई अन्य होटलों को भी एसोसिएशन ने सूचीबद्ध किया है, जिनका जरूरत पड़ने पर उपयोग किया जाएगा।

### लैंडमार्क में तय किए खिलाड़ियों के कमरे

यूपीसीए के पदाधिकारियों ने शहर के जिन होटलों को चिह्नित किया है, वहां जाकर कमरों का जायजा लिया। लैंडमार्क होटल में निर्धारित किया गया कि किस कमरे में कौन खिलाड़ी ठहरेगा।

## बर्रा-6 में वृद्धा की चेन लूटी


**कानपुर।** बर्रा-6 में घर के बाहर पति संग बैठी वृद्धा से बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूट ली। पीड़िता 70 वर्षीया प्रेमा देवी ने बताया मंगलवार शाम वह घर के बाहर कुर्सी पर पति वासुदेव के साथ बैठी बात कर रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और कुर्सी में टक्कर मार दी। जिससे वह गिर पड़ीं। इस बीच पीछे बैठा युवक उतरा और गले में पहनी चेन छीन कर बाइक पर बैठकर फरार हो गया। पीड़िता ने बर्रा पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया है।

**विज्ञान की ओर**

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आईआईटी में हुआ कार्यक्रम, बाहर से भी वैज्ञानिक आए

# अंतरिक्ष 24 में युवाओं की वैज्ञानिक मानसिकता को मिला बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आईआईटी में अंतरिक्ष 24 कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और वैज्ञानिक। अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद आईआईटियंस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आईआईटी के डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस, प्लैनिटेरी एंड ऐस्ट्रोनामिकल साइंसेस एंड इंजीनियरिंग (स्पेस) और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग ने अंतरिक्ष 24 कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्देश्य प्रतिभागियों में जिज्ञासा जगाना और वैज्ञानिक मानसिकता को बढ़ावा देना रहा। आईआईटी के निदेशक प्रो.मणींद्र अग्रवाल ने अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की बढ़ती भूमिका बताई।

डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस, प्लैनिटेरी एंड ऐस्ट्रोनामिकल साइंसेस एंड इंजीनियरिंग (स्पेस) के प्रमुख प्रो.पंकज जैन और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रमुख प्रो.गोपाल कामथ ने अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की भूमिका पर चर्चा की। मुख्य अतिथि एसआईए- इंडिया के अध्यक्ष और अनंत टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के चेयरमैन व एमडी डॉ.सुब्बा राव पावुलुरी ने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम के महत्व पर विचार साझा किए। आईआईटी कानपुर के उप निदेशक प्रो.ब्रज भूषण ने स्कूली छात्रों को इस तरह की पहल में अधिक सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। बेंगलुरू के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर की निगार शाजी ने भारत के विज्ञान मिशनों, तकनीकी चुनौतियों, उपलब्धियों और भविष्य के प्रयासों पर चर्चा की। पंजाब विश्वविद्यालय के प्रो.संदीप साहिजपाल ने अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमारी वर्तमान समझ पर जानकारी साझा की।

पैनलिस्ट में शामिल पुणे आईयूसीएए के प्रो.अजीत खेम्भवी, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के प्रो.एमसी उत्तम, मनस्तु स्पेस के सह संस्थापक और सीईओ तुषार जाधव, प्लैनिटेरी एंड ऐस्ट्रनामिकल साइंसस् एंड इंजीनियरिंग (स्पेस) आईआईटी के प्रो.अमितेश उमर ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवाचारों, शैक्षिक पहलों और इसरो और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा की।

अंतरिक्ष प्रदर्शनी में रॉकेट और सैटेलाइट पेलोड के मॉडल प्रदर्शित किए गए। छात्रों और विद्वानों ने शोध विषयों पर एक जीवंत पोस्टर सत्र के माध्यम से अपना हुनर दिखाया। इस दौरान आईआईटी कानपुर के छात्रों, शोधकर्ताओं, स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों सहित करीब 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# डॉ.शिवेंद्र वर्मा अब लखनऊ में देंगे सेवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एसजीपीजीआई लखनऊ में हो गया है चयन

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई में एकलौते इंडोक्रोनोलॉजी विभाग के डॉ.शिवेंद्र वर्मा का चयन लखनऊ के एसजीपीजीआई में हो गया है, इस वजह से उन्होंने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला को इस्तीफा दिया है। डॉ.शिवेंद्र वर्मा को डायबिटिक फुट अल्सर के मरीजों को बिना एंटीबायोटिक के ही ठीक करने की ख्याति प्राप्त है। वह अब यहां पर दो सप्ताह तक अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. शिवेंद्र के जाने के बाद डायबिटिक, थायराइड व हार्मोंस की गड़बड़ी से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यहां जीएसवीएसएस पीजीआई में 20 माह अपनी सेवाएं दी। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि जल्द ही इस पद को भरा जाएगा। जब तक रिक्त स्थान में किसी नए विशेषज्ञ की भर्ती नहीं हो जाती है, तब तक मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ रोगियों का इलाज करेंगे।

## नाली में गिरने से युवक की मौत

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र के टीन शेड कालोनी निवासी 28 वर्षीय मजदूर सनी की नशे में नाली में गिरने से मौत हो गई। चचेरे भाई अभिषेक ने बताया कि सोमवार रात भाई नशे की हालत में था। इस दौरान नाली में गिर गया। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर उन्हें हैलट अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



हाथ में अस्थि कलश लिए शहीद करन सिंह के पिता बालकराम, साथ में एसडीएम रश्मि लांबा। अमृत विचार



शहीद का अस्थि कलश लेकर जाते पिता बालकराम के साथ सैन्य अधिकारी और ग्रामीण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पेड़ पर लटका मिला श्रमिक का शव

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाने की न्यूआजाद नगर चौकी क्षेत्र के सकरापुर गांव निवासी 60 वर्षीय मजदूर रामविहारी का शव मंगलवार शाम गांव के बाहर राजेन्द्र पासवान के बगीचे में पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पास से गुजरे ग्रामीणों ने फंदे पर शव लटका देखकर परिजनों और पुलिस को जानकारी दी। बेटे राजन ने बताया कि पिता दोपहर में घर के पास ताश खेल रहे थे। खेल खत्म होने के बाद वह कुछ देर दरवाजे पर बैठे रहे। इसके बाद वह बगीचे की ओर निकल गए। परिजनों से सोचा कि वह शौंच के लिए गए हुए हैं। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक से लूट करने वाले शातिर दबोचे गए

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कुदौरा गांव निवासी सीतेश पत्नी रविकान्त से 26 अगस्त को बिल्हौर से गांव की ओर जाने के दौरान दो बाईक सवार युवकों ने मोबाईल और कुछ नकदी छीनी थी। जिसपर पुलिस ने कोतवाली ने मामला दर्ज किया था मामले पुलिस ने दो युवको को लूटपाट के आरोप मे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से जारी किए गए बयान मे बताया गया कि विशाल पुत्र गोपाल निवासी रानेपुर थाना बिल्हौर, शोभित पुत्र सुरेश कठेरिया डोडवा जमौली निवासी बिल्हौर को बाईक व मोबाईल के साथ दो सौ रूपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# 8 माह बाद शहीद का अस्थि कलश गांव पहुंचा

## राजौरी सेक्टर के सैन्य अधिकारी अस्थि कलश लेकर भाऊपुर पहुंचे, एसडीएम की मौजूदगी में परिजनों को सौंपा गया

संवाददाता, चौबेपुर

- अस्थि कलश घर पहुंचते ही बिलख पड़ा पूरा परिवार
- 21 दिसंबर 2023 को हमले शहीद हुए थे करन सिंह

**अमृत विचार।** जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में तैनात रहे लांसनायक करन सिंह की शहादत के लगभग आठ माह बाद उनकी अस्थियां मंगलवार को गांव लाई गईं। सैन्य अधिकारियों के अस्थि कलश के साथ गांव पहुंचते ही शहीद के परिजन फफक कर रो पड़े। लगभग घंटे भर रुके सैन्य अधिकारी एसडीएम की मौजूदगी में अस्थि कलश परिजनों के सुपुर्द कर वापस लौट गए। इस दौरान पूरा गांव शोक में डूब गया।

क्षेत्र के भाऊपुर गांव निवासी बालकराम का बेटा करन सिंह यादव (29) जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आरआर बटालियन 48 में तैनात थे। 21 दिसंबर 2023 को राजौरी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान टोपापीर इलाके के निकट घने जंगल में घात लगाए बैठे आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर हमला कर दिया था। इस हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इनमें सैन्य वाहन चला रहे करन सिंह यादव भी शामिल थे।



शहीद करन सिंह।

हमले में शहीद करन सिंह के शरीर के कुछ अंग नहीं मिल सके थे। घटना के करीब पांच बाद मिले अंगों की डीएनए जांच के लिए 5 जून को राजौरी सेक्टर के दो सैन्य अधिकारी भाऊपुर गांव आए थे और यहां से शहीद के पिता बालकराम, मां सावित्री और भाई अरुण के रक्त नमूने लेकर गए थे। इसके बाद मंगलवार को सैन्य अधिकारी शहीद जवान का अस्थि कलश लेकर गांव पहुंचे। सैन्य अधिकारियों के हाथ में बेटे की अस्थियों वाला कलश देख पिता बालकराम, मां सावित्री जहां फफक कर रो पड़े, वहीं शहीद की बहनें साधना, आराधना, सोनम और पत्नी अंजू बिलख पड़ीं।



शहीद के अस्थिकलश पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अमृत विचार

घर के बाहर बरामदे में कुछ देर के लिए रखे गए अस्थि कलश पर परिजनों के साथ ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसडीएम रश्मि लाम्बा भी मौजूद रहीं। एसडीएम की मौजूदगी में सैन्य अधिकारी अस्थि कलश को शहीद स्मारक के लिए चिह्नित स्थान पर लेकर गए, जहां थोड़ी सी अस्थियां भू विसर्जित करने के बाद कलश को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान हाथों में तिरंगा लिए ग्रामीण करन सिंह अमर रहे के नारे लगाते रहे। यहां उदेतपुर प्रधान विद्यासागर यादव, प्रधान प्रदीप यादव आदि के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हर किसी की आंखें हुईं नम

भाऊपुर निवासी शहीद करन सिंह यादव का अस्थि कलश देख परिजनों के साथ पूरा गांव एक बार फिर गमगीन हो गया। सैन्य अधिकारियों के हाथ में माटी के लाल की अस्थियां देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव के आलोक यादव, जितेंद्र, नीरज, अविनाश, सुदामा, श्रीराम राठौर, राजवीर यादव आदि ने बताया कि करन जब भी छुट्टियों में गांव आता था, सभी से मुलाकात जरूर करता था। मिलनसार व बेहद सरल स्वभाव का करन घटना से कुछ दिन पहले ही गांव आया था। इस दौरान लोगों से होली पर गांव आने का वादा किया था, लेकिन ईश्वर को शायद कुछ और ही मंजूर था। इतना कहकर गांव वालों की आंखें भर आईं।

### पड़ोसी गांव मकरंदापुर में बनेगा शहीद स्मारक

भाऊपुर में ग्राम पंचायत की जमीन नहीं होने से शहीद करन सिंह यादव का स्मारक स्थल दूसरी ग्राम पंचायत मरखरा के मकरंदापुर गांव की भूमि पर बनेगा। मंगलवार को शहीद का अस्थि कलश गांव पहुंचने पर एसडीएम रश्मि लांबा ने परिजनों व क्षेत्रीय ग्रामीणों की मांग को देखते हुए चिह्नित भूमि पर शहीद स्मारक व पार्क बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर जल्द ही स्मारक का काम पूरा कराने का प्रयास करेंगी।

# ई रिक्शा चालक की पत्नी ने की थी हत्या

संवाददाता, बिल्हौर

### खुलासा

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हुआ सनसनीखेज खुलासा
- महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में देख किया था हमला
- पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार:** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के डोडवा जमौली गांव में रविवार को एक ई-रिक्शा चालक का ई रिक्शा में शव मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो सनसनीखेज खुलासा हुआ। ई रिक्शा चालक की हत्या की गई थी। वह भी किसी और ने नहीं, बल्कि उसकी पत्नी ने ही ईंट मारकर की थी। पुलिस ने मामले की खुलासा करते हुए उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

डोडवा अमौली गांव में रविवार को ई रिक्शा पर बैठे-बैठे ही अचानक चालक की गिरकर मौत होने की खबर आई थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। दो दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो मामले का ने सनसनीखेज खुलासा हुआ। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए पत्नी को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पत्नी सुनीता उर्फ गीता ने पति राधेलाल को एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसके बाद पत्नी ने पति पर ईंट से हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। ई रिक्शा पर बैठे चालक के शरीर में कोई हरकत न होते देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं लोगों ने मृतक के मुंह से झाग आता देख जहरीला पदार्थ खाने आशंका जताई थी।

पुलिस ने मामले का सटीक खुलासा करते हुए पत्नी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम के रिपोर्ट और तथ्यों की जांच में हत्या का खुलासा हुआ है, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

### खूनी रफ्तार

- घाटमपुर क्षेत्र के स्योंदी ललईपुर गांव के पास हुआ हादसा
- डीसीएम गाड़ी में बाइक फंसी तो छोड़कर भाग गया चालक

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के स्योंदी ललईपुर गांव के पास तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक फंसने से डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है।



पंकज सिंह।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के कनवापुर निवासी रघुवीर सिंह का 26 वर्षीय बेटा पंकज सिंह कानपुर में प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार देर शाम पंकज बाइक से सजेती क्षेत्र में रिश्तेदार के घर गया था। वहां से देर रात वापस अपने गांव लौट रहा था। घाटमपुर थाना क्षेत्र के स्योंदी ललईपुर गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ़्तार डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक डीसीएम के नीचे फंस गई, जिसके बाद चालक डीसीएम छोड़कर भाग निकला।



हादसे के बाद डीसीएम के नीचे बाइक फंस गई। अमृत विचार

यहां से निकलकर राहगीरों ने युवक का शव सड़क पर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस को युवक की जेब से पहचान पत्र मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि डीसीएम को कब्जे में लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के जैतपुर गांव में मंगलवार सुबह रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने व खेतों में पशुओं के घुसने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए।तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

जैतपुर गांव निवासी राम सजीवन व पुष्पा पत्नी वीरेंद्र सिंह के मध्य मंगलवार सुबह रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने व खेतों में पशुओं के घुसने को लेकर कहासुनी हो गई। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। झगड़े में रामसजीवन के पुत्र शैलेंद्र, कुलदीप व पुष्पा को चोटें आईं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तहरीर पर पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि मामूली बातों को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है, रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### ककवन सब्जी बाजार की वार्षिक नीलामी 31 अगस्त को

**बिल्हौर।** ककवन सब्जी बाजार की नीलामी 31 अगस्त को होगी। प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि वार्षिक नीलामी में क्षेत्र के लोग भाग ले सकते हैं। नीलामी से होने वाली आय से ही ग्राम पंचायत में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करता है। नीलामी के दौरान लेखपाल के साथ राजस्व अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।




श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## घाटमपुर थाना और चौकियों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, घर-घर सजाई गईं झांकियां

# कान्हा के जन्मोत्सव पर गूंजे भजन-कीर्तन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रात 12 बजते ही क्षेत्र में चारों ओर नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गूंज सुनाई देने लगी।

घाटमपुर, साढ़, सजेती, बिधनू थानों समेत, पतारा, भीतरगांव समेत अन्य चौकियों में धूमधाम के साथ जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। यहां पर श्री कृष्ण के जन्म के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, मां काली, बजरंगी हनुमान आदि झांकियां प्रस्तुत की गई। वही पुलिस कर्मियो ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की।

घाटमपुर कोतवाली में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की ओर से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कराया गया। थाने को बिजली लाइटों से सजाया गया। सजावट स्टेज आदि की जिम्मेदारी पुलिस कर्मियों की रही। यहां एलईडी टीवी से भगवान श्री कृष्ण का मथुरा से लाइव प्रसारण देखा गया।



थाने में बांके बिहारी की झांकी सजाई गई। अमृत विचार



दूधेश्वर मंदिर में सजी झांकी।

### झांकियों ने मन मोहा

चौकियों व थानों में 12 बजते ही शंख और घड़ियाल बज उठे। श्री कृष्ण का जन्म होते ही बारिश शुरू हो गई। घाटमपुर थाने में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने राधा कृष्ण, मां काली, हनुमान आदि की झांकियां प्रस्तुत कीं।

वही साढ़ थाने में थानाध्यक्ष केपी सिंह ने परिसर में टेंट लगवाने के साथ मंदिर की भव्य सजावट की गई। इसी तरह से पतारा चौकी, भीतरगांव चौकी, बिधनू थाने के खड़ेसर चौकी, मझावन चौकी को अलग लुक देने के लिए चौकी को गुब्बारों से सजाने के साथ पूरी चौकी में लाइट से जगमग करवा दिया। इसके साथ यहां पर प्रवेश द्वारा भी बनवाया गया। घरों में भी लोगों ने कान्हा का जन्मोत्सव मनाया।

### शिवराजपुर में भी धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**शिवराजपुर।** सोमवार को क्षेत्र के दूधेश्वर मंदिर प्रांगण में स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमें रात्रि में अचार्य सुशील बाजपेई व मौजूद अन्य भक्तों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया व श्री राधे कृष्णा का नामजप भी किया गया समय के अनुसार जन्मोत्सव मनाया गया रात के 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण नंद गोपाल का पंचामृत व गंगाजल से स्नान कराया गया पूजन व नाना प्रकार के भोग अर्पित किए गए फिर सभी मौजूद भक्तों द्वारा आरती की गयी इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## एक नजर

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**रनियां।** रायपुर बंबा के समीप कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बिधनू थाना क्षेत्र के जामू गांव निवासी दीपक सिंह मंगलवार को बाइक से कानपुर की तरफ जा रहे थे। तभी रनियां क्षेत्र के रायपुर बंबा के समीप एक कोल्ड स्टोर के समीप बैक कर रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी मुकेश सिंह सोलंकी ने बताया कि घायल के परिजन अस्पताल पहुंच गए हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### नाबालिक से छेड़छाड़ पर एफआईआर दर्ज

**रूरा।** बांदा जनपद के रहने वाले एक युवक ने नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ और गालीगलौज करने की एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी की मौत के बाद वह अपने नाबालिग बच्चों को लेकर रूरा थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर रहकर मजदूरी करता है। उसका आरोप है कि बीती 18 जून की सुबह किशनपुर गांव का रहने वाला किशन दिवाकर उसकी पुत्री का मोबाइल नंबर मांगने लगा। जब पुत्री ने मोबाइल नंबर देने से इंकार किया तो युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी युवक गालीगलौज करते हुए भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

# नबीपुर में जल्द बनेगा अंडरपास

## जिलाधिकारी की सख्ती के बाद आई तेजी, एनएचएआई ने टेंडर प्रक्रिया पूरी की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



मंगलवार को जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की सख्ती के बाद नबीपुर में अंडरपास बनने की कवायद तेज हो गई है। एनएचएआई ने अंडरपास के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। यह जानकारी एनएचएआई अधिकारियों ने बैठक के दौरान जिलाधिकारी को दी।

मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की मासिक बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। डीएम ने औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि संयुक्त टीम भेजकर औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र जैनपुर में भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट, जलभराव व मजदूरों के लिए हॉस्पिटल आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव न होने पाए। इसके लिए नाले-नालियों की साफ-सफाई समय पर कराई जाए। एक्सईएन विद्युत ने बताया कि रनियां में सर्विस लेन से लगभग सौ विद्युत पोल हटा लिए गए हैं। शेष कार्य जल्द की पूरा कर लिया जाएगा। डीएम ने एक माह के अंदर कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जीएम डीआईसी को निर्देशित किया कि उद्यमियों की शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने उद्यमियों व व्यापारियों से कहा कि वह अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किसी भी समय आ सकते हैं। बैठक में उद्यमियों को अपने प्रतिष्ठानों में अधिक से अधिक संख्या में आईटीआई प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिस कराए जाने की अपेक्षा की गई। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन, पीडी वीरेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद समेत उद्यमी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के उपहारों की होगी रेंडम जांच

**कानपुर देहात।** डीएम न वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के संबंध में बैठक की। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञाशंकर ने बताया कि निदेशालय स्तर से निर्धारित शुभ तिथियों के अनुसार नवंबर माह में तिथि निश्चित कर वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने उपस्थित बीडीओ व ईओ को ऑनलाइन आवेदन पत्रों के पंजीकरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। जिससे जनसामान्य योजना का लाभ ले सके। उन्होंने लॉगिन पर पूर्व से जांच के लिए लंबित आवेदन पत्रों की जांच कर अग्रसारित करने को भी कहा। डीएम ने उपहार सामग्री चार दिन पूर्व मंगवाकर गुणवत्ता जांच क्रय समिति द्वारा दोबारा रेंडम आधार पर कराए जाने के निर्देश दिए।

## प्रसव होने के बाद महिला की मौत की होगी जांच

**रूरा।** जिला अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत पर परिजनों द्वारा लापरवाही के आरोप पर चार सदस्यीय टीम जांच करने गांव पहुंची। मृतका के परिजन चिकित्सकों पर आरोप लगाते रहे और कोई अन्य जानकारी नहीं दे सके। जिससे टीम बिना जांच किए वापस लौट गई।

मड़ौली गांव निवासी कुलदीप की पत्नी रुचि की बीते रविवार को जिला अस्पताल अकबरपुर में प्रसव के बाद मौत हो गई थी। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया था। घटना को लेकर गांव के लोगों व परिजनों में रोष व्याप्त था। सोमवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं मंगलवार को सीएमओ डॉ. एके सिंह के निर्देशन में चार सदस्यीय टीम मड़ौली पहुंची।

टीम के डॉक्टर आशीष कुमार, लैब टेक्नीशियन जितेंद्र सिंह, जयेंद्र हेल्थ सुपरवाइजर, बीआरए रणवीर सिंह ने गांव में जानकारी जुटाकर मौत का कारण लगा लगाने का प्रयास किया। टीम के डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन मृतका के परिवारी जन केवल लापरवाही का आरोप लगाते रहे। फिलहाल जांच नहीं हो सकी है।



राजपुर ब्लॉक में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनते विद्युत विभाग के अफसर।

# शिविर में बिजली की दो सैकड़ा समस्याएं हल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्या व शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए मंगलवार को राजपुर ब्लॉक परिसर में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान दो सौ लोगों की समस्या सुनकर निस्तारण किया गया। साथ ही दो लाख रुपये की बकायेदारी भी जमा की गई।

मंगलवार को शिविर में 200 उपभोक्ता की समस्याएं सुनीं गई। शिविर में 11 लोगों को नए विद्युत कनेक्शन दिए गए। आठ उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाने के साथ छह के बिलों में सुधार किया गया। बकाया विद्युत बिलों का भुगतान, कनेक्शन, लोड बढ़ाने, मीटर लगाने, ट्रांसफार्मर, फीडर, लोड, वोल्टेज, जर्जर तार की समस्याओं का निस्तारण किया गया है। वहीं राजपुर कस्बे में बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर बड़े बकायदारों के लगभग 40 कनेक्शन काटे गए हैं।

उपकेंद्र के जेई सौरभ त्रिपाठी ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि समय से बिल जमा कराएं और कनेक्शन कटने व एफआईआर से बचें। इसके साथ ही घर-घर मीटर लगाने के कार्य में निगम के अफसरों का सहयोग करें। शिविर में लिपिक अजय गुप्ता, विशाल गुप्ता, टीजीटू ब्रजेश केसरी, शिवम अग्निहोत्री, शिवम कटियार मौजूद, सर्वेश, ओमकार मौजूद रहे।

# राजस्व गांवों की गलत सूची से भ्रम

संवाददाता, शिवली



मैथा तहसील में राजस्व गांवों की सूची देखते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मैथा तहसील के रजिस्टार कार्यालय में लापरवाही का आलम व्याप्त है। हालत यह है कि रजिस्टार कार्यालय के उदघाटन के एक वर्ष बाद भी राजस्व गांवों की सूची में कई गलत नाम सूचना बोर्ड पर अंकित हैं। जिससे ग्रामीणों में भ्रम भी पनप रहा है।

मैथा तहसील में 12 जुलाई 2023 को रजिस्टार कार्यालय का उद्घाटन स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने किया था। उसी समय राजस्व गांव की सूची कार्यालय के अंदर दीवार पर पेंट से लिखाई गई थी। क्षेत्र के 122 गांवों की सूची में अन्य जगहों के कई गांवों के नाम भी अंकित हैं। जिससे ग्रामीणों में भ्रम पनप रहा है।

अधिवक्ता अनुज पाल, बृजबिहारी व जनार्दन सिंह ने बताया कि करीब आधा दर्जन गांव पेंट कराई गई राजस्व गांवों की सूची में नाम गलत लिखे गए हैं। रजिस्टार कार्यालय में तैनात अधिकारियों को मैथा के राजस्व गांव तक की जानकारी नहीं है। कारी कलवारी, शेरपुर, तितीरामऊ, मुसाहिबपुर आदि गांव दूसरी जगह के है। इसे सही भी नहीं कराया जा रहा है।

- 122 गांवों की सूची में गलत गांवों के नाम दर्ज, फिर भी अफसरों ने दुरुस्त नहीं कराए नाम

> गलती से गांवों के कई गलत नाम लिख गए हैं। तहसीलदार से राजस्व गांवों की सूची लेकर गलत नामों को शीघ्र ठीक कराया जाएगा।
>
> -अशोक कटारिया एआईजी स्टांप

# छुट्टा मवेशी पकड़ने के लिए आया वाहन

संवाददाता, संदलपुर

- संदलपुर ब्लाक में क्षेत्र पंचायत निधि से खरीदा गया वाहन

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के लोगों को जल्द ही छुट्टा मवेशियों की समस्या से निजात मिल सकेगी। क्षेत्र पंचायत से मवेशियों को पकड़ने के लिए कैटल कैचर वाहन की खरीद की गई है। पंजीकरण के बाद इसका उपयोग शुरू हो जाएगा।

संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में लंबे समय से छुट्टा मवेशी किसानों के लिए समस्या बने हुए हैं। दिन-रात खुलेआम घूमते मवेशियों का झुंड खेतों में खड़ी फसलों को चंद मिनटों में ही सफाचट कर जाता। जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कई किसान तो रात-रात भर जागकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर होते हैं। वहीं क्षेत्र की सड़कों पर भी छुट्टा मवेशी डेरा जमाए रहते। जिससे आए दिन हादसे होते और कई लोगों को जान भी गवानी पड़ चुकी है।

लोग छुट्टा मवेशियों को पकड़वाने की मांग कर रहे थे। क्षेत्र पंचायत निधि से कैटल कैचर वाहन की खरीद की गई है। मंगलवार को वाहन विकासखंड कार्यालय परिसर पहुंच गया। खंड विकास अधिकारी धनप्राप्त यादव ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में आवारा पशुओं की आमद बढ़ गई है। जिन्हें पकड़ने के लिए कैटर कैचर वाहन खरीदा गया है। हालांकि वाहन का रजिस्ट्रेशन किया जाना बाकी है। पंजीकरण कराने के बाद कैटल कैचर वाहन का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा।


# अल्ट्रासाउंड में नहीं रुक रहा खेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सरकारी अस्पतालों में नकारी जाती रिपोर्ट, मरीज होते परेशान

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय पर ही स्वास्थ्य मानकों का जमकर खिलावड़ किया जा रहा है। जगह-जगह खुले निजी अस्पतालों व पैथॉलाजी में बिना रेडियोलॉजिस्ट का पद लिखे ही अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं। ऐसे में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक भी भ्रमित होकर शंका जताते हैं। जबकि जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

शासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर व मरीजों के समुचित इलाज के लिए गाइडलाइन व कई शासनादेश जारी किए गए हैं, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण जिला मुख्यालय पर ही इनका जमकर मखौल उड़ाया जा रहा है। जिससे सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। कुछ इसी का मामला जिला अस्पताल अकबरपुर के ठीक सामने लोकप्रिय हॉस्पिटल-अल्ट्रासाउंड सेंटर का है।



बिना पद लिखे जारी की गई रिपोर्ट।

यहां पर सौरभ नाम के एक मरीज का करीब एक सप्ताह पहले अल्ट्रासाउंड किया गया था। यहां से जारी की गई रिपोर्ट में अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर का पद नाम नहीं लिखा गया था। चिकित्सक का नाम भी संक्षेप में दर्ज था। उपचार के लिए मरीज जब अकबरपुर सीएचसी पहुंचा तो चिकित्सकों ने रिपोर्ट पर सवाल खड़े कर दिए।

> अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में डॉक्टर का स्पष्ट नाम और पद लिखा होना अनिवार्य है। लोकप्रिय हॉस्पिटल से बिना डॉक्टर का पद लिखे अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जारी होने की जांच की जाएगी।
>
> -डॉ. आईएच खान, डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी

अल्ट्रासाउंड जांच के बाद बिना पद व नाम लिखे रिपोर्ट जारी होने के पूर्व में भी कई मामले सामने आए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार महज खानापूरी कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। सरकारी अस्पतालों में ऐसी रिपोर्टों को दरकिनार कर दूसरी जगह फिर से जांच की सलाह दी जाती है। जिससे मरीजों को दोहरी मार पड़ती है।



राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय निर्माण का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह।

## विद्यालय का काम पूरा करने के निर्देश

**कानपुर देहात।** मंगलवार को डीएम आलोक सिंह सरवनखेड़ा में निर्माणाधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञाशंकर ने बताया कि उक्त विद्यालय का निर्माण विभाग के तत्वावधान में कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय भवन को पिछले साल 31 मार्च तक पूर्ण होना था। डीएम ने निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा न कराए जाने पर रोष व्यक्त किया। साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मानक व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। समाज कल्याण अधिकारी को निर्माण कार्य की मौके पर जाकर कार्य की प्रगति की जांच करने के भी निर्देश दिए।

# जन्मोत्सव में गायकों ने मचाई धूम

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर थानों में जमकर धूम रही। इस दौरान राधा-कृष्ण की झाकियां सजाई गईं और कार्यक्रम हुए।

सिकंदरा थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने परिसर को सुसज्जित कराते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए विभिन्न जिलों से प्रसिद्ध गायक-गायिकाओं को आमंत्रित किया गया। इटावा से आई तमन्ना शर्मा ने भगवान लीलाधर माखनचोर के भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमुदाय को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह तक माहौल भक्तिमय रहा। बेहतरीन भजनों पर पूरे समय तक तालियां गूंजती रहीं। लोगों ने पुरस्कार भी दिया।



जन्माष्टमीं पर सिकंदरा थाने में भजन प्रस्तुत करते गायक। अमृत विचार

इस दौरान एसएसआई तवारक अहमद, एसआई सुशील चंद्र, एसआई चरन सिंह, चालक श्यामपाल खिरोगिया, कांस्टेबल नीरज यादव, धीरज पटेल, रणजीत यादव, नीरज सोमवंशी, हेड कांस्टेबल अवध बिहारी, आशुतोष मौर्या, गौरव सिंह, सिकंदरा व्यापार समिति अध्यक्ष संत कुमार उर्फ बबलू कटियार, उद्योग व्यापार समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पाल, नीरज मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## करंट लगने से अधेड़ की मौत

**कानपुर देहात।** बिरिया गढ़ेवा गांव में करंट की चपेट में आकर एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के बिरिया गढ़ेवा गांव निवासी बलवीर सिंह (42) बीती सोमवार की रात अचानक विद्युत करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। जानकारी पर परिजन आनन-फानन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद बलवीर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। वहीं मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप



मेधावी छात्रों को टैबलेट देतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को बांटे टैबलेट

**रूरा।** तिगाईं गांव स्थित जयंती आईटीआई में टेक्निकल शिक्षा में अध्ययनरत मेधावियों को राज्यमंत्री ने टैबलेट बांटे। मंगलवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मेधावियों को टैबलेट दिए। विद्यालय के प्रबंधक व उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा और प्रधानाचार्य श्रद्धा मिश्रा ने अतिथि का प्रतीक चिंह व पुष्प गुच्छ देकर व छात्राओं ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। आईटीआई में कुल 29 टेबलेट स्वीकृत हुए थे। जिसमे से 16 मेधावियों को वितरित किए गए। जिन्हें पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से विद्यार्थियों की प्रगति व उनकी शिक्षा के उन्नयन के लिए फोन व टेबलेट वितरण किए जा रहे हैं। विद्यार्थी इसका सदुपयोग कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। इस मौके पर प्राचार्य प्रशांत अवस्थी, शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

### दरोगा की मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की

**रूरा।** युवक ने रूरा थाने में तैनात एक दरोगा पर मुकदमा वापस करने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। काशीपुर गांव के रमेश प्रजापति ने दिए शिकायती पत्र में बताया है की बीती 17 जुलाई को उसके नाबालिक पुत्र दीपक को गांव के छोटू, गुन्नी, राहुल व राजू ने अपने साथ ले जाकर कहीं गायब कर दिया है। इसकी एफआईआर रूरा थाने में दर्ज कराई थी। आरोप है कि मामले में विवेचक दूसरे पक्ष ने धन लेकर उससे जबरदस्ती मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। बात न मानने पर फर्जी मुकदमा लिख जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित के पास अपने पुत्र को उक्त लोगों द्वारा ले जाने की सीसीटीवी की फुटेज होने की बात कही है।



कालेज में विरोध जताते शिक्षक और छात्र। अमृत विचार

### महिला डॉक्टर से हैवानियत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**संदलपुर।** क्षेत्र के नालंदा इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं ने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर को लेकर विरोध जताया। इस मौके पर विद्यालय समिति की अध्यक्ष आरती तिवारी, प्रबंधक प्रदीप तिवारी, प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह, उप प्रधानाचार्य धर्मेंद्र यादव व शिक्षकों ने हत्याकांड को लेकर गहरी निंदा की। साथ ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव के पास बाइक और विक्की में टक्कर होने पर तीन लोग घायल होने पर राहगीरों के द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां पर उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

प्रहलादपुर के पूरन सिंह ने बताया कि भाई शिवपाल सिंह बाइक से घर आ रहा था। हारामऊ के निहाल और रवि विक्की में सवार होकर गांव से पुखरायां आ रहे थे,हारामऊ गांव के पास बाइक और विक्की आमने सामने टक्कर होने पर तीनो घायल हो गए,राहगीरों के द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया,जहां पर ड्यूटी में तैनात डा राजवीर सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया,जिसमे घायलों का हालत में सुधार न होने पर तीनो को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**धूम मची** चपरघटा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद निकाली गई शोभायात्रा, मेले में महिलाओं ने की जरूरत की खरीदारी



चपरघटा में शोभायात्रा निकाली गई। अमृत विचार



नौका विहार करते श्रीकृष्ण-राधा। अमृत विचार



मेले में खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# शोभायात्रा के बाद राधा-कृष्ण ने किया नौका विहार

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** श्रीराधा-कृष्ण विराजमान मंदिर चपरघटा में जन्मोत्सव के बाद मंगलवार को भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद उन्हें नौका विहार कराया गया। वहीं मेले में लोगों ने खरीदारी की।

सैकड़ों वर्ष से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जन्माष्टमी पर्व के एक दिन बाद मंगलवार को चपरघटा सेंगुर नदी पुल पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की शोभा यात्रा निकाली गई। बाद में सेंगुर नदी में नौका से जल विहार कराया गया। मेले में भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की शोभा यात्रा चपरघटा मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख गलियों से घूमती हुई सेंगुर नदी पुल पर पहुंची।

- मंदिर से निकली शोभायात्रा भ्रमण कर सेंगुर नदी पहुंची

यात्रा में शामिल श्रद्धालु अपने हाथों में बड़ी-बड़ी पताकाएं लिए हुए थे। शंख और घड़ियाल की ध्वनि के साथ ही जय श्री राम, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल का उद्घोष कर रहे थे। वहीं युवा भांगड़ा की धुन में थिरक रहे थे। मेले में महिलाओं ने अपने जरुरत के सामान की जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूले, मिक्की माउस का आंनद लिया। इस मौके पर मंदिर के सर्वराकार सुनील पांडेय, सुशील पांडेय पूर्व जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, रमन पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित पॉलीथिन का खुलेआम प्रयोग, अफसर मौन

## जिले के आसपास जनपदों से आती है प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्रशासन ने अभी तक कोई बड़ा कदम नहीं उठाया

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बीते दिनों सिटी मजिस्ट्रेट को जिले के फूल विक्रेताओं को प्रतिबंधित पालीथीन के उपयोग पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। वैसे भी शासन के निर्देश पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। लेकिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसका धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है। इसके बाद भी जिला प्रशासन व नगर निकाय इसे रोकने में नाकामयाब साबित हो रहा है।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने प्रतिबंधित पॉलिथिन पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी जिले में प्रतिबंधित पॉलिथीन के निर्माण, भंडारण व बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। जिले में प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिले में शहर के साथ बीघापुर, पुरवा, हसनगंज, नवाबगंज, अचलगंज, सफीपुर व बांगरमऊ आदि क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री होने के साथ उनमें सामान भी खुलेआम मिल रहा है। ऐसे में नगर निकाय के अधिकारियों के दावे तार-तार होते नजर आ रहे हैं।

संबंधित विभागों के अधिकारी सिर्फ कागजों पर ही कार्रवाई करते हैं। जबकि शहर में खुलेआम लोग दूध, जूस, फल, सब्जी, कपड़े आदि पॉलीथिन में ले रहे हैं। अफसरों की उदासीनता के चलते जिले में न तो इसकी बिक्री पर और ना ही उपयोग पर रोक लग पा रही है।



प्लास्टिक की थैले में सामग्री ले जाती महिला व युवक।



कांशीराम कॉलोनी में नाली किनारे लगा पॉलीथीन का ढेर।

### नगर निकायों के अधिकारी नहीं पकड़ पा रहे प्रतिबंधित पॉलीथिन

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों, बाजारों व गोदामों में रखी पॉलिथीन को नगर निगम पकड़ने के लिए सिर्फ दिखावे के लिये अभियान चलाता है। लेकिन, यह कहां से आ रही है इसका पता लगाने की कोई भी जहमत नहीं उठाता है। यही वजह है कि इसका खुलेआम प्रयोग हो रहा है। शहर के व्यापारियों का कहना है कि जिले में पॉलीथिन का निर्माण नहीं होता है। ऐसे में अन्य जिलों से यहां प्रतिबंधित पॉलीथिन आती है।

### समाज व जीवन के लिए है खतरनाक है पालीथिन

चिकित्सकों की मानें तो सिंगल यूज प्लास्टिक जिले में प्रदूषण का प्रमुख कारण बन रही है। यह लोगों के जीवन के लिए भी खतरनाक है। पॉलीथिन को एक प्रयोग करने के बाद खुले में फेंक दिया जाता है। यह जमीन में सालों पड़ी रहती है जिससे मृदा प्रदूषण बढ़ रहा है। नदियों में जाने से उनका पानी भी दूषित हो रहा है। यदि प्लास्टिक किसी माध्यम से लोगों के शरीर में जाती है तो यह कैंसर को जन्म देती है।

### बोले जिम्मेदार

नगर पालिका उन्नाव के अधिशाषी अधिकारी संजय गौतम ने बताया कि पालीथिन बेचने वालों के विरुद्ध समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। जल्द ही इसे लेकर अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी।

## लोक अदालत के लिए न्यायिक अफसरों की हुई बैठक

**उन्नाव।** लोक अदालत को सफल करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव की अगुवाई में न्यायिक अफसरों की बैठक हुई। इसमें लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को कोर्ट के चक्कर लगाने से राहत दिलाने पर चर्चा की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष व जिला जज के निर्देश पर विशेष लोक अदालत 11 से 13 सितंबर तक लघु अपराधिक वाद से संबंधित व 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके इसके लिए एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने मंगलवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता नोडल अधिकारी एडीजे शिप्रा आर्या ने की। प्राधिकरण सचिव ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया। इसमें सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक वाद निस्तारित किए जाने जोर दिया गया।



बांगरमऊ में जन्माष्टमी पर भजन गाते सीओ अरविंद कुमार। अमृत विचार



पुलिस लाइन में जन्माष्टमी पर झांकी प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार



पुलिस लाइन में उपहार देते जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना।

# डीएम और एसपी के साथ सिपाहियों ने धूम से मनाई जन्माष्टमी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में सोमवार रात श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें आयोजित की कार्यक्रमों की शुरुआत डीएम गौरांग राठी की मौजूदगी में विधिविधान से आचार्यो के वेदमंत्रों के बीच एसपी सिदार्थ शंकर मीना ने अपनी धर्मपत्नी इंदिरा मीना के साथ हवन में आहुति देकर की। साथ में एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ ऋषिकांत शुक्ला सहित अन्य अफसर मौजूद रहे। इसके बाद कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संगीत गुरु प्रेम कुमार शर्मा आचार्य के निर्देशन में गायिका शैलजा और गायक रमेश राना के भजनों को पर मौजूद लोग मंत्रमुग्ध रहे। इसमें पुलिस परिवार के बच्चों, राइजिंग डांस अकादमी, सोल ऑफ डांस अकादमी की प्रतिभाओं ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

इस दौरान एसएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सीओ सिटी सोनम सिंह, आरआई अब्दुल रशीद अहमद सहित परिवार कल्याण से सुरेखा शर्मा, संगीता वर्मा, लाइन परिसर से दरोगा नरेंद्र , नेक मोहम्मद आदि मौजूद रहे। डीएम व एसपी ने अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी।

### सीओ ने श्रीकृष्ण के भजन प्रस्तुत कर बांधा समां

**बांगरमऊ।** कोतवाली परिसर स्थित शिव मंदिर पर बीती सोमवार रात जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। कीर्तन मंडली के कलाकारों ने रात भर भजनों से श्रोताओं को भक्तिरस से सराबोर रखा। इसी बीच सीओ अरविंद कुमार भी मंच पर जा पहुंचे और हारमोनियम की धुन व ढोलक की थाप पर सुर ताल के साथ मुरलिया वाले रे, सांवरिया प्यारे रे गीत प्रस्तुत किया। बाद में सीओ ने भगवान कृष्ण की शान में कई गीत प्रस्तुत कर महफ़िल में शमा बांध दिया। इस अवसपर पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने पुलिस जनों के सहयोग से भक्तों को पूड़ी-सब्जी व खीर का प्रसाद वितरित कराया। इस दौरान विधायक श्रीकांत कटियार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, रावेंद्र सिंह, डॉ महेंद्र, धर्मेंद्र राजपूत, मुन्नू सिंह भंडारी, अनमोल श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, पूर्व चेयरमैन गंजमुरादाबाद रामनरेश कुशवाहा, प्रदीप सोनी व विमल चन्द्र शुक्ल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा संडीला मार्ग स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, मोहल्ला पंजाबी टोला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर व बेहटा मुजावर थाना सहित नगर के सैकड़ों घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण का भव्य श्रृंगार कर जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया।

### जन्माष्टमी पर मेडिकल छात्रों ने फोड़ी दही हांडी

**सोहरामऊ।** क्षेत्र के सरस्वती मेडिकल कालेज में छात्रों ने पर्व धूमधाम से मनाई। इस दौरान जूनियर व सीनियर बैच के छात्रों ने साथ मिलकर शानदार कार्यक्रम आयोजित किया। पूजन के बाद छात्रों ने दही हांडी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया। डीजे की धुन पर छात्रों ने नृत्य किया और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान बारिश शुरू होने से छात्रों का उत्साह और बढ़ गया।



सरस्वती मेडिकल कालेज में जन्माष्टमी पर दही हांडी फोड़ते छात्र। अमृत विचार

# मानसिक बीमार युवक ने फंदे से लटककर दी जान

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के डकौली गांव निवासी युवक ने साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के मुताबिक युवक मानसिक बीमार था। उसका इलाज भी चला था।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के डकौली निवासी पवन (35) पुत्र चंद्रिका सोमवार रात अपने कमरे की छत पर लगे पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गया। पत्नी जब कमरे में पहुंची तो पति को लटका देख उसकी चीख निकल गई। चीख सुन आसपास के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी खुशबू ने बताया कि उसकी शादी पवन से 6 साल पहले हुई थी। बताया कि करीब डेढ़ साल पहले पति मानसिक बीमार हुआ तो उसका कानपुर के एक मनोरोग विशेषज्ञ से इलाज चला था। इधर कई दिन से वह परेशान था। लेकिन डॉक्टर को दिखाने नहीं तैयार था। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है।



पवन।

## सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण विकास मंत्री को भेजा पत्र

**परियर।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र भेजकर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के गांव परियर से मरौंदा, लल्लू पुरवा, बंदन पुरवा, देवी पुरवा, माना बंगला होते हुए गंगातट तक सड़क बनवाने की मांग की है। इन गावों को जाने वाली रोड जर्जर है। क्षेत्र के राजकुमार, कौशल, राजेंद्र, शिवम, दिनेश, आजाद, सरोज, सुधीर, मनोज, पवन व संतू आदि ने बताया कि बीते कई वर्षों से इस सड़क को बनवाने की मांग की गई थी। लेकिन, किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

# तालाब में डूबने से हुई अधेड़ की मौत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** बेटी का आधार कार्ड संसोधन कराकर वापस लौट रहे अधेड़ की तालाब में गिरकर डूबने से मौत हो गई। राहगीरों ने शव उतराता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मखदूम नगर (लोधौसी) गांव निवासी रामप्रसाद उर्फ झल्लू पासी (55) अपनी बेटी लक्ष्मी का आधार कार्ड संसोधन कराने क्षेत्र के अलाउद्दीन खेड़ा गया था। काम होने के बाद उसने बेटी को ई-रिक्शा पर बिठा दिया और वह पैदल ही वापस मखदूम नगर जा रहा था। अभी वह जमालुद्दीनपुर गांव के पास रोड किनारे तालाब के पास पहुंचा ही था कि वहां स्थित तालाब में गिर गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी पत्नी शांति पैरों से विकलांग है। वह सफीपुर कस्बे में भीख मांगकर परिवार पालता था। पिता की मौत से बेटी व पति की मौत से पत्नी शांति रो-रोकर बेहाल है। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।



मौके पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोग। अमृत विचार

बदहाली | 4 .83 करोड़ की लागत से बनाई गई सड़क 1 साल के भीतर ही गड्ढों में हो गई तब्दील

# ठेकेदार को नोटिस, करानी होगी सड़क की मरम्मत

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** 4.83 करोड़ से बनी सड़क जब एक साल में पूरी तरह से खस्ताहाल हो गई और क्षेत्रीय लोगों ने इस समस्या की जानकारी अमृत विचार को दी तो हमारे संवाददाता ने इस समस्या को मौके पर जाकर देखा। समस्या सही मिलने पर इसकी खबर को बीती 18 अगस्त को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। इसके बाद संबंधित विभाग के अफसरों ने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिये हैं।

बता दें कि लगातार आ रही समस्या की शिकायत के बाद बीती 18 अगस्त को अमृत विचार संवाददाता ने हसनगंज क्षेत्र में बनी सड़कों का हाल जाना था। इसमें पता चला कि जुलाई-2023 में नेशनल हाइवे-25 चमरौली से बिछिया तक का निर्माण उन्नाव शहर के पीडी नगर निवासी अरुण अवस्थी की में. अरुण कंस्ट्रक्शन द्वारा 4 करोड़ 83 लाख 23 हजार से कराया गया था। सड़क में घटिया निर्माण सामग्री उपयोग होने से इसकी स्थिति बद से बदतर हो चुकी थी। वर्तमान में बारिश की मार से सड़क पूरी तरह से टूट चुकी थी। सड़क की गिट्टी निकलकर बाहर आ चुकी थी। आधी बारिश में ही सड़क टूटने के साथ ही इसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके थे। जिससे लोगों की जान का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके बाद विभागीय अफसरों की नींद टूटी और अरुण कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार अरुण अवस्थी को नोटिस जारी करते हुए सड़क की जल्द मरम्मत कराने का आदेश दिया है।



एक साल में बह गई 4.83 करोड़ से बनी सड़क

18 अगस्त को प्रकाशित खबर।

- अमृत विचार में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर हुई कार्रवाई

### बोले जिम्मेदार

विभाग के एक्सईएन संजीव कुमार जैन ने बताया कि आपके अखबार में खबर छपने के बाद इसकी जांच कराई गई थी। कमियां मिलने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराने के निर्देश दिये गए हैं। ठेकेदार ने मौसम की वजह से थोड़ा समय मांगा है।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 4 साल पहले हुई घटना पर अदालत ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र में हुए किशोरी से दुष्कर्म के मामले में एडीजे-11 पाक्सो कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी युवक को दोषी ठहराया। 20 साल की सजा के साथ उस पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 5 जुलाई-2020 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि थानाक्षेत्र के नेवरना गांव के मजरा टिकाखेड़ा निवासी दिनेश ने उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया और उसके बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। आईओ तत्कालीन एसओ देवेंद्र सिंह भदौरिया ने जांच कर 24 अगस्त-2020 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। केस एडीजे-11 कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। जिसके बाद एडीजे विवेकानंद विश्चकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई की दलील व साक्ष्य के आधार पर दिनेश को दोषी ठहराया।



## सार-संक्षेप



खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते सचिव फुटबॉल संघ कानपुर व जिला क्रीड़ाधिकारी।

### पहले फुटबॉल मैच में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने 4-0 से बाजी मारी

**उन्नाव।** मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन व राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय जिला स्तरीय फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को अजीत सिंह सचिव फुटबॉल संघ कानपुर व जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल पं. दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया। पहले दिन फुटबॉल बालक प्रतियोगिता हुई। इसमें कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सचिव फुटबॉल संघ कानपुर अजीत सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिश्रम व लगन के साथ खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम के साथ खेल को बेहतर बनाते जाना ही सफलता की कुंजी है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे आठ टीमों के भाग लिया। पहला मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम उन्नाव व खेलवीर एकेडमी के बीच हुआ। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम 4-0 से विजयी रही। वहीं दूसरा मैच स्टेडियम एफसी उन्नाव व इलेवन स्टार के बीच हुआ। जिसमें इलेवन स्टार टीम ने 6-3 से जीत हासिल की। इस दौरान प्रमोद द्विवेदी, रोहित तिवारी, विकास अवस्थी, मनोज कुमार, कुशमेश, शिवानी गुप्ता, शशिकांत आदि उपस्थित रहे।



जिलाध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह देते ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित।

### भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**उन्नाव।** विकासखंड हिलौली सभागार में मंगलवार को भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत मंल कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार को अंगवस्त्र व प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एक सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके बाद ही अभियान की शुरुआत होगी। बताया कि हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। यह अभियान दो चरणों मे चलेगा। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि बूथ स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन 31 अगस्त को किया जायेगा। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहहन किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजन दीक्षित, रमेश बाजपेई, रजनीश वर्मा, रामशंकर राजपूत, रामप्रकाश लोधी, संजय श्रीवास्तव, महेश सोनी, पुष्पराज सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में मौजूद लोगों को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

### मंडलों में हुई भाजपा सदस्यता के लिए कार्यशाला

**उन्नाव।** सितंबर में शुरू हो रहे भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए सभी मंडलों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुरवा विधानसभा क्षेत्र के असोहा मंडल में जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार पहुंचे। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य इस अभियान से केवल पार्टी की सदस्य संख्या में वृद्धि करना नहीं है। बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य जनता तक पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा व सरकार की योजनाओं की जानकारी देना भी है। इससे हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपनी सार्थक और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सके। उन्होंने मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला के अंतर्गत जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, आशीष बाजपेई, विपिन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों से अलग-अलग मंडलों में पहुंचने और कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

### 4 दिन से पिता लापता, बेटे ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव तुसरौर निवासी नरेश ने पुलिस को दी तहरीर में अपने पिता की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता सरजू प्रसाद (65) का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। वे बीती 23 अगस्त की रात 10 बजे खेत की रखवाली करने गये थे। वापस न आने पर खोज की मगर कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने कोतवाली में मंगलवार को गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### लूट के आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचे पुलिस के हाथ

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत टोल-बैरियर के पास 5 दिन पूर्व हुई लूट के मामले में पुलिस लूटेरों के नजदीक पहुंच गई है। अब क्षेत्र के एक सरार्फा व्यवसायी से भी पूछताछ हो रही है। लुटेरों के पास के एक गांव के होने की चर्चा है।बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के टोल बैरियर के पास 5 दिन पूर्व अपनी ससुराल राजाजी पुरम लखनऊ से पत्नी रोशनी के साथ लौट रहे कस्बा के शीतलगंज मोहल्ला निवासी रोशन लाल पुत्र धनश्याम से एक निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी के पास बाइक सवार दो लोगों ने उसकी पत्नी के कान का झाला छपट्टा मारकर लूट लिया था। पति ने काफी दूर तक उनका पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल रहे थे। तभी से पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। जैतीपुर के पास एक सरार्फा व्यवसायी के पास बाइक के फुटेज मिले तो वहां से पुलिस ने उसे उठाया तो युवकों के नाम उजागर हो गये। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पुलिस आगे बढ़ रही है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि कई लोगों को पूछताछ के लिये कोतवाली लाया गया है। जल्द ही लूट का खुलासा किया जायेगा। अभी घटना को लेकर कार्रवाई चल रही है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर की मारपीट

**उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के इछौली गांव के मजरा बाबूखेड़ा निवासी दीपक पुत्र दिनेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम उसका चचेरा भाई अंकित पुत्र महेश दवा लेने खत्रिनखेड़ा गया था। तभी नशे में धुत गांव के राम सजीवन पुत्र बालारे उससे गालीगलौज करने लगा। जिसे नजर अंदाज कर अंकित घर लौट आया। लेकिन रामसजीवन उसके घर पहुंच गया और यहां भी गालीगलौज की। इस पर घर में मौजूद मां नीलम, चाची मालती व बहन कंचन उसे मना किया। इस पर रामसजीवन के परिवार के अन्य लोग भी पहुंच गए और मारपीट करने लगे। इसमें नीलम, मालती, कंचन व अंकित को चोटें आई हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### मुख्यमंत्री के आदेश की उड़ी धज्जियां, अंधेरे में कान्हा का जन्म

**औरास।** विकासखंड औरास क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर करीब 50 ग्राम पंचायतों में विद्युत लाइन में फाल्ट आने से शाम 6 से रात 2 :58 बजे तक लाइट गुल रही। ऐसे में भक्तों को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मोबाइल की टार्च व इमरजेंसी लाइट के सहारे मनाना पड़ा। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश था कि जन्माष्टमी के दिन लाइट कटनी नहीं चाहिए। लेकिन विभागीय अफसरों की लापरवाही के चलते क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। जन्माष्टमी का पर्व अंधेरे में मनाने से लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पिछले साल भी जन्माष्टमी पर काफी देर तक क्षेत्र में बिजली नहीं रही थी।

# अवैध कब्जों पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

## 2.09 करोड़ कीमत की भूमि कराई गई कब्जा मुक्त, पोनी रोड पर श्री नगर मोहल्ले में हुई कार्रवाई

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



श्री नगर में अवैध निर्माण को ध्वस्त करता बुलडोजर। अमृत विचार


विरोध करने वालों को समझाते एसडीएम हिमांशु गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोनी रोड स्थित वार्ड 27 के श्रीनगर में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। स्थानीय रामलीला समिति के पदाधिकारी लंबे समय से सरकारी भूमि पर कब्जा होने की शिकायत कर रहे थे और इस समस्या को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात भी कही थी। जिसे अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर को डीएम ने संज्ञान में लिया और सरकारी जमीन से कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये। जहां करोड़ों की भूमि कब्जा मुक्त कराई गई।

श्रीनगर में भूमि संख्या 364 और 365 पर श्री सार्वजनिक शुक्लागंज रामलीला समिति द्वारा कई सालों से लीला का मंचन किया जा रहा था। हाल ही में कुछ लोगों ने इस सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था, जिसके चलते रामलीला के आयोजन की भूमि भी उसी में शामिल हो गई थी। समिति के पदाधिकारी प्रशासन से बार-बार गुहार लगा रहे थे कि लीला की जमीन को कब्जा मुक्त कराकर आयोजन के लिए उपलब्ध कराया जाए। इस मुद्दे को आपके अपने अमृत विचार अखबार ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया और मंगलवार के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे डीएम ने मामले की गंभीरता को समझते हुए एसडीएम को निर्देशित किया। मंगलवार को एसडीएम हिमांशु गुप्ता, एआरओ प्रशांत नायक, तहसीलदार अविनाश कुमार, कानूनगो विनोद कुमार और पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे। प्रशासन ने आधा दर्जन अवैध पक्के निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो लोग इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हैं, वे कोर्ट में कंटेम्प्ट याचिका दाखिल कर सकते हैं, जिसका जवाब दिया जाएगा। हालांकि, एक बड़ी बाउंड्री वॉल, जिसे अवैध बताया जा रहा था, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसडीएम ने कहा कि सरकारी भूमि की पैमाइश और जांच पूरी कर ली गई है और यह पहले चरण की कार्रवाई है। वहीं उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 328 में छह, गाटा संख्या 365 में छह अवैध पक्के निर्माण ध्वस्त कर दिये गये। जिसकी कीमत लगभग 2.09 करोड़ रुपये बताई गई है।

- रामलीला के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री की चौखट पर जाने की कही थी बात
- डीएम के निर्देश पर हुई अवैध निर्माण को ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही


मुख्यमंत्री की चौखट पर पहुंचेगा रामलीला की भूमि का प्रकरण

मंगलवार के अंक में प्रकाशित खबर।

### बिना नोटिस के प्रशासन ने चला दिया बुलडोजर

- मंगलवार को प्रशासन की कार्यवाही पर कुछ लोगों ने सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि बिना नोटिस के कार्यवाही की है। जिस पर जनक नंदनी, शांति देवी, नरेश बहादुर ने बताया कि सर्वे विभाग ने उन्हें जमीन नाप कर दी। अब उसी को बिना नोटिस के गिरा दिया गया। अब कोर्ट से गुहार लगायेंगे।

### लीला की जगी उम्मीद

- समिति के पदाधिकारियों ने पर्याप्त जगह न होने पर लीला न कराने की बात कही थी लेकिन इधर प्रशासन की ओर से सरकारी भूमि को खाली कराया गया है। जिससे लीला के मंचन की उम्मीद जागी है।

# डीसीएम खाई में गिरने से चालक को आईं गंभीर चोटें, लोगों की बचाई जान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



हाइवे पर त्रिभुवन खेड़ा के सामने क्रेन से निकाली जाती डीसीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार देर रात एक हादसे में डीसीएम फल लादकर गोंडा जा रही थी, जब चालक की सूझबूझ से पांच लोगों की जान बचा ली। यह घटना कानपुर से गोंडा जा रही डीसीएम के त्रिभुवन खेड़ा मोड़ पर घटित हुई।

रात लगभग 11 बजे, डीसीएम चालक अन्नू कुमार चकरपुर मंडी से फल लेकर गोंडा की ओर जा रहे थे। जैसे ही गाड़ी त्रिभुवन खेड़ा मोड़ के पास पहुंची, पांच लोग अचानक सड़क पार करने लगे। चालक ने उनकी जान बचाने के लिए स्टेयरिंग मोड़ दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इस प्रयास के कारण डीसीएम 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चालक और खलासी को खाई से बाहर निकाला। चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि खलासी को कोई चोट नहीं आई। इस दौरान हाइवे पर आधे घंटे तक जाम लग गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मंगलवार दोपहर दो क्रेन की मदद से डीसीएम को खाई से बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि चालक की सूझबूझ से पांच लोगों की जान बच गई।



शुक्लागंज क्षेत्र के हाईवे पर जाम लाइलाज हो गया है। मंगलवार को भी वाहनों के जल्दी निकलने के चक्कर में भीषण जाम लगा।

# एडीएम न्यायिक ने सुनी समस्याएं

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



नागरिक सुविधा दिवस में शिकायत सुनते एडीएम न्यायिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अगस्त माह के अंतिम मंगलवार को नगर पालिका में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह, एसडीएम हिमांशु गुप्ता और नायब तहसीलदार ने पालिका कार्यालय में उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना था।

मंगलवार को पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय और ईओ मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में, नगर के तमाम वार्डों में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नागरिक सुविधा दिवस के दौरान कुल सात प्रमुख मामले उठाए गए, जिनमें गली निर्माण, सड़क किनारे अतिक्रमण, दाखिल खारिज, और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित मुद्दे शामिल थे। अधिकारियों ने संबंधित पालिका कर्मचारियों और जन प्रतिनिधियों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर जल निगम के अधिकारी, पालिका कर्मचारी और सभासद भी उपस्थित थे, जिन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर नागरिकों की समस्याओं के समाधान में भागीदारी निभाई। सुविधा दिवस के सफल आयोजन ने नागरिकों के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास को बढ़ाया और पालिका प्रशासन की तत्परता को दर्शाया। ऐसे आयोजनों से आम जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आ सकती है और स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही बढ़ सकती है।

# ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी-बेटा घायल

संवाददाता औरास उन्नाव


सर्वेश।

- पत्नी के साथ साले के लिये लड़की देखने गया था युवक

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसे में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठी पत्नी व बेटा गंभीर घायल हो गया। जिसे अस्पताल भेजा गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। घटना के समय बाइक सवार महिला पति के साथ भाई के लिए लड़की देखकर लौट रही थी।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सुंदरपुर भौली गांव निवासी सर्वेश (30) पुत्र बलदेव पत्नी शांती व तीन साल के बेटे शोभित के साथ औरास थानाक्षेत्र के बाबाखेड़ा गांव आया था। बताते हैं कि शांति अपने भाई की शादी के लिए इसी गांव में लड़की देखने आई थी। देरशाम लौटते समय औरास-मियांगंज मार्ग पर डाल खेड़ा गांव के पास उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरे सर्वेश को ट्रक ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शांति व शोभित घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से मियागंज सीएचसी भेजा। वहीं हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। वहीं, एसओ ने बताया कि घटना करने वाले ट्रक का पता लगाया जा रहा है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

# 'भाजपा ने राष्ट्र को सर्वोपरि माना'

**गंजमुरादाबाद।** ब्लाक सभागार में मंगलवार को मंडल गंजमुरादाबाद की सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें विधायक श्रीकांट कटियार ने कहा कि हम लोग उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसने राष्ट्र को सर्वोपरि माना है। केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव किया है। भाजपा सरकार में कानून का राज कायम है। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाएं। कहा कि 100 सदस्य बनाने पर आप सक्रिय सदस्य बन पाएंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, पूर्व चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा, अजय तिवारी, मनोज सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पालिकाध्यक्ष ने गौवंशों की पूजा कर खिलाया गुड़ चना

**शुक्लागंज।** जन्माष्टमी को देखते हुये पालिकाध्यक्ष गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला पहुंची। जहां सभी सभी गौवंशों की पूजा की। जिसके बाद संरक्षित गौवंशों को पुष्टाहार चारा, गुड़, चना खिलाया। चंपापुरवा नेतुआ मार्ग के गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में पालिका की ओर से गौवंशों को संरक्षित किया गया है। जिसकी देख रेख पालिका की ओर से कराई जा रही है। जन्माष्टमी को देखते हुये चेयरमैन कौमुदी पांडे, प्रतिनिधि संदीप पांडे कान्हा गौशाला पहुंचे। जहां जन्माष्टी पर्व को देखते हुए पर पालिकाध्यक्ष ने संरक्षित गौवंशों के तिलक कर फूल माला पहनाई और गुड़, चना, फल, हरा चारा खिलाया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों पर बराबर नजर बनाये रखने के लिये मौजूद कर्मियों को निर्देश दिये।

### आपाधापी के चलते बैराज मार्ग पर लगा जाम

**शुक्लागंज।** मंगलवार दोपहर आपाधापी के चलते बैराज मार्ग पर जाम लग गया। जिससे कई छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। वहीं क्षतिग्रस्त रास्ते के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दोपहर एक बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद हो गई। इस दौरान एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की कतारें लग गई। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे और आड़े तिरछे लगा दिये। वहीं क्षतिग्रस्त रास्ते के चलते कई वाहनों के पहिये फंसने से भी जाम लगा रहा। इस दौरान करीब एक घंटे तक वाहन रेंगते हुये गुजरे।

### गायत्री नगर में होगा 28वां गणेश महोत्सव

**शुक्लागंज।** श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से गायत्री नगर में 28वां गणेश महोत्सव कराया जायेगा। जिसको लेकर समिति के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू करा दी है। समिति के अध्यक्ष दिलीप शुक्ला ने कि समिति की ओर से पहले दुर्गा मंदिर के सामने महोत्सव कराया जाता था, लेकिन इधर कुछ सालों से गायत्री नगर गणेश भवन के पास महोत्सव कराया जा रहा है। 28वें महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर से 17 सितंबर के बीच महोत्सव होगा। जिसमें मूर्ति स्थापना, पूजा आरती, श्रीमद्भागवत कथा, रुद्राभिषेक, गणेश सहस्त्राचन, श्याम महोत्सव, धनुष भंग, भंडारा के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### करंट की चपेट में आया युवक, हुआ रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला पन्नी टोला नदियासा निवासी मोईन (22) पुत्र निज़ाम मंगलवार सुबह घर में विद्युत उपकरण दुरुस्त कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बांगरमऊ।** समाजिक संस्था एसबीएफ की स्थानीय इकाई द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर वृहद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संस्था के गुफरान अहमद सिद्दीकी, रेहान अहमद, फिरोज अहमद व अज्जू आदि ने नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित ईदगाह परिसर व इसके आसपास औषधीय व फल-फूलदार पौधे रोप। रेहान अहमद ने बताया कि एसबीएफ संस्था बाढ़ भूस्खलन जैसी दैवी आपदाओं के अलावा विभिन्न आपदाओं में निःस्वार्थ भाव से सहायता करती है।

### बंदर के हमले से युवक छत से गिरा, भर्ती

**शुक्लागंज।** नगर के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा मोहल्ले में रहने वाला एक युवक मंगलवार शाम छत पर बैठा था, तभी बंदर ने उसपर हमला बोल दिया। बचाने के लिये वह भागा और छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। मनसुख खेड़ा निवासी सुरेश कुशवाहा का 22 वर्षीय बेटा अंकित कुशवाहा शाम करीब पांच बजे घर की छत पर बैठा था, तभी एक बंदर ने उस पर हमला बोल दिया। यह देख वह बंदर से बचकर भागने लगा। इस दौरान अनियंत्रित होकर छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख घर में मौजूद परिजन दौड़े और आनन फानन उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया है।

### दुकान के बाहर से लोहे के दरवाजे व एंगल उठा ले गए चोर

**नवाबगंज।** चौकी क्षेत्र स्थित बाईपास पर अनुराग कृषि यंत्र उद्योग नाम से संचालित दुकान के बाहर रखे लोहे के दरवाजे व एंगल चोर उठा ले गये। सुबह जब दुकानदार पंहुचा तो वहां से सामान गायब देख सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

### पागल सियार के हमले से 2 घायल

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव कनवा खेड़ा निवासी रामश्री (33) पत्नी ब्रजेश व हिमाचल (40) पुत्र दुलारे खेत में काम कर रहे थे। तभी उन पर एक पागल सियार ने हमला कर दिया। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।

### जेडी की गिरफ्तारी पर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य पवन तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह, बीएसए संगीता सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज परमात्मा शरण, जीजीआईसी प्रधानाचार्य ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मंडल आरपी शर्मा को आगरा सतर्कता अधिष्ठान की टीम द्वारा प्रायोजित तरीके से फंसाकर गिरफ्तार करने का आरोप लगाया गया। ज्ञापन में अफसरों ने अजय पाल सिंह, देवेंद्र कुमार वर्मा, श्रवण कुमार व अन्य माफिया सहायकों व सतर्कता अधिष्ठान आगरा की मिलीभगत की उनके काल रिकार्ड व सुसंगत साक्ष्यों के आधार पर जांच कराने का आदेश जारी करने व आगरा मंडल विजिलेंस पुलिस अधीक्षक व पूरी टीम का ट्रांसफर करने की मांग की है।

# पेड़ क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर दबंगों ने युवकों को पीटा

संवाददाता औरास उन्नाव


पिटाई में घायल युवक।

**अमृत विचार।** काटा जा रहा यूकेलिप्टस का एक पेड़ आम के पेड़ पर गिर गया। जिससे आम का पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ क्षतिग्रस्त होने की शिकायत करने पर दबंगों ने शिकायतकर्ता को लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

औरास थानाक्षेत्र के गांव बलदेव खेड़ा के मजरा शरीफबाद निवासी अमर सिंह ने थाने में तहरीर दी है कि उसके आम के बाग़ के पास गांव के चंद्रशेखर सिंह, रामजी व रामू श्यामू का यूकेलिप्टस का पेड़ लगा है। जिसे वे लोग काट रहे थे। पेड़ काटते समय यूकेलिप्टस का पेड़ उसके आम के पेड़ पर गिर गया। जिससे आम का पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। जब उसने शिकायत की तो उन लोगों ने लाठी-डंडों से मारा।

# टैक्स वसूली में लक्ष्य पूरा नहीं, जिलाधिकारी नाराज

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



बैठक में जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

- नगर निकाय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक में टैक्स वसूली बढ़ाने के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें लक्ष्य के सापेक्ष टैक्स वसूली न होने से नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मंगलवार को पन्नालाल हाल में नगर निकायों के कार्यों की टैक्स वसूली सहित विभिन्न योजनाओं को कार्य में लाना भूमि उपलब्धता, साफ-सफाई, विकास कार्य कराये जाने लिए कार्य परियोजना का चयन सूची तैयार कराने व बजट निर्धारण, प्रशासनिक स्वीकृति, डीपीआर गठित कराने एवं तकनीकी स्वीकृति आदि की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान सभी ईओ को निर्देश दिये कि शासन के नियमों और निर्माण कार्यो में मानक और समय पर विशेष तौर पर ध्यान रखें। साथ ही जल निकासी के पर्याप्त प्रबन्ध किये जायें। संचारी रोगों को नियंत्रित करने हेतु नियमित साफ-सफाई व एन्टी लार्वा फागिंग कराये। टैक्स वसूली कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य के मुताबिक टैक्स वसूली पर भी जोर देने की बात कही। बैठक में सभी नगर निकाय, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सभी नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी व सहायक, अवर अभियन्ता मौजूद रहे।

बाढ़ जैसे हालात | निचले इलाकों के मकानों के आस पास भरा पानी, सैकड़ों लोग अपने घर नहीं जा पा रहे

# चेतावनी बिंदु से दूर गंगा, घरों में घुसा पानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


चंपापुरवा के निचले इलाकों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर तेजी से चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच रहा है। जिससे अब तटवर्ती इलाकों के अलावा ग्रामीण इलाकों के मैदानी क्षेत्रों में तेजी से बाढ़ का पानी फैलने लगा है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को जान जोखिम में डालकर आना जाना पड़ रहा है। वहीं तीसरी बार चेतावनी बिंदु के पास जलस्तर पहुंचने से तटवर्ती इलाके में रहने वाले लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार सोमवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.500 मीटर दर्ज किया गया था। जो मंगलवार को तेजी से बढ़ा और शाम पांच बजे 111.720 मीटर दर्ज किया गया। आयोग ने प्रति घंटे लगभग एक सेंटीमीटर गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की है। जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा का पानी चेतावनी बिंदु 112 से 28 सेंटीमीटर दूर है।

चौबीस घंटे के अंदर 22 सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। गंगा के बढ़े जलस्तर के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, गगनी खेड़ा आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया।

जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं कई घरों की बिजली कटी होने के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अंधेरे में रात काटनी पड़ रही है।

# ट्रेन में चोरी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


पुलिस की गिरफ्त में चोरी का आरोपी।

**अमृत विचार।** जीआरपी की टीम ने उन्नाव रेलवे स्टेशन के कानपुर की ओर स्थित रेलवे केबिन के पास से ट्रेनों में चोरियां करने के दो आरोपियों को मंगलवार गिरफ्तार किया। इसके अलावा जीआरपी ने ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ यात्रियों को जागरूक भी किया।

बता दें कि जीआरपी एसपी के निर्देश पर थाना जीआरपी टीम स्टेशनों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग व तलाश में जुटी थी। तभी टीम ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के कुछ दूर कानपुर की ओर बने केबिन के पास से दो चोरों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मो. फहीम पुत्र नूर बक्श निवासी शांतिनगर कोतवाली सदर बताया। वहीं दूसरे ने विमल पुत्र राम सजीवन निवासी मसवासी सदर कोतवाली का निवासी बताया। उनके पास से जीआरपी ने 4 मोबाइल बरामद किए। दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके अलावा जीआरपी दरोगा जितेंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की चेकिंग की गई। इसमें यात्रियों को जागरूक करते हुए स्टेशन के आसपास व ट्रेनों में संदिग्ध वस्तु व व्यक्तियों को भी तलाशा गया।

तत्कर्म यत्र बंधाय सा विद्या सा विमुक्तये।
आयासायापर कर्म विद्यानय शिल्पनैपुणम्।।

कर्म वही है जो बंधन का कारण न हो और विद्या भी वही है जो मुक्ति की साधिका हो। इसके अतिरिक्त और कर्म तो परिश्रमरूप तथा अन्य विधाएं कला कौशल मात्र ही हैं।

## संपादकीय

# मानवीय समर्थन की सराहना

आज वैश्विक समुदाय जिन महत्वपूर्ण मुद्दों का सामना कर रहा है, उनमें भारत प्रमुख स्थान रखता है। भारत ने कुशलता से अमेरिका-रूस संबंधों के खराब दौर में भी खुद को सुरक्षित रखा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए शांति के संदेश एवं मानवीय समर्थन के लिए उनकी सराहना की। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए क्वाड जैसे क्षेत्रीय समूहों सहित अन्य मंचों के जरिये मिलकर काम करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। बाइडेन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए भारत और अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। साफ है कि बाइडेन अपनी कूटनीति की धार हिंद-प्रशांत में तेज करना चाहते हैं।

रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर हमला किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। संयुक्त राष्ट्र ने 10,000 से अधिक नागरिकों की मौत की पुष्टि की है, लेकिन वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक होने की संभावना है। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत एक ऐसा देश है जो वैश्विक राजनीति के शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, भले ही उसे इसके लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हो। यूक्रेन की यात्रा पश्चिम और पश्चिम से बाहर सभी को यह दिखाने की रणनीति का हिस्सा रही कि भारत सभी से बात करने के लिए तैयार है। यह देखना महत्वपूर्ण है अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली में भारत की उभरती भूमिका, वैश्विक व्यवस्था की मजबूती और स्थायित्व में भारत के बढ़ते योगदान को किस तरह से देखा जा रहा है? अमेरिका को ये एहसास हो गया है कि बढ़ते हुए चीन का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ सहयोग में बढ़ोतरी आवश्यक है क्योंकि चीन पहले से ही क्षेत्रीय स्तर पर और उसके आगे अपने महत्वपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रहा है। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों की सामरिक स्थिति इन सवालों पर विचार करने के लिए एक नजर प्रदान करती है।

# बाजार में खेल, खेल का बाजार



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ दशक पहले तक स्कूलों में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज जैसे आयोजन होते थे, जिसमें दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रमाण पत्र व 'सितारे' मिलते थे। वे प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर, फिर जिला स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर तक होती थीं।

यह कटु सत्य है कि विजेता खिलाड़ियों पर जिस तरह से लोग पैसा लुटाते हैं असल में यह उनका खेल के प्रति प्रेम या खिलाड़ी के प्रति सम्मान नहीं होता, यह तो महज बाजार में आए एक नए नाम पर निवेश होता है। क्रिकेट की बानगी सामने है, जिसमें ट्रेनिंग से लेकर आगे तक कारपोरेट घरानों का सहयोग व संलिप्तता है। हमारे यहां बच्चों के लिए, शिक्षा के लिए किए जा रहे काम को जिम्मेदारी से ज्यादा धर्मार्थ का काम माना जाता है और तभी स्कूलों, हॉस्टल, खेल मैदान, खिलाड़ियों की दुर्गति, स्कूली टूर्नामेंट स्तर पर खिलाड़ियों को ठीक से खाना तक नहीं मिलना जैसी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। हुक्मरान समझते हैं कि ''इतना कर दिया वह कम है क्या''।

यह हर बार होता है कि जब ओलंपिक या कोई अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धा समाप्त होती हैं और भारत के खिलाड़ी अपेक्षा से बहुत कम सफलता के बाद लौटते हैं तो आलोचना, व्यंग्य, व्यवस्था में सुधार की मांग और सुझाव का एक हफ्ते का दौर चलता है और फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर आ जाता है। खिलाड़ी को न सुविधा, न सम्मान, जो सफल होकर आए उन्हें झोली भर-भर कर पुरस्कार और व्यावसायिक विज्ञापन भी, लेकिन सफलता पाने को मेहनत करने वालों को न्यूनतम सहयोग भी नहीं। सफल खिलाड़ी व तैयारी कर रहे प्रतिभावान खिलाड़ी के बीच की इस असीम दूरी की कई घटनाएं आए रोज सामने आती हैं। उसके बाद वही संकल्प दुहराया जाता है कि ''कैच देम यंग'' और फिर वही खेल का 'खेल' शुरू हो जाता है।

एरिक प्रभाकर! यह नाम कई के लिए नया हो सकता है, लेकिन अगर आप भारतीय ओलंपिक के इतिहास को खंगालेंगे तो इस नाम से भी परिचित हो जाएंगे। 23 फरवरी 1925 को जन्में प्रभाकर ने 1948 में लंदन ओलंपिक में भारत की तरफ से 100 मीटर फर्राटा दौड़ में हिस्सा लिया था। उन्होंने 11.00 सेकेंड का समय निकाला और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। महज शुरू दशमलव तीन सेकेंड से वे पदक के लिए रह गए थे। हालांकि सन 1944 में वे 100 मीटर के लिए 10.8 सेकंड का बड़ा रिकार्ड बना चुके थे। वे सन 1942 से 48 तक लगातार छह साल 100 व 400 मीटर दौड के राष्ट्रीय चैंपियन रहे थे। उस दौर में अर्थशास्त्र में एमए, वह भी गोल्ड मेडल के साथ, फिर आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए रोड्स फेलोशिप पाने वाले पहले भारतीय, यही नहीं आजाद भारत की पहली आईएएस में चयनित श्री एरिक प्रभाकर की किताब 'द वे टु एथलेटिक्स गोल्ड' सन 1994 में आई थी व बाद में उसका हिंदी व कई अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद नेशनल बुक ट्रस्ट ने छापा।

काश हमारे खेल महकमे में से किसी जिम्मेदार ने उस पुस्तक को पढ़ लिया होता। उन्होंने बहुत बारीकी से और वैज्ञानिक तरीके से समझाया है कि भारत में किस तरह से सफल एथलीट तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने इसमें भौगोलिक स्थिति, खानपान चोटों से बचने आदि के बारे में भी अच्छी तरह से बताया है। भारतीय खेलों के कर्ताधर्ताओं हो सके तो कभी यह किताब पढ़कर उसमें दिए गए उपायों पर अमल करने की कोशिश करना। यदि वह पुस्तक हर खिलाड़ी, हर कोच, प्रत्येक खेल संघ के सदस्यों को पढ़ने और उस पर ईमानदारी से मनन करने को दी जाए तो मैं गारंटी से कह सकता हूं कि परिणाम अच्छे निकलेंगे।


कुछ दशक पहले तक स्कूलों में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज जैसे आयोजन होते थे, जिसमें दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रमाण पत्र व 'सितारे' मिलते थे। वे प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर, फिर जिला स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर तक होती थीं। तब निजी स्कूल हुआ नहीं करते थे या बहुत कम थे और कई बार स्कूली स्तर पर राष्ट्रीय रिकार्ड के करीब पहुंचने वाली प्रतिभाएं भी सामने आती थीं, जिनमें से कई आगे जाते थे। ऐसी प्रतिभा खोज की नियमित पद्धति अब हमारे यहां बची नहीं है, लेकिन चीन, जापान के अनुभव बानगी हैं कि ''केच देम यंग'' का अर्थ है कि सात-आठ साल से कड़ा परिश्रम, सपनों का रंग और तकनीक सिखाना। चीन की राजधानी बेइपिंग में ओलंपिक के लिए बनाया गया 'बर्डनेस्ट स्टेडियम' का बाहरी हिस्सा पर्यटकों के लिए है, लेकिन उसके भीतर सुबह छह बजे से आठ से दस साल की बच्चियां दिख जाती हैं। वहां स्कूलों में खिलाड़ी बच्चों के लिए शिक्षा की अलग व्यवस्था होती है, ताकि उन पर परीक्षा जैसा दवाब न हो। जबकि दिल्ली में स्टेडियम में सरकारी कार्यालय व सचिवालय चलते हैं। कहीं शादियां होती हैं। महानगरों के सुरसामुखी विस्तार, नगरों के महानगर बनने की लालसा, कस्बों के शहर बनने की दौड़ और गांवों के कस्बे बनने की होड़ में मैदान, तालाब, नदी बच नहीं रहे हैं, जहां स्वाभाविक खिलाड़ी उन्मुक्त प्रेक्टिस किया करते थे। मैदान कंक्रीट के जंगल के उदरस्थ हुए तो खेल का मुकाम क्लब या स्टेडियम में तब्दील हो गया। वहां जाना, वहां की सुविधाओं का इस्तेमाल करना आमोखास के बस की बात होता नहीं। फिर खेल एशोसिएसन की राजनीति तो है ही। हाल के पेरिस ओलंपिक में ऐसे राज्यों से भी दो-दो लोग गए, जहां से कोई खिलाड़ी ही नहीं गया। सैंकड़ाभर से ज्यादा गैर खिलाड़ियों के दल ने कर दिया है। यह कटु सत्य है कि विजेता खिलाड़ियों पर जिस तरह से लोग पैसा लुटाते हैं असल में यह उनका खेल के प्रति प्रेम या खिलाड़ी के प्रति सम्मान नहीं होता, यह तो महज बाजार में आए एक नए नाम पर निवेश होता है। क्रिकेट की बानगी सामने है, जिसमें ट्रैनिंग से लेकर आगे तक कारपोरेट घरानों का सहयोग व संलिप्तता है। हमारे यहां बच्चों के लिए, शिक्षा के लिए किए जा रहे काम को जिम्मेदारी से ज्यादा धर्मार्थ का काम माना जाता है और तभी स्कूलों, हॉस्टल, खेल मैदान, खिलाड़ियों की दुर्गति, स्कूली टूर्नामेंट स्तर पर खिलाड़ियों को ठीक से खाना तक नहीं मिलना जैसी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। हुक्मरान समझते हैं कि ''इतना कर दिया वह कम है क्या''। मुल्क का हर बच्चा भलीभांति विकसित हो, शिक्षित हो, उसकी प्रतिभा को निखरने का हरसंभव परिवेश मिले, यह देश के लिए अनिवार्य है, न कि इसके लिए किए जा रहे सरकारी बजट का व्यय या कोई दया। यह भाव जब तक पूरी मशीनरी में विकसित नहीं होगा, हम बालपन में उर्जावान, उदीयमान और उच्च महत्वाकांक्षा वाले बच्चों को सही ऊंचाई तक नहीं ले जा पाएंगे। अब समाज को ही अपनी प्रतिभाओं को तलाशने, तराशने का काम अपने जिम्मे लेना होगा। किस इलाके की जलवायु कैसी है और वहां किस तरह के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं इस पर वैज्ञानिक तरीके से काम हो। जैसे कि समुद्र के किनारे वाले इलाकों में दौड़ने का स्वाभाविक प्रभाव होता है। पूर्वोत्तर में शरीर का लचीलापन है तो वहां जिम्नास्टिक, मुक्केबाजी पर काम हो। झारखंड व पंजाब में हाकी। ऐसे ही इलाकों का नक्शा बनाकर प्रतिभाओं को उभारने का काम हो।

जिला स्तर पर समाज के लोगों की समितियां, स्थानीय व्यापारी और खेल प्रेमी ऐसे लोगों को तलाशे। इंटरनेट की मदद से उनके रिकार्ड को आंकड़ों के साथ प्रचारित करें। हर जिला स्तर पर अच्छे एथलेटिक्स के नाम सामने होना चाहिए। वे किन प्रतिस्पर्द्धाओं में जाएं उसकी जानकारी व तैयारी का जिम्मा जिला खेल कमेटियों का हो। बच्चों को संतुलित आहार, खेलने का, माहौल, उपकरण मिलें, इसकी पारदर्शी व्यवस्था हो और उसमें स्थानीय व्यापार समूहों से सहयोग लिया जाए। सरकार किसी के दरवाजे जाने से रही, लोगों को ही ऐसे खिलाड़ियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने के प्रयास करने होंगे। सबसे बड़ी बात जहां कहीं भी बाल प्रतिभा की अनदेखी होती दिखे, उसके खिलाफ जोर से आवाज उठानी होगी।

## प्रसंगवश

# नारायण का नर रूप

धर्मगत नीति और नीतिगत धर्म के अनेक उदाहरण महाभारत में है, जिसे कृष्ण ने समाज और व्यक्ति का मार्गदर्शन किया। एक महत्वपूर्ण प्रसंग अश्वत्थामा के मणिहरण के पश्चात उन्हें छुड़ा देना और युगों तक प्रायश्चित करने के लिए बाध्य होना भी है। कृष्ण ने अपने धर्मपरायणता की परीक्षा भी दी।




डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मृत बालक के रूप में जन्मे परीक्षित को जीवित करने के लिए उन्होंने अपने धर्म को दांव पर लगाते हुए उद्घोषित किया कि यदि मैंने आजन्म कभी धर्म का व सत्य का अतिक्रमण न किया हो तो यह बालक जी उठे। कृष्ण ने परीक्षित के जीवन के लिए अपना सत्य और धर्म न्यौछावर कर दिया। महाभारत के युद्ध में मोहग्रस्त पार्थ के सारथी के रूप में आत्मा की अमरता एवं निष्काम कर्मयोग का ऐसा पाठ पढ़ाया की गीता ऐसा कालजयी ग्रंथ बन जाता है, जो हर काल में प्रतिक्षण महाभारत में जूझते मानव के लिए मार्गदर्शक हो जाता है। परमात्मा होकर भी यज्ञ का ऐसा विनयी पुरुष जो अतिथियों का पादप्रक्षालन चुनता है। कर्षण करने वाला कृष्ण समूचे युग का चित खींचता रहता है, क्योंकि वह परात्पर तत्व है- कृष्णात्परं किमपि तत्वमहं न जाने। यह मधुसूदन सरस्वती का उपदेश अपने भक्तों के लिए है, जिनके बारे में कहा जाता है, उन्हें कृष्ण का साक्षात्कार हुआ था, इसका अर्थ है कि श्रीकृष्ण से परे कोई तत्व है यह मैं नहीं जानता।

गीता में कृष्ण ने कहा मैं समासों में द्वंद्व समास हूं, जो दो अलग-अलग संज्ञाओं को संयुक्त करने वाला है, जो विपरीत ध्रुवों, विपरीत आवेशों को जोड़कर एक अन्य संभावना विकसित कर देता है। वस्तुतः कृष्ण तत्व पदार्थ को प्राण से तथा जीव को जगत से जोड़ता है। ऋग्वेद में एक मंत्रदृष्टा ऋषि के रूप में कृष्ण का उल्लेख कई मंत्रों में मिलता है, जिसे अंगिरस कृष्ण कहा गया है। छान्दोग्य उपनिषद् में इस ऋषि को देवकी नंदन कृष्ण के साथ जोड़ा जाता है। ऋग्वेद के मंत्रों में राधा और ब्रज का भी उल्लेख मिलता है। समाजवादी चिंतक डा राममनोहर लोहिया की दृष्टि में कृष्ण ऐसे महानायक हैं, जिन्होंने भारत में पूर्वऔर पश्चिम की संस्कृति और राजनीती का एकीकरण किया। देश की एकता अखंडता के लिए तमाम सत्ताकेंद्रों को ध्वस्त करके एक सत्ताकेंद्र कुरु में स्थापित किया द्वारिका में नहीं।

# भारत के प्राचीन साहित्य में चंद्रमा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सूर्य-चंद्र नाम के दो दानव भी थे। यह ठीक है कि चंद्रमा एक ग्रह पिंड है और उसका एक नाम सोम भी है। आठ वसुओं में सोम नाम का भी एक वसु था।

विश्व में प्रत्येक मानव समुदाय ने अपने सामाजिक मूल्यों की मर्यादा के लिए एक ईश्वर वाणी की प्रतिष्ठा की है। वह वेद और गीता हो या कुरान और बाइबिल हो, अवेस्ता हो अथवा गुरुग्रंथ साहब हो। ईश्वर वाणी का अर्थ है, शाश्वत और पूर्ण की वाणी। पूर्ण और शाश्वत क्या है, इसे मनुष्य अभी भी नहीं जान सका है। किसी दिन जान सकेगा, इस भावना का नाम आशा है। पूर्ण और शाश्वत को हम नहीं जानते, किंतु पूर्ण और शाश्वत की अवधारणा मनुष्य ने अवश्य विकसित की है। जब हम किसी ग्रंथ को शाश्वत और पूर्ण मान लेते हैं, तब यह कल्पना करना बहुत स्वाभाविक है कि वह ज्ञान पूर्ण और शाश्वत है। वेदों में विज्ञान था, यह उतना ही सच है, जितना यह कि हमारा पुरखा बीज-पुरुष था और हम उसकी संतान हैं, मनुष्यता की समस्त संभावनाएं उस बीज में थीं और हैं। वेद आदि शास्त्रों में चन्द्रमा का भी वर्णन है।

सबसे पहली बात यह कि अज्ञात की पहचान ज्ञात बिंबों से की जाती है। आकाश की पहचान धरती के बिंबों के आधार पर की गई है। आकाश के ग्रह नक्षत्रों का नामकरण धरती पर मनुष्य के परिवेश और जीवन के आधार पर हुआ है। उदाहरण के लिए राशियों के नाम मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ मीन। भेड़ से लेकर मछली तक के ये सारे बिंब धरती के हैं। सत्ताईस नक्षत्रों के नामकरण रोहिणी इत्यादि तथा सूर्य-चंद्र आदि ग्रहों के नामकरण भी धरती के उन लोगों के नाम के आधार पर हुए, जैसे उत्तर दिशा में ध्रुव है तो ध्रुव एक राजा था, उत्तानपाद का बेटा, जिसने अपनी बाल्यावस्था में बहुत कठिन तपस्या की थी। किस प्रकार से विमाता के द्वारा उसका तिरस्कार हुआ और वह घर से निकल पड़ा, मधुबन में जाकर उसे नारद मिले, नारद की प्रेरणा से उसने साधना की। इसी प्रकार से सात ऋषियों के नाम पर उन सात नक्षत्रों का नामकरण हुआ, जिसमें एक छोटा तारा अरुंधति के नाम का भी है। इसी प्रकार एक त्रिशंकु राजा था और दूसरे दूसरे जो राजा अथवा ऋषि थे उनके नाम के आधार पर आकाश के ज्योति-पिंडों का नामकरण किया गया। देवगुरु वृहस्पति तथा दैत्य गुरु शुक्राचार्य के नाम पर भी ग्रहों के नाम हैं। यहां यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि आकाश के ज्योतिपिंडों के नाम हैं, वे आकाश के नाम बाद में हैं, पहले वे धरती के नाम हैं, क्योंकि अज्ञात की व्याख्या ज्ञात से की जाती है तो सूर्य और चंद्रमा नाम भी पहले धरती के हैं। प्राचीन भारतीय साहित्य में चंद्रमा नाम के कई पात्र या चरित्र मिलते हैं।

सूर्य-चंद्र नाम के दो दानव भी थे। यह ठीक है कि चंद्रमा एक ग्रह पिंड है और उसका एक नाम सोम भी है। आठ वसुओं में सोम नाम का भी एक वसु था। सोम एक लता का भी नाम है। चंद्रमा अत्रि का बेटा था एक ऋषि था और समुद्र के मंथन से प्राप्त एक रत्न का नाम भी चंद्रमणि था। वैसे भारत में चंद्र नाम से पर्वत, नदी और सरोवरों के नाम भी मिलते हैं। चंद्रमा देवता तो है ही, प्रकृति के सभी करण और उपकरण देव माने गये थे- वायु, अग्नि, जल आदि। आकाश की खोज करने वाले जो ऋषि मुनि थे, उन्होंने जो भी साधन उस समय उपलब्ध थे, उनके आधार पर खगोल गणित का विकास किया था और उन्होंने जो गणित आविष्कृत की, वह आज भी अप्रामाणिक सिद्ध नहीं हो सकी है। उनकी जो काल-गणना है, वह ग्रह-नक्षत्र की गति के आधार पर ही की गई थी, जिसे पंचांग कहा जाता है। वाराह मिहिर, आर्यभट्ट, महर्षि पराशर, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट, कश्यप, देवल गर्ग गणेश दैवज्ञ आदि बहुत से ऋषियों के नाम मिलते हैं, जो ग्रह-गति के जानकार थे।

वाराही-संहिता में उल्लेख मिलता है कि आकाशीय चंद्रमा का धरातल सूर्य की आभा से आधा प्रकाशित होता है और आधा छाया में होने के कारण अंधकार में रहता है। सिद्धांतकारों ने अपनी बात समझाने के लिए धूप में रखे हुए घड़े का उपमान दिया है, चंद्रमा के आधे भाग को अंधकार में बताने के लिए यह भी कहा कि बाहर रखे हुए शीशे से प्रतिबिंबित होकर सूर्य की किरणें भीतर किसी अंधेरी कोठी को प्रकाशित करती हैं, इसी तरह चंद्रमा से प्रतिक्षिप्त सूर्य की मूर्छित किरणें रात्रि में भूमि पर चांदनी बिखेरती हैं। अपने अनुमान के आधार पर ज्योतिर्विदों ने कहा था कि चंद्रमा के अनेक वर्ण हैं, उसको भस्म के समान वर्ण वाला, रूक्ष वर्ण वाला, किरण-हीन तथा श्यामवर्ण बतलाया गया हैं। भारतीय खगोलविदों ने उस जमाने के माप-योजन के आधार पर दूरी का भी अनुमान किया था। उन ऋषियों ने समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची तरंगों के साथ चंद्रमा की गति के संबंध को लक्षित किया था। चन्द्रमा की सुंदरता और आल्हादकता से मुग्ध होकर उन्होंने कहा -चंद्रमा मनसो जातः।

## सोशल फोरम

# जनरल बोगी और क्रीमी लेयर



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अगर आपने कभी ट्रेन की जनरल बोगी में सफर किया होगा तो ही आप समझ सकते हैं कि ये सफर कैसे किया जाता है। जनरल बोगी में घुसने के लिए कोई जरा सी भी जगह देने को तैयार नहीं होता, लेकिन आप भी पूरी तैयारी के साथ आए रहते हैं। किसी तरह धक्का-मुक्की कर जगह बनाते हुए आप दरवाजे के करीब खड़े होने लायक गुंजाइश निकाल लेते हैं या फिर आपातकालीन खिड़की के रास्ते सीधे प्रवेश पा ही लेते हैं।

ट्रेन चल पड़ती है। अब जिस सीट पर तीन लोगों की जगह है, वहां लोग जबरदस्ती जगह बनाते हुए छह सात की गुंजाइश निकाल ही लेते हैं। इतना सब करने के दौरान आपको ये ताना सुनने को जरूर मिलता है कि क्या भाई आप तो सर पर ही चढ़े आ रहे हो। आप किसी तरह चिरौरी करते हुए बस थोड़ा सा सरकने का अनुरोध करते-करते अपने लिए जगह बना ही लेते हैं। अब यहां तक तो सब ठीक होता है। जहां थोड़ी देर पहले तक आप पहले से चढ़े लोगों के लिए बाहरी थे, विजातिय थे। वहीं ट्रेन चलने के थोड़ी देर के वार्तालाप के बाद आप स्वजातीय हो जाते हैं। यानी आप अब उस बोगी के समूह द्वारा स्वीकार किए जा चुके हैं। अब आप भी बोगी के भीतर के समूह का ही एक हिस्सा हो चुके हैं। अब अगले स्टेशन पर फिर वही स्थिति उत्पन्न होती है। अब कोई नया व्यक्ति ट्रेन में घुसने के लिए पूरा जोर लगा रहा है और भीड़ उसे जगह नहीं दे रही है। हो सकता है कि वो नया व्यक्ति अंदर घुस आपसे सीट मांगे आपसे थोड़ी चिरौरी करे। तब ये पक्का है कि आप भी वही पुराना डॉयलाग मारेंगे।

अब आप इस ट्रेन की बोगी की तुलना एससी, एसटी पर सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर वाले निर्णय से कीजिए। बोगी के अंदर बैठे लोग क्रीमी लेयर वाले हैं और जमीन पर बैठे या घुसने के लिए संघर्ष करने वाले। आंकड़ों के अनुसार देश मे एससी, एसटी की कुल जातियों में में कुछ को ही आरक्षण का लाभ मिला है। बाकी अधिकतर इससे वंचित हैं, लेकिन समस्या ये है कि वंचितों को हक उनके अपने बंधु ही नहीं देना चाहते।

-फेसबुक वॉल से

# उत्सवधर्मिता भारत की सनातन परंपरा के प्रतीक श्रीकृष्ण



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रत्येक आयाम सहज और सरल मालूम होता है, पर बाल्यावस्था से लेकर अर्जुन को अपने विराट रूप के दर्शन कराने तक उनकी समस्त लीलाएं हमारा मार्गदर्शन करती हुईं विषमताओं से सामंजस्य स्थापित करना सिखाती हैं। छांदोग्य उपनिषद, महाभारत महाकाव्य और भागवत पुराण के अनुसार उनकी जीवन यात्रा को बाल्यकाल, युवावस्था का मैत्रीभाव, गृहस्थ जीवन, गीता का उपदेशक और संन्यासी के रूप में बांटकर सुगमता से समझा जा सकता है।

कृष्ण का मतलब है, जो चराचर जगत के सभी प्राणियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसलिए सृष्टि का कण-कण कृष्ण की ओर आकर्षित होता है। कृष्ण अकेले हैं, जो सोलह कलाओं से परिपूर्ण परमपुरुष हैं, इसलिए सृष्टि के समस्त रूप-रंग और आकार-प्रकार कृष्ण में समाए हुए हैं। सनातन संस्कृति की अवतारी परपंरा में कृष्ण अकेले हैं, जो दुखों के महासागर में हंसते-गाते-नाचते द्वीप की तरह हैं। उत्सवधर्मिता भारत की सनातन परंपरा है, उत्सव भारतीय जनमानस की जीवनशैली का अहम हिस्सा है। कृष्ण की समस्त लीलाएं यानी जन्म से लेकर देह-विसर्जन तक प्रेम और उत्सव पर आधारित हैं।

देवताओं के ऋषि सांदीपनि हैं। वे भगवान कृष्ण, बलराम और सुदामा के गुरु थे। उन्हीं के आश्रम में श्रीकृष्ण ने वेद और योग की शिक्षा और दीक्षा के साथ ही 64 कलाओं की शिक्षा ली। भगवान जब यहां आए तब उनकी उम्र महज 11 वर्ष 7 दिन थी। वे यहां 64 दिनों तक ही रहे। इन 64 दिनों में उन्होंने 64 विद्याएं सीखीं। इन 64 दिनों में उन्होंने 16 दिन में 16 कलाएं, 4 दिन में 4 वेद, 6 दिन में 6 शास्त्र, 18 दिन में 18 पुराण, 20 दिन में गीता का ज्ञान प्राप्त किया था। श्रीकृष्ण का ज्ञान अखंड था। सनत्कुमार के जिस प्रश्न का उत्तर स्वयं ब्रह्मा भी न दे सके, उसका समाधान श्रीकृष्ण ने किया। श्रीकृष्ण ने अपने गुरु की ज्ञानोपदेश करने की आज्ञा का अच्छी तरह से पालन किया। अर्जुन श्रीकृष्ण को अपना गुरु मानते थे। जब अर्जुन ने कहा कि 'भगवन्! मैं उलझन में पड़ गया हूं। आप मुझे ज्ञान दीजिए।' तब भगवान श्रीकृष्ण ने मोहजाल में फंसकर निर्जीव पड़े अर्जुन को गीतारूपी 'दुग्धामृत' का जो पान कराया उससे अर्जुन के हृदय के सारे विकार कपूर की तरह उड़ गए और उसे अपने कर्तव्य का ज्ञान हो गया। जब भगवान ही स्वयं उपदेशक हों वहां मनुष्य के मोह, अज्ञान आदि विकार रह ही कैसे सकते हैं?

श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रत्येक आयाम सहज और सरल मालूम होता है, पर बाल्यावस्था से लेकर अर्जुन को अपने विराट रूप के दर्शन कराने तक उनकी समस्त लीलाएं हमारा मार्गदर्शन करती हुईं विषमताओं से सामंजस्य स्थापित करना सिखाती हैं। छांदोग्य उपनिषद, महाभारत महाकाव्य और भागवत पुराण के अनुसार उनकी जीवन यात्रा को बाल्यकाल, युवावस्था का मैत्रीभाव, गृहस्थ जीवन, गीता का उपदेशक और संन्यासी के रूप में बांटकर सुगमता से समझा जा सकता है।

कृष्ण द्वारा कंस का वध अहंकार पर विजय प्राप्ति का प्रतीक है। जब व्यक्ति हर तरह के अहं का विसर्जन कर देता है तो उसके हृदय में विनयशीलता और दयालुता स्थापित हो जाती है। कृष्ण को प्रायः मुरलीधर के रूप में दिखाया जाता है। मुरली को हर वक्त श्रीकृष्ण अपने संग रखते हैं। मुरली आंतरिक रूप से खाली है और उसमें आठ छिद्र भी हैं। यह इस बात का परिचायक है कि जब हमारा अंतःकरण निर्मल और पारदर्शी हो जाता है तो ईश्वरीय कृपा की अनुभूति होने लगती है। गीताकार के रूप में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा, 'ज्ञानी पुरुष कर्मफल की इच्छा का परित्याग करते हुए कर्म करता है और समस्त प्रकार के बंधनों से मुक्त होकर आध्यात्मिक आनंद को प्राप्त करता है।'

श्रीकृष्ण अर्जुन को निमित्त मानकर जनसाधारण को संदेश देते हैं, 'अर्जुन! सृष्टि में ज्ञान से श्रेष्ठ कोई दूसरी वस्तु नहीं है और ज्ञान प्राप्ति के लिए श्रद्धा, आस्था और आत्मसंयम को धारण करना अनिवार्य है।' कृष्ण सदैव कर्म के प्रति प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। वह कोई निजी हित साधने या व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए कर्म से प्रेरित नहीं होते। इसलिए अर्जुन के माध्यम से समस्त संसार को कर्मफल की चिंता से मुक्ति का संदेश देते हैं। उपनिषदों अनुसार 16 कलाओं से युक्त व्यक्ति ईश्वरतुल्य होता है। चंद्रमा के प्रकाश की 16 अवस्थाएं हैं उसी तरह मनुष्य के मन में भी एक प्रकाश है। मन को चंद्रमा के समान ही माना गया है, जिसकी अवस्था घटती और बढ़ती रहती है। चंद्र की इन सोलह अवस्थाओं से 16 कलाओं का चलन हुआ। व्यक्ति का देह को छोड़कर पूर्ण प्रकाश हो जाना ही प्रथम मोक्ष है। श्रीकृष्ण 16 कलाओं से युक्त पूर्ण अवसर थे।

# पलटने का चौका



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कुशल शासक के संकल्पों और निर्णयों में दृढ़ता होनी चाहिए। केन्द्र की मोदी सरकार अपने पिछले कार्यकाल तक इस सिद्धांत पर पूरी तो नहीं, किंतु काफी कुछ खरी उतरती रही, लेकिन अब अपने नवीन संस्करण में लुचुर-पुचुर दिख रही है। ज्यादा डर मजबूत विपक्ष का और थोड़ा अपनी बैसाखियों का भी है। अभी तो थोड़े ही दिन हुए हैं, निर्णय पलटने का क्रम जारी है।

1995 के वक्फ बोर्ड अधिनियम में कुछ संशोधन प्रस्तावित करने वाला एक बिल सरकार लाई थी। संशोधन वाजिब थे, समर्थक घटक भी हां में हां मिला रहे थे, किंतु विपक्ष और मुस्लिम संगठनों के हो हल्ला के चलते, सरकार ने इसे संयुक्त संसदीय समिति को सौंप कर खटाई में डाल दिया। आरक्षण के बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट ने कोटे के अंदर कोटा तय करने का अधिकार हाल ही में सरकारों को दे दिया है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि इस संवर्ग के संपन्न हो चुके लोग यानी क्रीमी लेयर की पात्रता/अपात्रता भी गौर करने योग्य है। यह सरासर आदर करने योग्य निर्णय व टिप्पणी हैं, लेकिन निहित स्वार्थों से ग्रसित तत्वों ने शोर मचाया और मोदी ने बिना देर लगाए कह दिया हम यह निर्णय नहीं लागू करेंगे और क्रीमी लेयर भी पूर्ववत् लाभान्वित होती रहेगी। एक और सरकारी निर्णय केंद्र में कोई चार दर्जन अफसरों की लेटरल एंट्री को लेकर था। इसके अनुसार बाहर के अनुभवी विशेषज्ञों की भर्ती करना था, जैसी पहले भी सदा होती रही है। इसके विरोध में भी कुछ अपने कुछ पराये मुखर हुए और मोदी सरकार ने एतत्संबंधी विज्ञापन वापस ले लिया।

पलटी मारने की यह हैट्रिक पूरी हो ही पाई थी कि प्रकृति ने भी पलटने में सहयोग कर दिया और अभी कुछ महीना पहले महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक किले में मोदी द्वारा अनावृत की गई वीर शिवाजी की 35 फीट ऊंची प्रतिमा पलट गई। वहां मोदी समर्थक एकनाथ शिंदे की सरकार है, जो कह रही है कि मूर्ति का निर्माण भारतीय नौसेना ने करवाया था। बहरहाल राज्य सरकार और नौसेना दोनों मोदी के ही हैं। कार्यों की यह गुणवत्ता देखने लायक है। इस तरह सरकार तीन मास के कार्यकाल में पलटने का चौका लगा चुकी है। आगे देखिए क्या-क्या होता है!

# सपा नेता के निर्माणाधीन मॉल पर चला बुलडोजर

## नगर पालिका की जमीन पर बन रहे मॉल को 2022 में उपजिलाधिकारी ने अवैध घोषित किया था

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



निर्माणाधीन मॉल को गिराता बुलडोजर। अमृत विचार



मौके पर दस थानों की मौजूद पुलिस फोर्स। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा नेता के निर्माणाधीन शॉपिंग मॉल पर बुलडोजर चला। जिला प्रशासन की टीम ने मंगलवार सुबह कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की। इस दौरान बाकरगंज से लखनऊ जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया।

शहर के बाकरगंज स्थित चमड़ा मंडी के पास नगर पालिका की जमीन पर बन रहे मॉल को सुबह दस बजे से ढहा दिया गया। मौके पर एएसपी विजय कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर, डीएसपी सुशील कुमार दुब्बे, तहसीदार, दस थाने के 250 पुलिस कर्मी तैनात रहे। बताया जा रहा है कि यह मॉल फरीद अहमद, आयशा खातून और रजा मोहम्मद के नाम पर है।

- कुछ दिन पहले सपा नेता ने प्रधानमंत्री पर की थी अभद्र टिप्पणी
- तत्कालीन भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की थी शिकायत

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि 21 अप्रैल 2022 को एसडीएम ने निर्माणाधीन मॉल को अवैध घोषित किया था।

यह मॉल नगर पालिका की जमीन पर बना है। जिला कोर्ट के आदेश पर मॉल को जमींदोज किया जा रहा है। मॉल की तीन मंजिलें बन गई थीं। पांच मंजिला तक बनना था। इसकी कीमत करीब 20 करोड़ रुपये है। निर्माणाधीन शॉपिंग मॉल का मामला करीब चार साल पहले गैंगस्टर के तहत हाजी रजा पर कार्रवाई के दौरान सामने आया था। पुलिस ने बताया कि सपा नेता हाजी रजा मोहम्मद पुत्र मोबिन के खिलाफ 24 मामले दर्ज हैं।

हाजी रजा ने 20 जून को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेम नगर कस्बे में सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने पर युवा मोर्चा भाजपा मंडल संयोजक आलोक सिंह की तहरीर पर सुल्तानपुर घोष थाने में हाजी रजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सपा नेता को नगर पालिका चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर छह महीने के लिए जिला बदर भी किया गया था।

# छेड़छाड़ के विरोध पर जानलेवा हमला

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटना के समय पीड़िता घर पर अकेली थी। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

थाना तालग्राम के ग्राम निवासी युवती को अकेला देख गांव का ही युवक मंगलवार की दोपहर घर में घुस गया। उसने युवती को बुरी नीयत से दबोच लिया और छेड़छाड़ की। युवती के विरोध करने पर आरोपित ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और अचेत होकर गिर पड़ी। युवती के दोनों हाथों सहित शरीर में कई गंभीर चोटें आईं। बताया गया कि आरोपी की मां ने भी पीड़िता के साथ मारपीट की है। बाद में आरोपी पीड़िता व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देते फरार हो गया। घटना के समय पीड़िता के पिता बाजार गये हुए थे जबकि मां खेत से जानवरों के लिए चारा लेने गई हुई थी। इसी बीच आरोपी ने घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। बाद में घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने पीड़िता को गंभीर हालत में एंबुलेंस से कस्बा के सीएसची में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे तिर्वा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी आशीष के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई है।

### किशोरी से दो युवकों ने किया दुष्कर्म

**तिर्वा, कन्नौज।** घर के बरामदे में लेटी किशोरी के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया। परिजनों ने तहरीर देकर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने तहरीर में बताया कि वह मानेश्वर हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करता है। घर में उसकी पत्नी व बच्चे रहते हैं। उसे 26 अगस्त को सूचना मिली कि बेटी (14) एक माह पहले 25 जुलाई को घर के बरामदे में लेटी थी और पत्नी खाट पर लेटी थी। रात करीब 10 बजे गांव के इशोक राजपूत पुत्र चक्रपान व हलकी पुत्र प्रभूदयाल घुस आए और पुत्री का मुंह दबाकर गांव के पास बगिया में खींच ले गए। वहां दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से गलत काम किया। इसके बाद शिकायत करने पर भाई को जान से मारने की धमकी दी। इस भय से बेटी ने घर में कुछ नहीं बताया। इसके बाद 25 अगस्त को इन लोगों ने दोबारा पुत्री को दोबारा धमकी दी कि उसने कहीं शिकायत की तो उसे जहर खिलाकर उसकी हत्या कर देंगे।

# अंधविश्वास में दादी को मुक्का मारा, मौत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** एक युवक ने अंधविश्वास और तंत्रमंत्र के चक्कर में अपनी सौ साल की दादी के मुंह पर मुक्का मार दिया। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। अस्पताल ले जाते समय उसकी सांसें थम गईं। युवक के पिता ने उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अंधविश्वास में हुई हत्या की यह घटना रैपुरा थानांतर्गत मिश्रनपुरवा चरदहा में एक अनुसूचित जाति के परिवार की है। जानकारी के मुताबिक, 26 अगस्त की रात लगभग 11 बजे मनोज (28) पुत्र चुनबाद ने अपनी दादी बुधिया (100) को सोते समय मुंह में मुक्का मार दिया। इसके पहले उसने अपने पिता के साथ मारपीट की। परिजनों की मानें तो मनोज मानसिक रूप से बीमार है और घर में तंत्रमंत्र की क्रियाएं करने का दावा करता रहता है।

- परिजनों ने युवक को मानसिक रूप से बीमार बताया

मुंह में मुक्का लगने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। चुनबाद ने इस संबंध में पुत्र के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रभारी निरीक्षक श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि मंगलवार को एसआई रविकांत राय ने मनोज को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

### वृद्ध की हत्या कर की लूटपाट

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में सोमवार की रात घर में अकेले सो रहे वृद्ध की हत्या हो गई। आरोप है हत्यारे उसके घर से लूटपाट भी की।

थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली निवासी मेहदी हसन (70) घर में अकेले सो रहा था। घर में मेहदी हसन के अलावा उनका 17 वर्षीय नाती नौशीन भी रहता है। नौशीन बीती रात गांव में जन्माष्टमी का कार्यक्रम देखने गया था। जब वह लौटा तो मेनगेट खुला था। बिस्तर पर मेहदी हसन औंधे मुंह पड़े थे। उनके हाथ पैर बंधे थे। पुलिस रात करीब 2 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस मेहदी हसन के शव को ले गई और मकान को सील कर गई। बताया गया है कि मेहदी हसन के चार लड़के हैं जो बाहर नौकरी करते हैं। अनुमान लगाया गया कि हत्यारे दीवार फांदकर घर में घुसे होंगे।

# अक्टूबर से पद यात्रा शुरू करेंगे राजा बुंदेला

**उरई।** पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर अक्टूबर महीने में जनजागरूकता अभियान की शुरुआत पदयात्रा से होगी। कार्यक्रम को लेकर फिल्म अभिनेता और संयोजक राजा बुंदेला ने जिले में समाज के विभिन्न वर्गों से भेंटकर जनसमर्थन जुटाया सिटी सेंटर उरई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार संकल्पित है। सरकार ने एक्सप्रेस-वे, डिफेन्स कॉरीडोर, हर घर नल जल से लेकर तमाम विकास परक कार्य किए है। लेकिन समग्र विकास के लिए जरूरी है बुंदेलखंड राज्य। सौ बीमारियों का एक इलाज और वह है पृथक बुंदेलखंड राज्य। छोटे राज्यों को बनाने का श्रेय भाजपा को ही है।

# मछली ठेकेदार और गुर्गों ने की फायरिंग

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव के पास नदी किनारे भैंस चराने गए एक युवक पर मछली ठेकेदारों और उसके गुर्गों ने जमकर पीटा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी गुर्गों ने दहशत फैलाने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग भी की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

गौहानी गांव निवासी प्रहलाद और बबलू ने बताया कि सोमवार को वह अपनी भैंसों को नदी के किनारे चरा रहे थे। अचानक उनकी भैंस नदी के उस पार चली गईं। उन्होंने भैंसों को खोजने के लिए नाव से नदी पार करने का प्रयास किया। इस दौरान मौदहा बांध के मछली ठेकेदार और उसके दो गुर्गों ने उन्हें रोक लिया और गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

- भैंस के नदी उस पार जाने पर खोजने पहुंचे थे युवक
- पुलिस बोली, मछली पकड़ने को लेकर हुआ विवाद

आरोप है कि जब उन्होंने मारपीट का विरोध किया तो ठेकेदार और उसके गुर्गों ने पिस्टल से उन पर फायरिंग कर दी, जिससे वे बाल-बाल बचे। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कोतवाल उमेश कुमार ने कहा कि मछली पकड़ने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। फायरिंग को लेकर जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बंटवारे के विवाद में जेठ ने बहू को पीटा

**सुमेरपुर।** पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर इंगोहटा में जेठ ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर बहू को पीटकर लहूलुहान कर दिया। बहू ने मुकदमा दर्ज कराया है। इंगोहटा निवासी कुंती ने आरोप लगाया कि रिहायशी मकान के बंटवारे को लेकर जेठ से विवाद है। जेठ रामरूप ने अपने पुत्र संतोष, राजकुमार के साथ मिलकर गालीगलौज करते हुए उसे पीटा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अधेड़ को चार युवकों ने पीटा

**सुमेरपुर।** रास्ते में घात लगाकर बैठे चार युवकों ने अधेड़ को रोककर गाली गलौज करके जमकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। भौनिया निवासी मोतीलाल ने बताया कि वह खेत से घर जा रहा था, तभी रास्ते में घात लगा कर बैठे गांव के कामता प्रसाद, देवी दयाल, लालाराम और कामता ने गालीगलौज करते हुए पीटा। पुलिस ने चारों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा कायम किया है।

### रंजिश में महिला को मारा ईंट

**पौथिया।** ललपुरा क्षेत्र के कुम्हऊपुर के गोरेलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार रात 10 बजे गांव का इन्द्रजीत निषाद शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करने लगा। पत्नी ने विरोध किया तो ईंट मार दी और धमकी देते हुए भाग गया। पुत्र नीरज ने बताया मां जिला अस्पताल में भर्ती है। ईंट लगने से रीढ़ की हड्डी टूटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमीन के विवाद में पीटा

**मौदहा।** कस्बे के रागौल निवासी रमेश कुमार की पत्नी मुन्नी देवी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 25 मई को उनके पारिवारिक लोगों ने पीछे की दीवार तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया, जिस पर आपत्ति जताने पर सुरेश कुमार, दीपक उर्फ दीपू और सुनीता ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# नौकरी के नाम दो युवकों से चार लाख रुपये ठगे

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो युवकों से कोचिंग सेंटर संचालक ने दो साल पहले डाकघर में नौकरी लगवाने के नाम पर चार लाख रुपये ठग लिए। नौकरी न लगने पर युवकों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गालीगलौज कर भगा दिया। दोनों युवकों ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की।

सकरावा थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर निवासी रजत कुमार दिवाकर पुत्र वीरेंद्र दिवाकर व सकरावा कस्बा निवासी राहुल दिवाकर पुत्र राजेंद्र दिवाकर सौरिख के कायमपुर निवासी अजय कुमार राठौर के कोचिंग सेंटर में पढ़ते थे।

आरोप है कि 27 नवम्बर 22 को कोचिंग सेंटर संचालक अजय राठौर ने अपने मित्र चंद्रेश पटेल से दोनों को मिलवाया और डाकघर में तीन तीन लाख रुपये में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। रजत ने 16 अप्रैल 23 और राहुल ने 14 अप्रैल 23 को दो-दो लाख रुपये आरोपी के बैंक खाते में जमा करवा दिए तथा शेष रुपये नौकरी लगने पर देने की बात हुई।

- नौकरी न लगने पर एसपी से कोचिंग संचालक की शिकायत

दो साल तक नौकरी न लगने पर युवकों ने आरोपी से पैसों की मांग की तो अजय ने जान से मारने की धमकी दी। दोनों युवकों ने मंगलवार को एसपी अमित कुमार आनंद से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस बारे में अजय राठौर का कहना है कि नौकरी के नाम पर पैसा लिया था। कुछ समय में वापस कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

# सांड़ के हमले से युवक की हुई मौत

**फतेहपुर।** बाइक सवार युवक को सींग में फंसा कर सांड़ 20 मीटर तक घसीट ले गया। इस दौरान सींग युवक के सीने को चीरकर पार कर गई। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नयापुरवा मजरे नौरंगाबाद गांव निवासी दिनेश कुमार (25) सोमवार की शाम बाइक पर सवार होकर जा रहा था। थाना क्षेत्र के अल्लीपुर भादर बाजार जन्माष्टमी के लिए सामान लेने गया था। इस बीच घर लौटते समय दिनेश जैसे ही रात करीब नौ बजे नौरंगाबाद मोड़ के पास पहुंचा, तभी सड़क किनारे खड़ा सांड़ दौड़ कर आया और चलती बाइक पर अचानक दिनेश पर हमला बोल दिया। सांड़ के हमले में दिनेश बाइक से गिर गया। युवक को कई बार पटकने के बाद सांड़ सींग में फंसा कर उसे करीब 20 मीटर तक घसीट ले गया। इस दौरान सींग दिनेश के सीने को चीरती हुई पार हो गई।

# रैगिंग के विरोध पर मेडिकल छात्रों में मारपीट, दो घायल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों ने रैगिंग के नाम प्रथम वर्ष के दो छात्रों की पिटाई कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। साथी छात्रों ने दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर के पास बने नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने एडमिशन लिया है। शाम को प्रथम वर्ष के दो छात्र अक्षत कुमार और सैयाम कुमार के साथ मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों ने रैगिंग करने का प्रयास किया। दोनों छात्रों ने विरोध किया तो सीनियर छात्रों ने मिलकर दोनों की जमकर पिटाई कर दी। जब इसकी जानकारी जूनियर छात्रों को हुई तो वे दोनों घायल छात्रों को लेकर जिला अस्पताल आए।



घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे सहपाठी।

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के दो छात्रों को घायल अवस्था में लाया गया है। दोनों घायल छात्रों ने बताया कि सीनियर छात्रों ने रैगिंग का विरोध करने पर मारापीटा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आर पी सिंह ने बताया कि पीड़ित छात्रों ने शिकायतपत्र दिया है। उसमें मारपीट की बात कही गई लेकिन रैगिंग की बात नही लिखी है। दोनों छात्रों का मेडिकल कराया जा रहा है।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**अयाना, औरैया।** जसवंतपुर निवासी शिव नारायण की बेटी नेहा 22 की शादी तीन साल पहले कस्बा जाना निवासी विकास दोहरे के साथ हुई थी। उनकी एक दो साल की बेटी निष्का है। डेढ़ साल पहले दोनो में अनबन होने के चलते नेहा पति से अलग रहकर गुरुग्राम में नौकरी करने लगी। पति ने उसके खिलाफ कोर्ट से मुकदमा करवाया था। सोमवार को नेहा की गुरुग्राम के एक अस्पताल में संदिग्ध मौत हो गई। इसपर मृतका के पिता के दोस्त होम सिंह निवासी दिबियापुर शव जसवंतपुर ले आए। जानकारी होने पर पति ने पुलिस को सूचना देकर अनहोनी की आशंका जाहिर की। मौके पर पहुंचे तहसीलदार जीतेश वर्मा ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मृतका के पति की मांग पर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर से स्टंट कर बनाई रील, जांच शुरू

**फतेहपुर।** सोशल मीडिया पर नाम कमाने की होड़ में युवा जान जोखिम में डालकर खतरनाक वीडियो बना रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसमें युवक ट्रैक्टर से स्टंट कर रहा है। यह वीडियो खागा कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। इससे पहले थरियाव थाना क्षेत्र में भी टैक्टर से स्टंट करते हुए एक वीडियो सामने आया था, जिस पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके अतिरिक्त, किशनपुर थाना क्षेत्र का भी एक वीडियो सामने आया था, जिसमे युवक यमुना पुल पर लटककर रील बना रहा था। इसी तरह शहर की एक लड़की का रेलवे ट्रैक पर डांस करते हुए का भी वीडियो सामने आया था। रेलवे पुलिस ने उस मामले में कारवाई की थी और लड़की को निजी मुचलके पर छोड़ दिया था। उधर, खागा कोतवाली क्षेत्र में एक नया वीडियो सामने आ रहा है जिसमें युवक ट्रैक्टर से तिरंगे को सलामी देता नजर आ रहा है। मामले में खागा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने चौकी पर खड़ी जीप से बनाई रील, वायरल

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय में दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पुलिस चौकी पर खड़ी जीप से युवक ने एक रील बनाई है। यह रील इंस्टाग्राम पर 12 सेकंड की वायरल हुई है। जिसमें युवक ने इधर-उधर देखते हुए दबंगई के साथ रील बना डाली। जहां पर रील बनाई गई, वहां से चंद कदम दूर पुलिस अधीक्षक का आवास है और मुख्यालय के लिए लगातार लोगों का आना-जाना भी रहता है लेकिन युवक को किसी का कोई खौफ नजर नहीं आया। पुलिस चौकी के कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह रील किंग ऑफ ककोर के नाम से इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही है। रील में दिखने वाला युवक ग्राम पंचायत ककोर के मजरा हरी पुरवा का रहने वाला बताया गया है। वही चौकी प्रभारी सोनी रावत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांचकर रील बनाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**अनदेखी** आज भी तमाम गांव-मजरों में हालात बद से बदतर, सरकार के दावों के विपरीत है हकीकत

# इलाज के लिए चारपाई पर अस्पताल ले जाने की विवशता

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



चारपाई पर मरीज को ले जाते लोग। अमृत विचार



यह है गांव का बदहाल रास्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांव-मजरों में बदहाली और सुविधाओं की कमी तब जाहिर होती है जब यहां की तस्वीरें बाहर आती हैं, खबरें सुर्खियों में होती हैं। वरना तो ग्रामीण इनका दंश झेलने के लिए अभिशप्त हैं। विकास की चमकती तस्वीरों और दावों के बीच इस तरह की हकीकत जिम्मेदारों को अगर शर्मसार नहीं करती तो क्या किया जा सकता है।

आकांक्षी ब्लाक रामनगर के ग्राम पंचायत घुरेहटा के मजरे अरखनपुरवा का बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक बीमार को इलाज के लिए चारपाई पर लिटाकर कीचड़ भरे रास्ते से ले जा रहे हैं। (अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता) पता चला कि बीते दिनों गांव के मुन्नीलाल यादव (46) पुत्र पुन्ना को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे कि गांव के कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी मिली है कि इस संबंध में डीएम ने खंड विकास अधिकारी से जवाब तलब किया है। घुरेहटा ग्राम पंचायत में अरखन पुरवा के अलावा अमरपुर मजरा भी जुड़ा है। अरखनपुरवा में लगभग 150 लोगों की आबादी है।

- वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा में आया मजरा
- डीएम ने खंड विकास अधिकारी को किया तलब

### जल्द ही बनवाएंगे सड़क

बीडीओ ओम प्रकाश यादव ने बताया कि वायरल वीडियो पर डीएम कार्यालय को जवाब भेजा जा रहा है। जल्द ही ग्राम पंचायत की कार्ययोजना में इस मार्ग का नाम डलवाकर लगभग 600 मीटर कच्चे मार्ग को बनवाया जाएगा।

### चर्चा में रही ग्राम पंचायत

ग्रामीण बताते हैं कि यह वही ग्राम पंचायत है जहां बीते वर्ष ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की निर्मित सड़क को इसी ग्राम पंचायत ने अपनी दिखाकर फर्जी भुगतान करा लिया था। बाद में मामला सुर्खियों में आने के बाद सचिव को निलंबित किया गया था और कुछ समय बाद पुन: बहाल कर इसी ग्राम पंचायत में तैनाती दे दी गई।

### पंचायत में धन की कमी

प्रधान रज्जन देवी के पति जगतपाल ने बताया कि ग्राम पंचायत में इतना धन ही नहीं है कि सड़क बनवा सकें। इस कच्चे मार्ग को पंचायत की कार्ययोजना में नहीं लिखा गया है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से जुगाड़ लगा रहे हैं। सचिव ग्राम पंचायत घुरेहटा आलोक सिंह का फोन नेटवर्क के बाहर बताता रहा।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले में हैंगिंग के चिह्न के अलावा नहीं मिले चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- दोनों सहेलियों की स्लाइड बनाकर भेज दी गई है
- कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव भगोतीपुर का मामला



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव भगोतीपुर में दो सहेलियों के शव पूर्व राजसभा सांसद डॉ अशोक सिद्धार्थ के बाग में एक ही पेड़ से लटके मिले थे। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनींद्र ने बताया कि पोस्टमार्टम डॉक्टर विकास पटेल, डॉक्टर मान सिंह के पैनल से कराया गया। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई है।

सीएमओ ने बताया कि दोनों युवतियों के शरीर पर अन्य कोई चोट का निशान नहीं मिला है। सिर्फ गले में ही हैंगिंग का निशान मिला है। वहीं दोनों सहेलियों की स्लाइड बनाकर भी भेज दी है।

### डीआईजी ने की जांच

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आम के बाग में फंदे पर लटकी दो सहेलियों के शव मिलने पर डीआईजी जोगेन्द्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने सीओ जयसिंह परिहार व हल्का इंचार्ज प्रमोद कुमार से घटना के बारे में जानकारी ली।

### अखिलेश यादव ने किया एक्स पर पोस्ट

कायमंगज फर्रुखाबाद आम के बाग में फंदे पर लटकी दो युवतियों के शव मिलने से उत्तर प्रदेश की राजनीति में उस वक्त हलचल मच गई। जब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने दोनों बेटियों की मौत पर भाजपा सरकार से निष्पक्ष जांच करने को कहा।

# विकास शुल्क से मिले पैसों के बंटवारे की व्यवस्था बदली

## मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया यह फैसला, लोगों को मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टांप एवं निबंधन विभाग के जरिए विकास प्राधिकरणों को यह पैसा सीधे दिया जाएगा
- वर्ष 2013 में समाजवादी पार्टी सरकार ने बदल थी यह व्यवस्था

**अमृत विचार:** मंत्रिमंडल की मंगलवार को लोकभवन में हुई बैठक में राज्य सरकार ने शहरों में सड़क, सीवर व पेयजल आपूर्ति की सुविधाओं के कामों में और तेजी लाने के लिए विकास शुल्क से मिले पैसों का बंटवारे की व्यवस्था बदलने का निर्णय लिया। स्टांप एवं निबंधन विभाग के जरिए विकास प्राधिकरणों और निकायों को यह पैसा सीधे दिया जाएगा। अभी तक वित्त विभाग के माध्यम से यह पैसा दिया जा रहा था। मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

दरअसल, स्टांप विभाग को हर साल विकास शुल्क के रूप में 1000 करोड़ रुपये से अधिक मिलते हैं। स्टांप एवं पंजीकरण मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि संपत्तियों की रजिस्ट्री पर महिलाओं से चार व पुरुषों से पांच फीसदी स्टांप शुल्क लिया जाता है। शहरी क्षेत्रों में दो फीसदी विकास शुल्क का अतिरिक्त लिया जाता है। इस शुल्क से संबंधित इलाके में सड़क, सीवर, पानी आदि की सुविधाएं दी जाती हैं। स्टांप विभाग पहले विकास शुल्क वसूल कर ये पैसा सीधे प्राधिकरणों और निकायों को जारी करता था, लेकिन वर्ष 2013 में सपा सरकार में इस व्यवस्था को बदलते हुए यह अधिकार वित्त विभाग को दे दिया।

उन्होंने बताया कि इसके पीछे मंशा ये थी कि विकास शुल्क की मद में जारी धनराशि का इस्तेमाल अन्य योजनाओं में कर लिया जाए। इस कारण से प्राधिकरणों और स्थानीय निकायों में आने वाले इलाकों में विकास बाधित होने लगा। कैबिनेट की बैठक में पुनः स्टांप विभाग को सीधे पैसा जारी करने के अधिकार दे दिए।

### सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की नीति को मंजूरी



■ **लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की नीति को मंजूरी मिली है। इसके तहत डिजिटल माध्यम पर आधारित कंटेंट, वीडियो, ट्विट, पोस्ट, रील्स को सार्वजनिक किये जाने के लिये इनसे सम्बन्धित एजेंसी या फर्म को सूचीबद्ध कर विज्ञापन जारी करने के लिए प्रोत्साहन दिया जायेगा।इस कड़ी में एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम के अकाउण्ट होल्डर, संचालक व इन्फ्लूएंसर्स को भुगतान के लिये श्रेणीवार अधिकतम भुगतान की सीमा क्रमशः 5 लाख, 4 लाख, 3 लाख एवं 2 लाख रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गयी है। यूट्यूब पर वीडियो, शॉर्ट्स, पॉडकास्ट भुगतान के लिये श्रेणीवार अधिकतम भुगतान की सीमा क्रमशः 8 लाख रु., 7 लाख रु, 6 लाख ओर 4 लाख रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गयी है। दरअसल राज्य सरकार का इस नीति को लाने के पीछे उद्देश्य, विकास की विभिन्न विकासपरक, जन कल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं, उपलब्धियों की जानकारी एवं उससे होने वाले लाभ को जनता तक डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म्स एवं इसी प्रकार के अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से पहुंचाया जाना है।

### जेवर एयरपोर्ट व यमुना अथॉरिटी के लिए भूमि लेंगे

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने गौतमबुद्धनगर में जेवर एयरपोर्ट और न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) व यमुना विकास प्राधिकरण की योजनाओं के लिए पांच फीसदी से अधिक लेने का प्रतिबंध हटाते हुए 4795 हेक्टेयर भूमि लेने की अनुमति दे दी है। यह प्रतिबंध केवल गौतमबुद्धनगर के लिए हटाया गया है।नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण से अभी तक 4.06 फीसदी भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। इन योजनाओं के लिए अभी और भूमि की जरूरत है। इसीलिए गौतमबुद्धनगर से इस संबंध में राजस्व विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था। राजस्व विभाग ने प्रस्ताव का परीक्षण करने के बाद इसमें छूट देने की अनुमति के लिए कैबिनेट से मंजूरी को प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।ऐसे में अब 20 फीसदी जमीन इन योजनाओं के लिए ली जा सकेगी। जेवर एयरपोर्ट के लिए 3286 और नोएडा व यमुना विकास प्राधिकरण के लिए 1509 हेक्टेयर जमीन ली जाएगी। अलग अलग स्थान पर निवेश करने पर भी मिलेगा पूरा लाभ।

# अल्ट्रा मेगा इकाइयों के लिए लिया गया निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले अल्ट्रा मेगा इकाईयों के लिए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अगर कोई कम्पनी अलग-अलग स्थानों पर 3000 करोड़ से अधिक का निवेश कर प्रोत्साहन चाहती है तो उसे कस्टमाइज पैकेज की सुविधाएं दी जाएंगी। जिसके तहत मेसर्स आवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड को कस्टमाइज पैकेज का लाभ दिया जाएगा।

मंत्रिमंडल बैठक के बाद मंत्री कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने बताया कि अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उप्र. में पांच गीगा वाट एकीकृत सौर विनिर्माण इकाई में सौर इनगॉट-वेफर, सोलर सेल एवं सौर मॉड्यूल का उत्पादन किया जाएगा। अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड को प्रस्तावित परियोजना में कुल 11,399 करोड़ के निवेश की पेशकश की गई है।

### कैबिनेट में कुछ अन्य प्रस्ताव भी पारित

- राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय हाईस्कूल की उपयोग न होने वाली जमीन पर अतिरिक्त शैक्षिक गतिविधियों के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
- उप्र. डिजिटल मीडिया नीति-2024 को मंजूरी दी गई है, जो राज्य में डिजिटल मीडिया के विकास और उसके रेगुलेशन पर काम करेगी।
- अल्ट्रा मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के लिए केस-टू-केस आधार पर कस्टमाइज्ड प्रोत्साहन पैकेज विशेष अनुमति पर करने की प्रक्रिया को स्वीकृति दी गई है।
- एक्ट-2013 की धारा-10 (2) और धारा-10 (4) के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की अधिसूचित सीमा को गौतमबुद्धनगर के लिए हल्का करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# पत्नी की मौत से सदमे में पति ने भी तोड़ दिया दम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पत्नी की मौत का सदमा दिल में इस कदर घर कर गया कि पति ने भी दम तोड़ दिया। पांच दिन तक वह वियोग में रहे और खाना-पीना छोड़ दिया। मामला मुखानी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक आदर्श कॉलोनी हिम्म्तपुर मल्ला निवासी माधवी देवी (55 वर्ष) रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पहले अपने भाई को राखी बांधने गईं थीं। राखी बांध कर वह बेटे के साथ वापस घर लौट रही थीं। रास्ते में अचानक उन्हें चक्कर आया और बाइक से नीचे गिर गईं। हादसे में उन्हें चोटें आईं और परिजनों ने उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। 22 अगस्त को उपचार के दौरान माधवी की मौत हो गई। माधवी के बेटे मोहन चंद्र सुयाल ने बताया कि उनके 65 वर्षीय पिता अक्सर बीमार रहते थे। जब उन्होंने मां की मौत की खबर सुनी तो सदमा लग गया। मां की मौत के बाद उन्होंने खाना-पीना भी छोड़ दिया था। मंगलवार को उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

### पत्नी की गला रेतकर की हत्या लूट की गढ़ी कहानी

**उझानी( बदायूं) :** संतान न होने पर पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद लूटपाट का विरोध करने पर हत्या करने की कहानी गढ़ी। उझानी के गांव मानकपुर निवासी सरताज खान की शादी चार साल पहले कासगंज के थाना सहावर के गांव बधारी कला बेहटा निवासी निदा के साथ हुई थी। वह दिल्ली में रहकर जीन्स की सिलाई करता था। निदा को भी दिल्ली ले गया। उनके संतान नहीं थी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे वह पत्नी के साथ उझानी आया और पैदल गांव जा रहा था। पक्के रास्ते की बजाय उसने राजनगर कॉलोनी के कच्चे रास्ते का शॉर्टकट अपनाया। रास्ते में उसने निदा को धक्का दिया और गला दबाने के बाद चाकू से गला रेत दिया। लूट दिखाने के लिए खुद के हाथ पर चाकू मारकर घायल कर लिया। फिर सड़क पर लेट गया। लोगों ने जानकारी की तो बताया कि बदमाशों ने 42 हजार रुपये लूट लिए। उसकी पत्नी की हत्या कर दी। निदा के शरीर और गले पर कटे के निशान थे। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ उझानी शक्ति सिंह ने मौका मुआयना किया। जांच में लूट का मामला झूठा निकला। सरताज से सख्ती की तो वह टूट गया और गुनाह स्वीकार कर लिया।

# फर्जी सीएमओ व सीओ बनकर की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेटे की मौत के बाद आरोपियों ने सीओ कार्यालय का बहाना बनाकर किया फोन
- डर के कारण पीड़ित परिवार ने आरोपियों को दे दिए 2.20 लाख रुपये, दो आरोपी फरार

**अमृत विचार :** फर्जी सीओ और सीएमओ बनकर दंपती समेत चार ठगों ने साफ्टवेयर इंजीनियर को जेल भेजने की धमकी देकर 2.20 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने ट्रूकॉलर पर अपने नंबर पर सीओ कार्यालय का नाम लिखकर फर्जी आईडी बनाकर फोन किया था। इसके अलावा आरोपी के क्लिनिक पर फर्जी सीएमओ और सीएमओ की पत्नी बनकर इंजीनियर को धमकाया।

मुंशीनगर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर राजेंद्र सक्सेना वर्तमान में नोएडा में रहते हैं। उनके बेटे अभिषेक की 20 नवंबर 2023 को बीमारी से मौत हो गई थी लेकिन उन्हें तसल्ली नहीं हुई। तब उन्होंने मोहल्ले के क्लिनिक में सोमपाल से परीक्षण कराया। उसी समय सोमपाल ने राजेंद्र से ठगी की साजिश रच ली। कुछ दिन बाद सोमपाल ने राजेंद्र के दूसरे बेटे मयंक को फोन किया और कहा कि किसी पड़ोसी ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करा दी है कि आप लोगों ने अभिषेक को जहर देकर मारा है। अभी मामला मेरे हाथ में है। सीएमओ मेरे क्लिनिक पर आने वाले हैं, तुरंत आ जाओ तो उनसे बात करा दूंगा। सोमपाल के कहने पर मयंक क्लिनिक पर गया। सोमपाल ने एक व्यक्ति का परिचय सीएमओ बताकर कराया, अपनी पत्नी राजकुमारी का परिचय सीएमओ की पत्नी बनाकर कराया। उन लोगों ने कहा कि मुकदमा हम ही लिखवाएंगे। जेल जाने से बचना है तो तीन लाख रुपये दो। इस पर मयंक ने एक लाख रुपये नेट बैंकिंग और 20 हजार रुपये नकद दिए। इसके बाद आरोपियों ने एक लाख रुपये और लिए और फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया। पुलिस ने इस मामले में सुरजीत और मिसिरयार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि सोमपाल और उसकी पत्नी राजकुमारी फरार हैं।

# 50 करोड़ जुर्माना माफ करने पर खनन सचिव से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल के पूर्व जिलाधिकारी के कार्यकाल में विभिन्न स्टोन क्रशरों का अवैध खनन एवं भंडारण पर लगाये लगभग 50 करोड़ से अधिक के जुर्माने को माफ कर देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद सचिव खनन को 3 सितंबर तक जांच रिपोर्ट के साथ पेश होने को कहा है।

मामले के अनुसार चोरलगिया निवासी भुवन पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वर्ष 2016-17 में नैनीताल के तत्कालीन डीएम ने स्टोन क्रशरों का अवैध खनन व भंडारण का लगभग 50 करोड़ से अधिक जुर्माना माफ कर दिया। यह भी कहा कि डीएम ने सिर्फ उन्हीं का जुर्माना माफ किया जिनका करोड़ों रुपये था, जिनका जुर्माना कम था उनका माफ नहीं किया गया। जब इसकी शिकायत मुख्य सचिव, सचिव खनन से की गई तो कोई कार्यवाही नहीं हुई। यह कहा गया कि यह डीएम का विशेषाधिकार है। जब याचिकाकर्ता ने शासन से इसका लिखित जवाब मांगा तो आतिथि तक जवाब नहीं दिया गया है।

# युवाओं को घूमने के लिए सरकार देगी पैसे

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग की तरफ से शुरू की गई मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। 40 आयु वर्ष तक के स्नातक पास युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को पारिश्रमिक के अलावा क्षेत्र भ्रमण के लिए राशि का भुगतान भी किया जाएगा।

अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट uptourism.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आवेदन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थानों या विश्वविद्यालयों से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अथवा उच्च शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को दिलाएं औद्योगिक अनुभव : जयंत चौधरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल विकास, उद्यमिता, शिक्षा व रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा कि माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को औद्योगिक अनुभव दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक से समझौता किया जा सकता है। वह मंगलवार को विधानभवन में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पीएमश्री व पीएम पोषण समेत विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रीतिभोज जैसे कार्यक्रमों को संचालित कर सरकार के प्रयास को अत्यधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने पीएमश्री और पीएम पोषण, इन हाउस किचन आदि योजनाओं के बारे में अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली। बैठक में केंद्र सरकार के अपर सचिव विपिन कुमार, प्रमुख सचिव बेसिक एम.के. शन्मुगा सुंदरम, महानिदेशक बेसिक शिक्षा कंचन वर्मा और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की निदेशक प्रीति मीना आदि मौजूद रहे।



जयंत चौधरी

### दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अयोध्या ।** बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी बीकापुर कोतवाली के कोछा बाजार के अमाये का निवासी है और यहां ससुराल में रह रहा है। जबकि पीड़िता गोसाईगंज क्षेत्र की रहने वाली है। सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने आरोपी मो. अहमद उर्फ सलमान को हिरासत में लिया था लेकिन वह पुलिस वाहन से उतरकर भाग निकला था। पुलिस ने पीड़ित बच्ची को उपचार और मेडिकल के लिए अस्पताल भेजवाया था और परिवार की शिकायत पर बच्ची से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। महराजगंज पुलिस ने रविवार की रात 11.49 बजे थाना क्षेत्र के ऐमी आलापुर रोड पर तारापुर गांव के पास घेरने पर आरोपी मो. अहमद उर्फ सलमान (32) ने पुलिस पर फायर किया और जवाबी फायरिंग में दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुआ और पकड़ा गया। मौके से तमंचा-कारतूस मिला है। घायल को सीएचसी पूरा बाजार भेजवाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किए जाने के बाद एक्सरे, मेडिकल परीक्षण और डीएनए सैम्पल आदि कराया गया है।

# 1860 बेसहारा बच्चों को राज्य सरकार ने दिए 14 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 20 हजार बच्चों को चार हजार रुपये प्रति माह मदद देने का लक्ष्य

**अमृत विचार।** अनाथ, परित्यक्त और बाल भिक्षुओं (ओएएस) को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार स्पांसरशिप योजना चला रही है। केंद्र सरकार के मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 11860 बच्चों को 14.23 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है।

सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 हजार बच्चों को योजना से लाभांवित करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना में 18 साल तक उम्र के ओएएस बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना में पिछले वित्तीय वर्ष में सात हजार से अधिक बच्चों को 9.10 करोड़ रुपये की सहायता दी गई थी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक संदीप कौर नेबताया कि इस योजना मेंबाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति से बचाये गये व दिव्यांग बच्चों को मदद दी जा रही है। इसी साल जनवरी में चितौआना पंचायत में विभाग ने दो लड़के और दो लड़कियों की मदद की।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव बी चंद्रकला ने बताया कि ओएएस बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 जुलाई 2022 को स्पांसरशिप योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत खर्च वहन करती है।

# दबंग राजनेता ने पड़ोसी पर किया जानलेवा हमला

**रुद्रपुर:** छतरपुर के दबंग राजनेता पर पड़ोसी ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आरोप था कि पड़ोसी आए दिन झगड़ा फसाद करता रहता है और एक दिन अपने भाइयों के साथ मिलकर हमला कर अधमरा कर दिया।

हनुमंत कॉलोनी छतरपुर निवासी उमेश गुप्ता ने बताया कि उनका पड़ोसी प्रकाश गिरि जो कि एक राजनीतिक दल से जुड़ा है और घरवालों से रंजिश रखता है। छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा फसाद करता है। आरोप था कि 18 अगस्त की रात्रि साढ़े दस बजे पड़ोसी अपने भाइयों के साथ घर पहुंचा और अभद्रता करने लगा। आरोप था कि जब दरवाजा खोला तो आरोपियों ने हाथ पकड़कर खींच लिया और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

# आबादी में मगरमच्छ घुसने से हड़कंप

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव जवाहरनगर की निरंकारी कॉलोनी में बहादुरी का परिचय देते हुए ग्रामीणों ने देर रात को खतरनाक मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंप दिया।

सोमवार देर रात करीब 10 बजे स्थानीय पाहा नदी से एक मगरमच्छ अचानक बस्ती की ओर आ गया। जिससे वहां पूरी कॉलोनी में हड़कंप मच गया। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मोहन चंद्र पांडे ने रेस्क्यू एक्सपर्ट सुरेंद्र कार्की व वन विभाग को तुरंत मौके पर बुला लिया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन कर्मियों को सौंप दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता पांडे ने बताया कि नदी से मगरमच्छ लगातार कॉलोनी में प्रवेश कर लोगों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाया है कि ग्रामीणों के बार-बार शिकायत करने के बावजूद वन विभाग इसे अनदेखा कर रहा है।

### ग्रामीणों ने धान के खेत से रेस्क्यू किया मगरमच्छ

**दिनेशपुर :** ग्रामीण क्षेत्र में मगरमच्छ आने की खबर से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तीन दिन पूर्व मगरमच्छ को जगदीशपुर गांव के निकट धान के खेत में देखा था। तब से मगरमच्छ दुर्गापुर नंबर -एक गांव के निकट धान के खेतों में घूमता रहा। दो ग्रामीणों ने मगरमच्छ को रैस्क्यू कर वन विभाग की टीम को सौंपा। टीम ने मगरमच्छ को ढोरा जलाशय में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ के रेस्क्यू होने पर राहत की सांस ली।सोमवार की शाम 4 बजे ग्रामीणों ने दुर्गापुर नंबर-एक खेतों में मगरमच्छ को घूमते हुए पलास घरामी व सुब्रत राय ने देखा। उन्होंने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। मगरमच्छ को देखते को ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव के किसान रवि व मृणाल ने हिम्मतकर रात्रि 9 बजे मगरमच्छ को बमुश्किल रेस्क्यू कर लिया। पांच घंटे बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को ले जाकर ढोरा जलाशय में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ के रिस्क्यू होने पर राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया दस दिन पूर्व हुई बारिश में जंगल से पानी के बहान में धमरी सेतु के रास्ते ग्रामीण क्षेत्र में आकर मगरमच्छ भटक गया था।



दिनेशपुर के दुर्गापुर नंबर- एक में पकड़ा गया मगरमच्छ।

### सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल ने गोली मार कर दी जान

**चम्पावत :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा में सोमवार को चम्पावत जिले के सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल ने खुद को एके-47 से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक जवान मूल रूप से चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक के बिसारी गांव का रहने वाला था। वर्तमान में उनका परिवार उधमसिंह नगर के खटीमा में रहता है। बताया जाता है कि हेड कांस्टेबल विपिन चंद्र छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ 195 बटालियन मुख्यालय बारसूर में तैनात थे।

**आवश्यकता है:-**
**प्राचार्य/प्रवक्ता हेतु**
**डॉ. डी.पी. सिंह महाविद्यालय**
**हथौड़ा बुजुर्ग, शाहजहांपुर**
(एम.जे.पी.रू.वि.वि. बरेली से सम्बद्ध)
प्राचार्यः- 01 पद
M.Sc. (Ag.)- (कृषि) एग्रोनॉमी 01 पद, जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग 01 पद, M.Sc. (Home Science) फूड एण्ड न्यूट्रिशन 01 पद
योग्यता:- UGC द्वारा निर्धारित अर्हता, आवेदन-पत्र दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।
mjp555@mjpru.ac.in, 9198686472
डॉ. के.डी. सिंह (प्रबन्धक) 9415060459

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुधेड़ा, विकास खण्ड विधनू, जनपद कानपुर नगर**

पंत्राक: मेमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन फेस 2/वर्ष 2024-25 दिनांक: 27.08.24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओ को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुधेड़ा में वित्तीय वर्ष 2024-25 मे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 के अन्तर्गत ई रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, मोरंग, बालू, सरिया, इंट, ईट गिट्टी, टाइल्स, इण्टरलाकिंग ईट इत्यादि एस.बी.एम. (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार व अनुमोदित GPDP वर्ष 2024-25 के अनुसार राज्य/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत मानक के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बंद निविदा दिनांक 28.08.2024 से 02.09.2024 को अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 02.09.2024 को अपरान्ह 03 बजे पंचायत भवन मे निविदा प्रेषित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति यथा निर्माण कार्य समिति के अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदारो को धरोहर राशि के रुप में राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी. जो कि ग्राम पचांयत बुधेड़ा कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक हो जमा करनी होगी। आमंत्रित टेण्डर में दर्शाए गए कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य करने के आदेश दिये जायेगें। बिना कारण बताये निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पचांयत के पास सुरिक्षत होगा।

| क्र स | कार्य का नाम | नग/ संख्या | सामग्री की अनु0 लागत प्रति नग | सामग्री की अनु0 धनराशि | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | जमानत की धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र | 01 | 600000/= | 600000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 3 माह |
| 2 | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट पिट | 02 | 60000/= | 120000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 2 माह |
| 3 | सामुदायिक एवं संस्थागत कम्पोस्ट पिट | 08 | 12000/= | 96000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 2 माह |
| 4 | सिल्ट केचर नालियों पर | 01 | 15000/= | 15000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 2 माह |
| 5 | फिल्टर चेम्बर निर्माण कार्य तालाबो/जलाशय पर | 02 | 40000/= | 80000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 2 माह |
| 6 | कचरा वाहन ई रिक्शा | 01 | 165000/= | 165000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 15 दिन |
| 7 | कचरा वाहन साइकिल रिक्शा | 01 | 25000/= | 25000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 15 दिन |
| 8 | हैण्डपम्प पर सोक पिट एवं सेनेटरी निर्माण कार्य | 03 | 15000/= | 45000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 2 माह |
| 9 | सामुदायिक एवं संस्थाओ हेतु सोक पिट निर्माण | 01 | 22000/= | 22000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 3 माह |
| 10 | सामुदायिक संस्थागत इन्सीरेटर | 02 | 14000/= | 28000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 2 माह |
| 11 | शौचालय (IHHL) रेट्रो फिटिंग कार्य | 11 | 5000/= | 55000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 3 माह |
| 12 | आगंनवाड़ी लर्निग लैब का निर्माण | 01 | 296000/= | 296000/= | 500/= | 2 % | 3 % | 3 माह |

**नियम व अन्य शर्ते :-** 1- सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 2- ग्राम निधि में उपलब्ध धनराशि के अनुसार व कार्य का मापांकन होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा। 3- जेम पोर्टल पर रजिस्टेंड इच्छुक फर्म/ विक्रेताओ को प्राथमिकता दी जायेगी। 4- निधारित तिथि मे निविदा न आने पर कार्यालय द्वारा तिथि आगे बढ़ायी जायेगी जिसकी सूचना कार्यालय पर चस्पा की जायेगी।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बुधेड़ा विधनू, कानपुर नगर**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत बुधेड़ा विधनू, कानपुर नगर**

उद्घाटन

महिलाओं ने आंचलिक परिधान में सजधज कर निकाली शोभा यात्रा

# अल्मोड़ा में कुमाऊं महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

संवाददाता, अल्मोड़ा

- बच्चों की गायन, नृत्य व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं हुईं

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव का मंगलवार को सांस्कृतिक शोभा यात्रा और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर ऐतिहासिक नंदा देवी मंदिर से मुख्य बाजार तक कलश यात्रा निकाली। थाना बाजार में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्री राम सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा समिति की ओर से नगर में कुमाऊं महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नगर की मुख्य बाजार में शोभायात्रा निकाली। महिलाओं की भजन और बच्चों की गायन, नृत्य और फैंसी ड्रेस और मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मटकी फोड़ में हिस्सा लिया। यहां समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, दीपक कुमार, विनीत बिष्ट, अमरनाथ नेगी, चेतन, शुगन त्यागी, हर्षिता तिवारी, मनोज सनवाल, पंकज भगत, वैभव पांडे, कमल बिष्ट, प्रदीप मेहता, युवम बोहरा, भानू पंत, मनमोहन सिंह गैड़ा, आदित्य गुरुरानी, गीता तिवारी, रवीना, रेखा भाकुनी, प्रियंका भट्ट, नीशा बिष्ट, दीपक तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।




अल्मोड़ा में मं कुमाऊ महोत्सव के उद्घाटन मौके पर यात्रा निकालते लोग।

### छोलिया नृत्य ने बांधा समां

■ सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में आयोजित दस दिवसीय कुमाऊ महोत्सव की शुरूआज में छोलिया नृत्य ने समां बांध दिया। वहीं, महिलाओं ने ऐतिहासिक नंदादेवी मंदिर में झोड़ा गायन से वहां मौजूद दर्शकों को झूमने में मजबूर कर दिया।

### मटकी फोड़ रहा आकर्षण

■ दस दिवसीय कुमाऊ महोत्सव के शुभारंभ मौके पर मुख्य बाजार में श्री राम सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था की ओर से मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसको देखने के लिए बाजार में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### 19 राज्यों के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**अयोध्या :** महात्मा भरत जी की पावन तपोस्थली पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भरत कुंड महोत्सव 2024 की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस बार 19 राज्यों के विभिन्न लोक संस्कृतियों की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। भरतकुंड महोत्सव न्यास के कार्यालय पर एक बैठक न्यास अध्यक्ष डॉ अंजनी पांडे की अध्यक्षता में हुई। सात दिवसीय महोत्सव में होने वाले प्रोग्राम के संयोजन के लिए महोत्सव के सचिव अंबरीश चंद्र पांडे को निदेशक के रूप में चुना गया। उनके सहयोग के लिए एसबी सागर प्रजापति, अंशिका सिंह, पंकज पाठक एवं शुभम पाण्डेय को चुना गया।

## एक नजर

### सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाएं: धर्मपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में पूरी ताकत से जुट जाएं। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचाएं। कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। वे मंगलवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। धर्मपाल ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के विकास में बड़ी है, महिला मोर्चा को सुनिश्चित करना है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर परिवार का विस्तार करें।

### 1 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगी सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1 सितंबर से 15 सितंबर तक राज्य में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसे लेकर शासन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोग भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे। विद्यालयों में अलग-अलग तिथियों पर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां होंगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ''स्वच्छता पखवाड़ा'' को लेकर सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है।

### इंटरनेशनल ट्रेड शो में बनेगा भव्य पवेलियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यापक उपस्थिति को बड़े स्तर पर प्रदर्शित करने जा रही है। इसके लिए 11 से 13 सितंबर के बीच इलेक्ट्रॉनिका इंडिया व 25 से 29 सितंबर के बीच इंटरनेशनल ट्रेड शो में भव्य पवेलियन बनाने की मंजूरी दी गई है।

# राजनीति में योगी का नया प्रयोग है बंटेंगे तो कटेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बांग्लादेश के बहाने 80 बनाम 20 फीसदी की राजनीति से वोट बैंक पर नजर
- भाजपा में कट्टर हिंदुत्व का चेहरा बनकर उभर रहे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पुराने रूप में आ गए हैं। बंटेंगे तो कटेंगे जैसा बयान देकर एक बार फिर उन्होंने राजनीति में नया प्रयोग किया है। बांग्लादेश के बहाने भाजपा में कट्टर हिंदुत्व का इकलौता बनने साथ 80 बनाम 20 फीसदी की राजनीति से वोटबैंक भी साधने की कोशिश कर रहे हैं।

आगरा में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश के हालात का संदर्भ देते हुए नारा दिया कि 'बंटेंगे तो कटेंगे'। कहा कि बंटना नहीं है, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। इसका लक्ष्य जाति में बंटे वोट को वापस धर्म के आधार पर जोड़ने का है। क्योंकि जिन जातियों का वोट हिंदू धर्म के आधार पर एकजुट होकर मिल रहा था, वह इसबार लोकसभा चुनाव में बंट गया। प्रदेश में ही 2019 के मुकाबले 2024 में भाजपा की 29 सीट घट गई। इसकी बड़ी वजह थी कि कोइरी व कुर्मी वोट 19 प्रतिशत, गैर जाटव दलित वोट 20 प्रतिशत और अन्य ओबीसी वोट 24 प्रतिशत तक घट गया। अब अगले कुछ दिनों में 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को हिंदुओं के ध्रुवीकरण के अलावा जीत की गारंटी और कुछ नहीं दिख रही है।

### जिम्मेदार लोगों का काम भय फैलाना नहीं : अखिलेश



योगी आदित्यननाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि 'जिम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं। अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं और अगर उनके दल के हैं तो और भी ज्यादा गलत हैं। भाजपा राज में बने भय के इस वातावरण में क्या डबल इंजन कहीं दुबक कर जा बैठा है। निंदनीय बयान।'

### समाज को विभाजित कर रहे योगी: ओवैसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने योगी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री समाज को विभाजित कर रहे हैं। वे जानते हैं कि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहती है। यह उनकी असुरक्षा को दर्शाता है। वह इस तरह के नफरत भरे भाषण के माध्यम से मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं। जो कि भारतीय समाज के लिए बहुत हानिकारक है।

# संगठनात्मक पुनर्गठन पर्यटन को देगा ऊंचाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सचिव ने महानिदेशक को प्रक्रिया सुनिश्चित करने का दिया निर्देश
- पर्यटन निदेशक व पर्यटन निदेशक (इको टूरिज्म) के नए पद सृजित होंगे

**अमृत विचार:** राज्य में पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए सरकार ने विभाग में संगठनात्मक पुनर्गठन का निर्णय लिया है। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने महानिदेशक पर्यटन को इस पर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। अब पर्यटन निदेशक व पर्यटन निदेशक (इको टूरिज्म) के नए पद सृजित होंगे। कुल विभाग में जिला स्तर तक एक सौ पदों सृजित करने के साथ कई पदों का उच्चीकरण होगा तो, कई अनुपयोगी पद समाप्त भी होंगे।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम के अनुसार संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत निदेशक पर्यटन का एक पद सृजित होगा।

इस पर विशेष सचिव स्तर के पीसीएस या आईएएस की तैनाती होगी। निदेशक पर्यटन (ईको टूरिज्म) का भी एक पद सृजित किया जाएगा, जिस पर उप वन संरक्षक स्तर के आईएफएस अधिकारी तैनात होंगे। अपर निदेशक का एक पद पदोन्नति से भरा जाएगा, जिसके लिए संयुक्त निदेशक के पद पर न्यूनतम चार वर्ष की सेवा पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

इसी तरह, जिला पर्यटन अधिकारी के 59 पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। इसमें 50 प्रतिशत सीधी भर्ती होगी तो 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाएंगे। वहीं, अपर जिला पर्यटन अधिकारी के 38 पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त 120 ऐसे पद हैं, जिन्हें बढ़ाकर 203 किया जाना है, जबकि 36 पदों को अनुपयोगी होने के कारण खत्म किया जाएगा।

# अवैध निर्माणों पर अग्निशमन विभाग का भी पहरा

## अग्नि सुरक्षा अधिकारी की तैनाती के बिना नहीं हो सकेंगी व्यवसायिक गतिविधियां, बनाए जा रहे नए मानक

विनय सिंह, लखनऊ

- कामर्शियल कांपलेक्स, अपार्टमेंट आदि आएंगे जांच के दायरे में
- अग्नि सुरक्षा अधिकारी को मिलेगा सीएफओ या एफएसओ स्तर का प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** जान जोखिम में डालने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर अब अग्निशमन विभाग सीधे शिकंजा कसने जा रहा है। प्रदेश भर में हुई आग की बड़ी घटनाओं के बाद नया कानून बनाया गया है। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद इसके तहत अब व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पुख्ता करने वाले मानक तय किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कमेटी इसी महीने मानक तय करके शासन को सौंप देगी, जिसके बाद नई गाइडलाइन जारी की जाएगी।

राजधानी लखनऊ में संचालित कई होटलों में आग की घटनाओं ने दर्जनों लोगों की जान ली। इसे देखते हुएअग्निशमन विभाग ने केंद्र सरकार के फायर सेफ्टी मॉडल बिल को लागू करने के लिए दो वर्ष पहले मसौदा तैयार किया था। शासन से बिल को मंजूरी मिलने के बाद जनवरी में अधिनियम के तौर पर इसे लागू भी कर दिया गया। अब ऐसे भवनों के लिए सुरक्षा मानकों को पुख्ता करने वाले अग्नि सुरक्षा अधिकारी की तैनाती को अनिवार्य किया जा रहा है। इन सुरक्षा अधिकारियों की योग्यता अग्निशमन अधिकारी के बराबर ही रखी जाएगी। योग्यता तय करने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। आग से सुरक्षा के लिए 2005 में यूपी फायर सेफ्टी एक्ट बनाया गया था। इस एक्ट में भवन स्वामियों की बजाय फायर ब्रिगेड की ज्यादा जिम्मेदारी तय की गई। हाईराइज बिल्डिंग्स का चलन आने के बाद 2015 में अधिनियम में संशोधन किया गया, लेकिन इसमें भी बिल्डिंग मालिकों की कोई खास जिम्मेदारी नहीं तय की गई। इसका फायदा उठाकर प्राधिकरण और दूसरी एजेंसियां बिल्डिंग खड़ी करने की इजाजत देते रहे और बिल्डर अपनी सुविधा के मुताबिक निर्माण करके लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते रहे।

### भारी जुर्माने के साथ हो सकती है सील की कार्रवाई

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया की एक्ट में प्राविधान किया गया है की व्यवसायिक गतिविधियों वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा अधिकारी की पोस्टिंग करनी होगी। यह ऑफिसर जिले के सीएफओ या एफएसओ स्तर का प्रशिक्षण लेने के बाद ही तैनात होंगे। पोस्टिंग के लिए फायर सर्विस विभाग इनका टेस्ट लेकर अप्रूवल देगा। इसका खर्च बिल्डिंग मालिकों को उठना होगा। उन्होंने ने बताया की आग लगने की सूरत में अग्नि सुरक्षा अधिकारी के पास फ्लोर प्लान, मास्टर चाभी व लोगों को सकुशल बाहर निकालने की क्षमता होगी। अगर संस्थान 30 दिन के अंदर अग्नि सुरक्षा अधिकारी नहीं नियुक्त करता है तो भारी जुर्माना लगाने के साथ सील करने तक की कार्रवाई की जा सकती है।



> जल्द ही योग्यता के मानक भी तय कर लिए जाएंगे। नए कानून के तहत इसका उलंघन करने वाले भवनस्वामियों के खिलाफ फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट सीधे कार्रवाई कर सकेगा
>
> -अविनाश चंद्रा, डीजी फायर सर्विस

# लापरवाह अफसरों के निलंबन व वेतन रोकने की होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही, ट्रांसफार्मर के ज्यादा फुंकने व बिजली चोरी न रोक पाने वाले अफसरों के निलंबन व वेतन रोकने की कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने इस सिलसिले में निर्देश जारी किए। वह मंगलवार को शक्ति भवन में निगमों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किए जाएं। ऐसे क्षेत्र जहां चोरी होने की ज्यादा संभावना है, ऐसे क्षेत्रों को फीडरवाइज चिन्हित कर अभियान चलाया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सर्वाधिक लाइन हानियां हैं, वहां चोरी की ज्यादा संभावना रहती है। इसलिए सबसे पहले यहां अभियान चलाकर हर कनेक्शन की जांच की जाए, इसमें विजलेंस टीम को साथ में रखा जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वितरण निगमों में जहां बिलिंग सबसे कम है वहां के अधीक्षण अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि जहां ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं और इसमें कमी नहीं आई है, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। ठेकेदारों से एग्रीमेंट हर हाल में सुनिश्चित कर लिए जाएं।

# वक्फ के साथ कोई नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मौलाना सैफ अब्बास और खालिद रशीद से मिले जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल

**अमृत विचार:** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मंगलवार को राजधानी में मौलाना सैफ अब्बास और मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली से मुलाक़ात की। उन्होंने दोनों धर्मगुरुओं को आश्वस्त किया कि विधेयक से वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा मजबूत होगी और मुसलमानों के विकास के रास्ते खुलेंगे।

मौलाना अब्बास ने पाल को सुझाव दिया कि भारत के धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ संयुक्त संसदीय समिति बैठक करे। विचार विमर्श से जो बात निकले उसे संसद तक पहुंचाएं। पाल ने सरकार की ओर से पेश बिल के फायदे गिनाते हुए कहा कि सरकार वक्फ की रक्षा के लिए यह बिल ला रही है, ताकि कोई भी नुकसान न पहुंचा सके और मुसलमानों का अधिक विकास हो सके। मौलाना ने कहा कि 44 बिंदुओं पर संशोधन कर पेश किए गए बिल में कई कमियां हैं। ये मंशा-ए- वाक़िफ के खिलाफ हैं। मौलाना ने अधिवक्ता मुहम्मद हैदर रिज़वी की टीम के सुझावों और आपत्तियों को प्रस्तुत कर कहा कि इन पर विचार करने की जरूरत है। मौलाना खालिद रशीद से पाल ने ऐशबाग स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में मुलाकात की। मौलाना ने उन्हें 20 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा। इसमें जिलाधिकारी को जरूरत से ज्यादा अधिकार देने पर एतराज जाहिर किया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक में कई धाराएं वक्फ के वजूद पर खतरा हैं। संशोधन कई मुद्दों पर संविधान की धारा 14, 25, 26 और 29 का उल्लंघन करता है। बिल मुसलमानों के पक्ष में नहीं है, इसे वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि हमने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाक़ात की है। वक्फ के साथ कोई नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। औकाफ की सुरक्षा और इससे विधवाओं और बेरोजगारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।



मुलाकात के दौरान मौलाना सैफ अब्बास और जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल।

मौलाना रशीद ने कहा कि संशोधन बिल में मस्जिदों, कब्रिस्तानों और दरगाहों पर कब्जा आसान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में 1,20,000 औकाफ दर्ज हैं। जिसमें 33048 मस्जिदें, 63804 कब्रिस्तान, 1045 मजार, 4158 इमामबाड़े, 4263 कर्बला और 2423 मदरसे हैं। उत्तर प्रदेश में अन्य औकाफ की संख्या 8926 है। उन्होंने कहा कि जितने भी संशोधन प्रस्तावित हैं वह भारतीय संविधान के खिलाफ और मुसलमानों के हक में नहीं हैं।

## चलती ट्रेन से आरपीएफ कर्मियों को फेंकने वाले गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** चलती ट्रेन से आरपीएफ कर्मियों को फेंकने वाले चारों शराब तस्करों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी पटना से की गई है।

दो दिन पहले हुई इस घटना में दो आरपीएफ कर्मियों जावेद और प्रमोद कुमार की मौत हो गई थी। मुकदमा गाजीपुर के गहमर थाने में दर्ज किया गया है। एसटीएफ के मुताबिक आरोपी शराब के तस्कर हैं। इसी के विरोध में कर्मियों को बाहर फेंका था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पंकज कुमार, प्रेमचंद्र वर्मा, विनय कुमार, विलेंद्र पासी हैं। सभी पटना के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से सरकारी पिस्टल भी बरामद हुई है।

## पेंशन भुगतान से पहले कराया जा रहा सत्यापन

**अमृत विचार लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पेंशन योजना का लाभ अब मृतक और अपात्र नहीं ले सकेंगे। विभाग पेंशन की राशि खातों में हस्तांतरित करने से पहले ही सर्वे करा रहा है। विभाग की ओर से एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन की राशि खाते में जाती है। पेंशन तिमाही दी जाती है। आदर्श आचार संहिता होने के कारण इस बार अधिकतर सत्यापन जून माह में हुआ। सत्यापन में खुलासा हुआ कि प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 77 हजार 163 अपात्रों और मृतकों के खातों में पेंशन की राशि चली गई थी। साथ ही गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद और हापुड़ में सत्यापन संतोषजनक नहीं था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने आदेश दिया था कि पेंशन की राशि पात्रों के खाते में तिमाही जाती है। पेंशन राशि जाने से पहले ही जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यापन कराएं कि पेंशन प्राप्त करने वाले अपात्र तो नहीं हैं।


## वर्ग पहेली-174

**बाएं से दाएं**

3. 1. खुरदरा, जिसकी सतह चिकनी न हो 2. जिसपर बिस्तर न बिछा हो और सुतली शरीर में गड़ती हो।
5. अत्यधिक भीड़, एक के ऊपर एक गिरना-पड़ना, भेड़ों जैसा अंधानुकरण।
6. (ऐसा प्राणी) जो खुजली रोग से ग्रस्त हो।

**ऊपर से नीचे**

1. वृद्ध, अधिक उम्रवाला।
2. एक प्रत्यय जो निम्नलिखित अर्थ देता है- 1. विपरीत अर्थ
4. 1. क्रांति लाने वाला, क्रांतिकारी, इनकलाब लाने वाला 2. इनकलाब संबंधी।
5. भेदभाव या भिन्नता पैदा करने की नीति, दूसरों में फूट डालने की नीति।
6. हलका आसमानी रंग।



### वर्ग पहेली -173 का हल




## सुडोकू-87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 4 | 9 | 8 | | 5 | |
| | | | 3 | | 2 | 8 | | |
| 1 | | | 5 | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 9 | 2 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 8 | | | 3 | | |
| 3 | | | | | 1 | | | 7 |
| | | 2 | 7 | | 4 | | | |
| | 8 | | 2 | 5 | 6 | | 1 | |

### सुडोकू -86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 2 | 4 |

## दलित व ओबीसी विरोधी है सरकार

**अमृत विचार, लखनऊः** आप सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए पेश की गई यूनीफाई पेंशन स्कीम (यूपीएस) को दलित, ओबीसी और पिछड़ा विरोधी करार दिया है।

उन्होंने कहा कि इन वर्गों के अभ्यर्थियों को उम्र में छूट दी जाती है। ऐसे में ये लोग इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। संजय सिंह ने कहा है कि देश के लाखों कर्मचारी ओपीएस की मांग कर रहे थे। उनकी मांग नहीं सुनी गई।

# मूवमेंट के हित में न कभी रुकेंगे, न कभी झुकेंगे:मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा प्रमुख ने प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों को किया संबोधित

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि देश में बहुजनों के आत्म सम्मान व अस्मिता के मूवमेंट के हित में न कभी रूकेंगे और न ही झुकेंगे। टूटना तो दूर की बात है। बसपा प्रमुख मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि बहुजनों को केवल अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना होगा, अन्यथा धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद बहुमत से काफी दूर भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार का रवैया समय की मांग के अनुसार अब तक सुधारवादी नहीं लगता है। इस प्रकार इसे स्थाई व मजबूत सरकार नहीं कहा जा सकता है। लोकसभा का चुनाव कई तरह की नई संभावनाएं पैदा करता है। उन्होंने कहा कि देश का बहुजनों का असली ग्रंथ संविधान है। इसे राजग व इंडी गठबंधन निष्प्रभावी बनाने के लिए षडयंत्र कर रहा है, इन स्वार्थी तत्वों से इसे बचाना जरूरी है। उन्होंने इससे संबंधित पुस्तक का विमोचन किया।




प्रदेश मुख्यालय पर बैठक के दौरान बसपा प्रमुख मायावती व पदाधिकारी। अमृत विचार

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अगस्त बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 29 अगस्त 01.19 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 15.53 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** - आज आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। आवश्यक दस्तावेजों को संभाल कर रखें। ससुराल पक्ष में कुछ परेशानी हो सकती है। अटके हुए कार्यों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। बच्चों की जिद पूरी करनी पड़ेगी।

**वृष** - आज व्यापार में आप जोखिम भरे निर्णय ले सकते हैं। विदेशों से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। नशे और अनैतिक गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। आपको फिट रहने के लिए पर्याप्त व्यायाम और आराम करना चाहिए।

**मिथुन** - आज किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको सहयोगियों से थोड़ा सावधान रहना चाहिए। यदि विवाह को लेकर कोई निर्णय ले रहे हैं तो तुरंत निर्णय लेने से बचें। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** - आज घरेलू सामान की खरीदारी के लिए बाजार जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या संतुलित रखें। फालतू के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। अपनी कार्ययोजना में सुधार लाने का प्रयास करें। मनोनुकूल काम न हो पाने के कारण आपका मन उदास हो सकता है।

**सिंह** - आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। मेडिकल छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना बढ़ेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के अधिकार बढ़ सकते हैं।

**कन्या** - आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र से आपको उत्तम परिणाम मिलेंगे। उच्चाधिकारी आपके प्रमोशन की चर्चा करेंगे। बच्चों के साथ समय बिताएंगे। परिजनों के साथ आप मूवी देखने के लिए जा सकते हैं।

**तुला** - आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। लोहे के व्यापार में थोड़ी कठिनायी आ सकती है। धन उधार देने को लेकर धर्म-संकट में फंस सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज पुरुष जातक महिलाओं के प्रति भाव शुद्ध रखें। तनाव का आपकी नींद पर बुरा असर पड़ सकता है। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर का वातावरण थोड़ा अस्त-व्यस्त रहेगा। किसी कानूनी मामले में उलझ सकते हैं।

**धनु** - आज अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। व्यवसाय में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। मांगलिक कार्यों में आप सम्मिलित होंगे।

**मकर** - आज पुराने मतभेदों को लेकर समझौता हो सकता है। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। कुछ लोग आपकी छवि को लेकर दुष्प्रचार कर सकते हैं। आपकी प्रभावशाली वाणी की लोग प्रशंसा करेंगे। कपड़ा कारोबारियों को व्यवसाय में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ** - आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। स्त्रियों को शरीर में थकावट और सूजन जैसी समस्या महसूस हो सकती है। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ चल रहा विवाद बढ़ सकता है। अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

**मीन** - आज नौकरीपेशा लोग बॉस से कुछ नाखुश रहेंगे। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य में कुछ कमी हो सकती है। व्यापार के दृष्टिकोण से दिन काफी सामान्य रहने वाला है। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- मकसद — सुबह : 10.34
- समुराई — रात : 08.05

**&pictures**
- रावणासुर — सुबह : 10.58
- गुल मकई — रात : 08.00

**SONY PIX**
- 2012 — सुबह : 09.34
- गॉडजिला — शाम : 04.41

**ZEE CINEMA**
- शिवा द सुपर हीरो 2 — सुबह : 11.23
- पाथु थाला — रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
- अमर अकबर एंथोनी — दोपहर : 12.00
- दिल है तुम्हारा — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर शाम : 04.41 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू- तुम लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हो?
पिंकी- अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना नालायक मिल जाए।
लड़की - तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो?
लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले।

सोनू- यदि आपकी प्रेमिका खूबसूरत, समझदार, ध्यान रखने वाली, कभी न जलने वाली और अच्छे व्यंजन बनाने वाली हो तो उसे आप क्या नाम दोगे?
मोनू- अफवाह...

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625–2650 आर. आर.21 2725–2750 गेहूँ फारम 2850–2900 जौ2300 –2400 ज्वार2000 –4000 बाजरा2100–2150 मकाई2200 –2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300 –7400 अरहर 9000 –9500 मसूर 5500 –5600 मटर 3600 –3700 उड़द हरा 11000 –11500 उड़द काला 8000 –9000 मूँग 8000 –8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहर फूल 15500–15600 अरहर स्पेशल 12500–12600 चनादाल 9000–9100 मटरदाल 4550–4650 मसूर मलका 7000–7050 मसूर दाल 7200–7250 उड़द दाल 9000– 13300 उड़द धोवा10000–13000 मूँगदाल 8100 –9700 मूँग धोवा9700–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500–1600 मैदा 1600–1630 सूजी 1620–1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500–1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5300–5400 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000– 11500 मूँगफली दाना षिवपुरी 9500– 11000 बटाली 8500 –11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 12600–12700 अलसी 10500–10600 अण्डी 12900–13100 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575–1590 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5100–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1590 –1590 मयूर 1590– 1590 मंगलौ रलडडू 4900–4950 देशीभेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 88300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54850–55050 |

# छोटे शहरों, कस्बों में 40% लोग रोज कर रहे डिजिटल भुगतान

### चेज इंडिया की रिपोर्ट में तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों को दर्शाया

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के तीसरे दर्जे के शहरों से लेकर छोटे कस्बों में 40% से अधिक उपभोक्ता दैनिक आधार पर डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करते हैं जबकि 45% लोग दो दिन में एक बार इसका इस्तेमाल करते हैं। भारत में डिजिटल भुगतान की स्थिति पर जारी चेज इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि इसमें देश के तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों में उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल भुगतान के लगातार उपयोग को दर्शाया गया है।

रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान सेवाओं को अपनाने में कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने जमीनी स्तर पर आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। ग्रामीण भारत में डिजिटल भुगतान का उपयोग नहीं करने वाले आधे कारोबारी इस सेवा से अनजान हैं। इसके उलट डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल नहीं करने वाले उपभोक्ताओं में से 94% इससे परिचित होने के बावजूद उपयोग नहीं करते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, सीमित ज्ञान, ऑनलाइन भुगतान में अविश्वास और सेवा-संबंधी समस्याओं के चलते उपभोक्ता डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल नहीं करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 41% कारोबारियों को अपनी बिक्री का 25% से कम डिजिटल भुगतान के माध्यम से मिलता है जबकि लगभग 15% कारोबारियों को बिक्री का 50% से अधिक डिजिटल भुगतान के माध्यम से मिलता है।



- कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों की हुई पहचान
- 94 प्रतिशत इससे परिचित होने के बावजूद नहीं करते हैं डिजिटल भुगतान सेवाओं उपयोग

### 1,184 उपभोक्ता व 1,056 कारोबारियों की ली राय

चेज इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि यह स्थिति जमीनी स्तर पर डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ाने के संबंध में अब भी मौजूद संभावनाओं को दर्शाती है। रिपोर्ट कुल 2,240 उत्तरदाताओं के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आठ राज्यों को लेते हुए 16 जिलों में फैले 1,184 उपभोक्ता और 1,056 कारोबारियों की राय ली गई।

## देश के शीर्ष 150 जिलों में रहते हैं पांच लाख से अधिक आमदनी वाले परिवार

**नई दिल्ली।** पांच लाख रुपये और उससे अधिक की वार्षिक आय वाले अधिकतर परिवार देश के 150 जिलों में ही रहते हैं। मैपमाइइंडिया–समर्थित आंकड़ा विश्लेषण फर्म क्लैरिटीएक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चार वर्षों में देश में समृद्धि 17 से 30% तक बढ़ गई है। पांच लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले 60% परिवार देश के शीर्ष 20 % (लगभग 150) जिलों में मौजूद हैं और अखिल भारतीय जिला औसत से ऊपर के कुल जिलों में से दो–तिहाई पश्चिमी भारत में हैं। रिपोर्ट में आय वितरण, स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक प्रोत्साहन, प्रति व्यक्ति शिक्षा सुविधाएं, बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, बैंकिंग कवरेज जैसी वित्तीय गतिविधियों जैसे सामाजिक–आर्थिक संकेतकों के आधार पर जिलों की वृद्धि को मापा गया है। इन संकेतकों के इस्तेमाल से



जिला संभावना सूचकांक (डीपीआई) तैयार किया जाता है। जिलों की वृद्धि को मापने के लिए 2019 के डीपीआई स्कोर की तुलना 2023 के साथ की गई है। भारत में जिलों की संख्या 2019 के 723 से बढ़कर 788 हो गई है। बेंगलुरु शहरी और हैदराबाद जिले 2023 में सभी 788 जिलों में उच्चतम स्कोर के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे हैं। मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में झारखंड और त्रिपुरा अधिक वृद्धि वाले राज्यों के रूप में उभरे हैं। सबसे तेजी से बढ़ने वाले पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्य उत्तरी क्षेत्रों के हैं।

## उतार-चढ़ाव से सेंसेक्स मामूली लाभ में, निफ्टी नए शिखर पर

**मुंबई।** शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव रहा और बीएसई का सेंसेक्स मामूली 14 अंक के लाभ में रहा। हालांकि, निफ्टी उच्चतम स्तर 25,017 अंक पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया और यूक्रेन में तनाव बढ़ने से मुनाफावसूली से बाजार स्थिर रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों में मुनाफावसूली ने दूरसंचार, प्रौद्योगिकी और आईटी शेयरों में लाभ को हल्का किया। सेंसेक्स में छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 13.65 अंक यानी 0.02% की बढ़त के साथ 81,711.76 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 7.15 अंक यानी 0.03% की नाममात्र बढ़त के साथ 25,017.75 अंक पर बंद हुआ। यह नौवां सत्र है जब निफ्टी में तेजी रही है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर होने के साथ मुनाफावसूली हुई। फेडरल के नीतिगत दर में कटौती की संभावना से बाजार में धारणा सकारात्मक है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन में तनाव बढ़ने तथा कच्चे तेल के दाम में तेजी से निवेशक सतर्क भी हुए हैं।



# पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी लेने पर 1.5- 3% तक छूट

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख वाणिज्यिक और यात्री वाहन कंपनियां त्योहारों से पहले पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने के बदले नये वाहन खरीदने पर 1.5 से 3% तक छूट देंगी। आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने यह सहमति जताई। बयान अनुसार यह पहल देश में संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग (सर्कुलर) वाली अर्थव्यवस्था को गति देने और स्वच्छ, सुरक्षित तथा अधिक कुशल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गडकरी ने भारत मंडपम में वाहन कंपनियों के शीर्ष निकाय सियाम (सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स) के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बातचीत के दौरान, मंत्री की सलाह पर गौर करते हुए और वाहनों के आधुनिकीकरण तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था के महत्व को पहचानते हुए कई वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन विनिर्माताओं ने जमा प्रमाणपत्र (स्क्रैपेज सर्टिफिकेट) के बदले सीमित अवधि के लिए छूट देने पर सहमति जताई है। इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता दो साल और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल के लिए छूट देने को तैयार हैं। यह छूट पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे सड़कों पर सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक दक्ष वाहनों का चलना सुनिश्चित होगा। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 25,000 रुपये की सीधी छूट देने की पेशकश की है, जो सभी मौजूदा रियायतों के अतिरिक्त होगी।



- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने सहमति जताई

## सड़क कंपनियों की आय में होगी 5-7 % की वृद्धिः क्रिसिल

**नई दिल्ली।** सड़क इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों की आय वृद्धि अगले वित्त वर्ष में नरम होकर पांच से सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसका कारण यह है कि राजमार्ग परियोजनाओं के कम आवंटन से उनके ऑर्डर पर असर पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट अनुसार, इन कंपनियों की साख स्थिर बनी रहेगी, जिसको परिचालन लाभ और मजबूत बही-खाते का समर्थन प्राप्त है।

## जनधन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा : वित मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत देश में खोले गए 53.13 करोड खाते

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक देश में 53.13 करोड खाते खोले जा चुके हैं और इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने योजना के एक दशक पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कहा कि इस योजना के तहत शून्य शेष खातों की अनुमति है और इन खातों में न्यूनतम बैलेंस राशि बनाये रखने की अनिवार्यता नहीं है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत खुले खातों में से 80% चालू हैं और 8.4% खातों में शून्य शेष राशि है। प्रति खाता औसत शेष राशि मार्च 2015 में 1065 रुपये था जो 18 अगस्त 2024 को बढ़कर 4352 रुपये हो गया है। योजना के खातों पर सभी धारकों को रूपे कार्ड जारी नहीं किया जा सकता है। जिन खातों का संचालन नियमित तौर हो रहा है उनको कार्ड जारी किया जाता है। इसलिये अब तक 36.14 करोड़ रूपे कार्ड जारी किये गये हैं। चालू वित्त वर्ष में योजना के तहत तीन करोड़ खाता खोलने और जो 18 वर्ष के हो चुके हैं वह अपना खाता खुलवा सकते हैं।

## एयर इंडिया ने ग्राहक सहायता सेवा को सात क्षेत्रीय भाषाएं और जोड़ीं

**मुंबई।** एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने आईवीआर प्रणाली में मौजूदा अंग्रेजी और हिंदी के अलावा मराठी, पंजाबी, तमिल और मलयालम सहित सात नई भाषाओं को जोड़कर ग्राहक सहायता सेवाओं को बेहतर बनाया है। एयरलाइन ने कहा कि आईवीआर (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स) प्रणाली अब उपयोगकर्ता के मोबाइल नेटवर्क पर ग्राहक की भाषा वरीयता को स्वचालित रूप से पहचान लेगी, जिससे भाषा चुनने की जरूरत समाप्त हो जाएगी और प्रतिक्रिया का समय कम हो जाएगा।



# भाजपा ने की 29 और प्रत्याशियों की सूची जारी

### जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव : अब तक 45 सीटों के लिए कर चुकी है प्रत्याशियों की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सूची में दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे चरण के लिए 19 उम्मीदवारों के नाम

भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 29 और उम्मीदवारों की सूची जारी की। साथ ही पार्टी अब तक 45 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। भाजपा ने देवेंद्र सिंह राणा को नगरोटा विधानसभा सीट से और सतीश शर्मा को बिलावर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

बिलावर का प्रतिनिधित्व 2014 में हुए आखिरी विधानसभा चुनाव में पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने किया था। पार्टी ने सोमवार को जारी की सूची में एक बदलाव किया है। उसने श्री माता वैष्णो देवी सीट से रोहित दुबे के स्थान पर बलदेव राज शर्मा को मैदान में उतारा है। बाकी प्रत्याशियों में कोई बदलाव नहीं है। भाजपा की ताजा सूची में दूसरे चरण के लिए 10 उम्मीदवार और तीसरे चरण के लिए 19 उम्मीदवार हैं। भाजपा ने अभी तक नौशेरा के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जिसका प्रतिनिधित्व 2014 में उसके मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने किया था। उसने गांधीनगर से भी कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जहां से पिछले चुनाव में उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता निर्वाचित हुए थे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को चुनाव होगा।

### नेकां ने की 32 नामों की सूची जारी, उमर गंदेरबल से लड़ेंगे चुनाव

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस ने मंगलवार को पार्टी के 32 उम्मीदवारों की सूची घोषित की। नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गंदेरबल निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। गंदेरबल श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है और दशकों से अब्दुल्ला परिवार का गढ़ रहा है। उमर अब्दुल्ला के अलावा अन्य उम्मीदवारों में सांसद मियां अल्ताफ के बेटे मियां मेहर अली कंगन से चुनाव लड़ेंगे। दिलचस्प यह है कि जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद अब्दुल्ला ने राज्य का दर्जा बहाल होने तक विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की कसम खायी थी। इसी के साथ पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी इसको लेकर चुनाव नहीं लड़ने की प्रतिबद्धता जताई थी।

### प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के कई पूर्व सदस्यों ने किया नामांकन

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित जमात–ए–इस्लामी के कई पूर्व सदस्यों ने विधानसभा चुनाव में मंगलवार को बतौर निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन पत्र भरा। कारागार में बंद अलगाववादी कार्यकर्ता सर्जन बरकती की ओर से उसकी बेटी सुगरा बरकती ने नामांकन किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से प्रतिबंध लगाने से जमात चुनाव नहीं लड़ सकता, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान उसने प्रतिबंध हटाए जाने पर चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने की इच्छा जताई थी। जमात अलगाववादी संगठनों के मंच हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का हिस्सा है। जमात के पूर्व अमीर (प्रमुख) तलत मजीद ने निर्दलीय पुलवामा से नामांकन किया।

## मैं पक्षपात करुंगा, मियां मुस्लिमों को कब्जा नहीं करने दूंगा : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि वह पक्षपात करेंगे और मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। शर्मा नागांव में 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना पर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपक्षी दलों के कार्य स्थगन प्रस्ताव पर विधानसभा में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित रखा जाता तो अपराध की दर नहीं बढ़ती। विपक्ष के पक्षपात के आरोप पर शर्मा ने कहा कि मैं पक्षपात करुंगा। आप क्या कर सकते है? लोअर असम के लोग अपर असम क्यों जाएंगे? ताकि मिया मुस्लिम असम पर कब्जा कर लें? हम ऐसा नहीं होने देंगे। नोकझोंक के बीच सत्ता और विपक्ष के सदस्य आसन के पास आ गए जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी को कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस, एआईयूडीएफ और माकपा विधायकों ने महिलाओं के प्रति अपराध समेत बढ़ती जुर्म से उत्पन्न हालात पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव दिया था।

# सरकार ने टैक्स टेररिज्म से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी बोले- ये सब प्रधानमंत्री के मित्रों की संपत्ति बढ़ाने को हो रहा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर टैक्स टेररिज्म से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्रों की संपत्ति बचाने एवं बढ़ाने के लिए हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वह इस आतंक और अन्याय के विरुद्ध भारतीयों के साथ खड़े हैं। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर पोस्ट किया कि टैक्स टेररिज्म भाजपा राज का एक खतरनाक चेहरा है। यही सच्चाई है। आज हिंदुस्तान में टैक्स टारगेट का भार मध्यम वर्ग की आमदनी पर डाल दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि मध्यम वर्ग के वेतन में वर्षों कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, लेकिन आयकर में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि महंगाई के दौर में, हर चीज़ पर जीएसटी देने वाले मध्यम वर्ग को सोचना चाहिए कि क्या आपकी आमदनी बड़े व्यापारियों से ज्यादा है? क्या आपको सरकारी सुविधाओं का कोई विशेष लाभ मिल रहा है? नहीं ना! फिर मध्यम वर्ग से ये वसूली क्यों हो रही है? जब आपको डरा कर, जेब काटी जाए, यही है टैक्स टेररिज्म का चक्रव्यूह। गांधी ने कहा कि मोदी अपने मित्रों की संपत्ति बढ़ाने को मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रहे हैं।

## एक नजर

### नीट प्रश्नपत्रः दो अभियुक्तों की पुलिस रिमांड

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और गिरफ्तार अभियुक्तों को आज सात दिनों के पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। सीबीआई ने झारखंड के बोकारो ज़िला निवासी सुदीप कुमार और कुमार युवराज को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया, जहां न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लिया।

### दो महिला चिकित्सकों का पीछा करने में तीन पर केस

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज की दो जूनियर महिला चिकित्सकों का पीछा करने तथा अभद्र टिप्पणियां के आरोप में तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना 23 अगस्त शाम को अग्रोहा में तब हुई जब महिला चिकित्सक ड्यूटी पूरी करने के बाद हॉस्टल जा रही थीं। इनमें से एक रेजीडेंट चिकित्सक की शिकायत के अनुसार, वे दोनों हॉस्टल जा रही थीं तभी तीन अज्ञात लागों ने आपातकालीन विभाग के पास उन पर अभद्र टिप्पणियां कीं। जब दोनों ने आरोपी उनका पीछा करने लगे तो दोनों महिलाओं ने शोर मचाया, जिससे अस्पताल का सुरक्षा कर्मी वहां पहुंचा जिसके बाद आरोपी भाग गए।

# एएसआई का पॉलीग्राफ कराने की अनुमति सीबीआई ने मांगी

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने कोलकाता की अदालत से शहर के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) अनूप दत्ता का पॉलीग्राफ कराने की अनुमति मांगी है। दत्ता को प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय का करीबी बताया जाता है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआई जांच कर रही है कि क्या दत्ता ने अपराध छुपाने में रॉय की मदद की थी। दत्ता ने रॉय को कई तरह के लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सीबीआई पता लगाने में जुटी है कि क्या रॉय ने दत्ता को अपराध के बारे में बताया था और क्या उसे कोई मदद मिली थी। अदालत दत्ता की सहमति लेने के बाद पॉलीग्राफ के आवेदन पर फैसला करेगी।

### महिला चिकित्सक से दरिंदगी

### ईडी ने अनियमितताओं पर धन शोधन का मामला किया दर्ज

**कोलकाता।** ईडी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और कुछ अन्य के कार्यकाल में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के तहत धन शोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (के तहत प्राथमिकी के समकक्ष अपनी प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के लिए सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लिया है।

## 100 कलाकारों ने की सुरक्षित कार्यस्थल की मांग

**कोलकाता।** बंगाली फिल्म उद्योग से जुड़ी सौ से अधिक महिला कलाकारों ने डॉक्टर से दरिंदगी के खिलाफ सरकारी टेली अकादमी को पत्र लिख सुरक्षित कार्यस्थल की मांग की। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में निर्देशक अपर्णा सेन, अभिनेत्री रूपा गांगुली, स्वस्तिका मुखर्जी, पाओली दाम, सोहिनी सरकार, बिदिप्ता चक्रवर्ती, चैताली दासगुप्ता, अनुराधा रे और शकुंतला बरुआ शामिल हैं। पत्र ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर एसोसिएशन और वेस्ट बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट फोरम को भेजा गया है।

# धन का उपयोग केजरीवाल की इच्छानुसार हुआ : सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

### आबकारी घोटाला

- अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बारे में आदेश तीन सितंबर तक सुरक्षित रखा

सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की अदालत के समक्ष दावा किया कि आबकारी घोटाले से अर्जित धन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की इच्छानुसार खर्च हुआ, जिन्होंने 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव में पार्टी के हर उम्मीदवार को 90-90 लाख रुपये देने का वादा किया था।

सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष यह दलील दी, जिन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल और अन्य के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आग्रह किया। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल की इच्छानुसार पैसा खर्च किया गया है... पूरा पैसा आम आदमी पार्टी के वित्त पोषण के लिए दिया गया। उन्होंने (केजरीवाल) प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार को 90 लाख रुपये देने का वादा किया था और गोवा में 40 निर्वाचन क्षेत्र हैं। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बारे में आदेश तीन सितंबर तक सुरक्षित रख लिया।

## सिर्फ नेता-मंत्री को स्पेशल ट्रीटमेंट : कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को स्वतः संज्ञान लिए मामले पर कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था फेल है और सिर्फ नेता और मंत्री को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है। दरअसल 23 अगस्त को भाजपा की युवा आक्रोश रैली के दौरान हाईकोर्ट के जज संजय द्विवेदी काफी देर तक कांके जाम में फंसे थे। इसके बाद आज उन्होंने डीजीपी, रांची डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। उक्त सभी अधिकारी अदालत के समक्ष पेश हुए। डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं होगी।

## औषधि, प्रसाधन सामग्री से जुड़ी आयुष मंत्रालय की अधिसूचना पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आयुष मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी, जिसमें आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने वाले औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 को हटा दिया गया था। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना उसके सात मई, 2024 के आदेश के विपरीत है।

## 18 राज्यों के मुख्य सचिव न्यायालय में हुए पेश

- एसएनजेपीसी प्रस्तावों का गैर-अनुपालन पर किए गए तलब

**नई दिल्ली।** न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों के कथित गैर-अनुपालन को लेकर 18 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, केरल व दिल्ली तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अनुपालन हलफनामों पर संज्ञान लिया और सुनवाई बंद करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की।

# पराली जलाने, प्रदूषण से निपटने की बताए योजनाः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारियों की कमी के कारण ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को जिम्मेदार निकाय से सर्दियों के समय प्रदूषण और पराली जलाने से निपटने के लिए योजना बताने को कहा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष को मामले की सुनवाई के दौरान डिजिटल तरीके से उपस्थित रहने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि आज स्थिति यह है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं, जिससे वे ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं... इसलिए हम सीएक्यूएम के अध्यक्ष से अनुरोध करते हैं कि वे सुनवाई की अगली तारीख पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उपस्थित रहें और बताएं कि आयोग कौन से कदम उठाना प्रस्तावित है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारियों की कमी के कारण नहीं का पा रहा ठीक से काम

### प्रतिनिधित्व की कमी से कैसे काम करेगी सीएक्यूएम

पीठ ने सवाल किया कि सीएक्यूएम द्वारा गठित होने वाली सुरक्षा और प्रवर्तन संबंधी उप–समिति, रिक्त पदों से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रतिनिधित्व की कमी पर कैसे काम करेगी। पीठ ने पांचों एनसीआर राज्यों के रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया, अच्छा हो यह 30 अप्रैल, 2025 से पहले हो। पीठ ने सीएक्यूएम अध्यक्ष को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया, जिसमें बताया जाए कि आयोग द्वारा वायु प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कदम उठाया जाएगा, जिसे दिल्ली से सटे राज्यों में पराली जलाने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। पीठ ने अगली सुनवाई 2 सितंबर को करना निर्धारित किया।

## एक नजर

### चीनी जहाजों ने मनीला के जहाज को रोका

**मनीला।** चीन ने 40 जहाजों के अत्यधिक बल प्रयोग से फिलीपीन के दो जहाजों को दक्षिण चीन सागर में एक विवादित द्वीप पर मनीला के सबसे बड़े तटरक्षक जहाज को खाद्य एवं अन्य सामान की आपूर्ति करने से रोक दिया। दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय विवाद का यह ताजा मामला है। चीन, फिलीपीन ने टकराव के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है।

### बुर्किना फासो में आतंकी हमले में 100 की मौत

**अबुजा।** मध्य बुर्किना फासो के एक गांव में अल-कायदा से जुड़े आतंकवादियों द्वारा सप्ताहांत में किए गए हमले में 100 ग्रामीणों और सैनिकों की मौत हो गई। एक विशेषज्ञ ने हमले से जुड़े वीडियो के विश्लेषण के बाद यह जानकारी दी। इस हमले को संघर्षग्रस्त बुर्किना फासो में इस वर्ष हुए सबसे घातक हमलों में से एक बताया जा रहा है।

### सूडान में वर्षा, बाढ़ से 132 लोगों की मौत

**खार्तूम।** सूडान में भारी वर्षा होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 132 हो गई है। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्राकृतिक आपदा से मरने वालों का आंकड़ा 132 तक पहुंच गया है। इससे पहले, सूडानी अधिकारियों ने प्राकृतिक आपदा के कारण 68 लोगों की मौत की सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि पीड़ितों की मौत घर गिरने और डूबने सहित विभिन्न कारणों से हुई है।

### मणिपुर में केवाईकेएल के छह सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले से सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन कांग्लेई यावोल कान्बा लूप (केवाईकेएल) के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बंदूक पर लगाए जाने वाले तीन लेंस, सैन्य वर्दी, गोला-बारूद और चार पहिया वाहन बरामद हुआ है। सुरक्षाबलों ने कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी कर एक सिंगल बैरल और एक डबल बैरल बंदूक, 75 जिंदा कारतूस, एके-47 की तीन भरी हुई मैगजीन, सात वायरलेस वॉकी-टॉकी सेट और अन्य सामग्री बरामद किया।

### नौसेना ने निकाला लापता विमान का मलबा

**जमशेदपुर।** भारतीय नौसेना के जवानों ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल बांध से, दो सीट वाले विमान का मलबा बाहर निकाल लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह विमान जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद विमान लापता हो गया था। एनडीआरएफ ने गुरुवार को पायलट कैप्टन जीत सतरू और प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता के शव बरामद किए थे।

### शिवाजी की मूर्ति मामले में ठेकेदार पर प्राथमिकी

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ध्वस्त होने के मामले में प्रतिमा बनाने वाले ठेकेदार और संरचनात्मक सलाहकार सहित दो लोगों के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। यह प्रतिमा सिंधुदुर्ग जिले स्थित मालवन बीच पर राजकोट किले में बनी थी।

### दर्शन को दूसरी जेल भेजने पर जल्द फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि रेणुकास्वामी हत्या मामले में यहां परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में बंद कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को दूसरी जेल में स्थानांतरित करने पर प्राधिकारी कुछ दिनों में फैसला कर सकते हैं। दर्शन की एक आदतन अपराधी समेत तीन अन्य लोगों के साथ जेल परिसर में एक कुर्सी पर बैठ कर और हाथ में कॉफी का मग लेकर धूम्रपान करने की तस्वीर रविवार को वायरल हो गई थी।

# महिला को छूने और आंख मारने पर ठहराया दोषी

**मुंबई, एजेंसी**

- उम्र और आपराधिक इतिहास न होने पर नहीं दी सजा

मुंबई की एक अदालत ने महिला को आंख मारने और उसका हाथ पकड़ने के आरोपी युवक को उसकी (महिला की) गरिमा को ठेस पहुंचाने का दोषी करार दिया, लेकिन आरोपी की उम्र और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने पर उसे सजा नहीं दी। मजिस्ट्रेट आरती कुलकर्णी ने 22 अगस्त को पारित आदेश में कहा कि आरोपी मोहम्मद कैफ फाकिर द्वारा किया गया अपराध उम्रकैद से कम सजा का हकदार नहीं है, लेकिन उसकी उम्र और कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने से उसे परिवीक्षा का फायदा मिलना चाहिए।

अदालत ने कहा कि वह महिला को हुई मानसिक पीड़ा और उत्पीड़न को नजरअंदाज नहीं कर सकती, लेकिन आरोपी को सजा देने से उसके भविष्य और समाज में उसकी छवि पर असर पड़ेगा। अदालत ने फाकिर को आईपीसी की धारा 354 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने फाकिर को 15,000 रुपये का बांड भरने पर रिहाई का आदेश दिया। अप्रैल 2022 में दक्षिण मुंबई के भायखला पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, महिला ने एक दुकान से किराने का सामान मंगवाया था और उसी दुकान पर काम करने वाला आरोपी सामान देने घर पहुंचा था। आरोपी ने महिला से पीने को पानी मांगा और जब वह उसे पानी दे रही थी, तो उसने उसके हाथ को गलत तरीके से छुआ और आंख मारी।

# डिजिटल अरेस्ट : साइबर ठगों ने बिछाया नया जाल



डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को धोखा देने के लिए अपनाई जाने वाली एक नई और अभिनव रणनीति है। इसमें साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बनकर लोगों को कॉल कर उन्हें बताते हैं कि उन पर या उनके किसी स्वजन पर कुछ आरोप लगे हैं और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विश्वास दिलाने के लिए साइबर अपराधी पीड़ितों को वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड आदि दिखकर भयभीत करते हैं। इस तरह झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर अपराधी ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने की कोशिश करते हैं। सावधानी और जागरुकता से इससे बचा जा सकता है।

### यह तरीके अपनाते हैं अपराधी

**फर्जी कॉल :** अपराधी पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और पीड़ित को बताते हैं कि उन पर कुछ आरोप लगे हैं और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**वीडियो कॉल :** अपराधी वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड दिखाकर पीड़ित को डराते हैं और उनसे पैसे मांगते हैं।

**फर्जी मेल/मैसेज :** अपराधी फर्जी मेल या मैसेज भेजकर पीड़ित को बताते हैं कि उनके खाते में कुछ समस्या है और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उनका खाता बंद कर दिया जाएगा।

**नकली वेबसाइट :** अपराधी नकली वेबसाइट बनाकर पीड़ित को बताते हैं कि उन्हें कुछ पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सोशल मीडिया :** अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके पीड़ित को बताते हैं कि उन्हें कुछ पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ठगी से बचाव के कुछ तरीके

- **सावधानी बरतें :** यदि आपको कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आता है, तो तुरंत प्रतिक्रिया न दें। पहले इसकी सत्यता की जांच करें।
- **सत्यापन करें :** यदि आपको कोई कॉल आती है जिसमें आपसे पैसे मांगे जा रहे हैं, तो पहले कॉल करने वाले की पहचान और संपर्क जानकारी को सत्यापित करें।
- **पर्सनल जानकारी न दें :** अपनी गोपनीय जानकारी न दें, विशेष रूप से बैंकिंग डिटेल्स।
- **हमेशा डॉक्यूमेंट मांगें :** कानूनी आरोपों के बारे में जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें और कॉल करने वाले से कानूनी प्रपत्र की मांग करें।

### साइबर सेल से करें संपर्क

शांत रहें और कभी भी घबराएं नहीं क्योंकि वास्तविक कानूनी मामलों को आमतौर पर औपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से निपटाया जाता है, न कि तत्काल धमकियों के माध्यम से। यदि आपको लगता है कि आप डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहे हैं, तो तुरंत पुलिस और साइबर सेल से संपर्क करें और उन्हें पूरी जानकारी देकर सहायता मांगें।

### इंदौर में 1.50 करोड़ की ठगी

**इंदौर।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। पिछले आठ महीनों में ठग गिरोहों ने ऐसे 13 लोगों को कुल 1.50 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने मंगलवार को बताया कि हमें एक जनवरी से अब तक डिजिटल अरेस्ट के नाम पर कुल 1.50 करोड़ रुपये की ठगी को लेकर 13 लोगों की शिकायतें मिली हैं।

# यूक्रेन के प्रति शांति संदेश, मानवीय समर्थन के लिए मोदी की सराहना

## बाइडन ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात, शांति बहाली की संभावनाओं पर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी**






**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए भारत से मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए उनके शांति के संदेश एवं मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कीव की ऐतिहासिक यात्रा पर और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से जल्दी शांति लौटने की संभावना पर चर्चा की। मोदी की 23 अगस्त की कीव यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। कीव यात्रा के दौरान मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। मोदी की यात्रा के तीन दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की पहल पर सोमवार को दोनों नेताओं की बातचीत हुई बाइडन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर चर्चा करने के लिए फोन पर उनसे बात की और यूक्रेन के लिए शांति के उनके संदेश और मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। मोदी की रूस, पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा तथा बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी। व्हाइट हाउस ने इस फोन वार्ता की जानकारी दी और बांग्लादेश का कोई उल्लेख नहीं किया जिसका प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में जिक्र किया। मोदी की यूक्रेन की लगभग नौ घंटे की यात्रा, 1991 में यूक्रेन की आजादी के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जिससे कुछ पश्चिमी देशों में नाराजगी फैल गई थी। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा के साथ-साथ सितंबर में प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों पर भी चर्चा की। बाइडन ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र के लिए सहयोग के अलावा वहां शांति और मानवीय समर्थन के वास्ते मोदी के संदेश की भी सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन और मोदी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बाइडन के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया।

### प्रधानमंत्री ने यूक्रेन यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों पर पुतिन से की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। उन्होंने यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया तथा यूक्रेन के साथ संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बातचीत में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। टेलीफोन पर बातचीत में प्रधानमंत्री ने पिछले महीने 22वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी रूस की सफल यात्रा को याद किया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# पाकिस्तान में 25 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत कबायली जिले खैबर में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उसके दो सहयोगी समूहों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए व्यापक अभियान में एक शीर्ष आतंकवादी कमांडर समेत 25 आतंकवादी मारे गए जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा (इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) ने टीटीपी का जिक्र करते हुए एक बयान में कहा कि ये अभियान ''पुख्ता खुफिया जानकारी'' पर आधारित थे और इससे 'फितना अल खवारिज' और उसके सहयोगियों को बड़ा झटका लगा। सुरक्षा बलों ने अब तक 25 आतंकवादियों को मार गिराया गया है जिनमें इसका सरगना अबुजार उर्फ सद्दाम शामिल है, जबकि 11 आतंकी घायल हुए हैं। अभियान के दौरान चार सैनिकों की भी मौत हो गई।

## भारत अगले माह संरा में उच्च सागर संधि पर हस्ताक्षर करेगा

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (बीबीएनजे) समझौते, जिसे उच्च समुद्र संधि भी कहा जाता है, पर हस्ताक्षर करेगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा मंगलवार को यहां केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सलाहकार पीके श्रीवास्तव ने की। कार्यान्वयन पर केंद्रित दो दिवसीय उच्च स्तरीय कार्यशाला को मंगलवार को संबोधित करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि मंत्रालय समझौते से संबंधित विकास की निगरानी के लिए एक समर्पित संस्थागत तंत्र स्थापित करेगा। कहा कि यह प्राधिकरण संधि से संबंधित आवश्यक नियमों, अध्ययनों और अन्य गतिविधियों से निपटेगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यकताओं के साथ अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानून में संधि पर विस्तृत चर्चा और संशोधन की आवश्यकता है।

# हिप्र विस में निंदा प्रस्ताव पारित हरियाणा में आप का प्रदर्शन

**शिमला/चंडीगढ़, एजेंसी**



- भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों पर दिए बयान से बवाल

भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों पर दिए बयान के खिलाफ विपक्ष ने मंगलवार को भी हमला जारी रखा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कंगना के बयान की निंदा करने के लिए कांग्रेस समर्थित प्रस्ताव पारित किया गया, जबकि आप ने हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया।

हिमाचल के मंडी से सांसद रनौत ने दिए साक्षात्कार की क्लिप साझा की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर देश में मजबूत नेतृत्व नहीं होता, तो भारत में 'बांग्लादेश जैसी स्थिति' पैदा हो सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब निरस्त हो चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शव लटक रहे थे और बलात्कार हो रहे थे। उन्होंने इस 'साजिश' में चीन और अमेरिका के शामिल होने का आरोप लगाया। रनौत की टिप्पणी को लेकर उनके कांग्रेस शासित कंगना के गृह राज्य हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में तीखी बहस हुई, क्योंकि सदन ने टिप्पणी की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। 'आप' की हरियाणा इकाई ने रनौत की टिप्पणी के खिलाफ राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

### फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को नोटिस

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा है। सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था का दावा है कि फिल्म में सिखों के चरित्र और इतिहास को गलत तरीके से पेश किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही सिंगापुर का दौरा करेंगे

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने घोषणा की है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीघ्र ही सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत और सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों के रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने और आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए सोमवार को यहां दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।

# कुछ वर्षों में गहरी हुई भारत और ब्राजील में साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- दोनों देशों की 9वीं संयुक्त आयोग की बैठक में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ वर्षों में गहरी और विविधतापूर्ण हुई है और अब यह रक्षा, अंतरिक्ष, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों सहित बहुत व्यापक क्षेत्रों तक फैल गई है। दिल्ली में 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) में अपने उद्घाटन भाषण में जयशंकर ने जी-20 बैठकों के सफल आयोजन के लिए लैटिन अमेरिकी देश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं ब्राजील की जी20 अध्यक्षता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराना चाहूंगा।

हम एक न्यायपूर्ण विश्व और एक टिकाऊ ग्रह के निर्माण के विषय पर केंद्रित विभिन्न अनूठी पहलों की सराहना करते हैं। यहां 25 अगस्त को पहुंचे ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने अपने प्रारंभिक भाषण में कहा कि राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा को नवंबर में रियो डी जेनेरियो में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने में खुशी होगी।

## अमेरिका-चीन में टकराव से बचने के तरीकों पर बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी।** व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और चीन यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं कि उनके बीच प्रतिस्पर्धा टकराव में तब्दील न हो । अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन वरिष्ठ विदेश नीति अधिकारी वांग यी के साथ दो दिनों से बैठक कर रहे हैं। सुलिवन ने वार्ता शुरू होने से पहले संक्षिप्त बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने राष्ट्रपति शी के साथ अपनी बातचीत में यह स्पष्ट किया कि वह इस अहम संबंध को जिम्मेदारी से संभालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुलिवन गुरुवार तक चीन में रहेंगे और इस यात्रा का उद्देश्य एक ऐसे रिश्ते में संवाद को बनाए रखने की कोशिश करना है।

# राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने को गठित करें टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने कब्जों पर चिंता जताते हुए केंद्र को दिए निर्देश
- कोर्ट ने पोर्टल भी बनाने को कहा जहां लोग जानकारी दे सकें

राष्ट्रीय तथा राज्यों के राजमार्गों पर अतिक्रमण को लेकर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया कि सड़कों पर अनधिकृत कब्जों के लगातार और नियमित निरीक्षण के लिए विभिन्न दल बनाए जाएं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मंत्रालय को यह निर्देश भी दिया कि एक पोर्टल बनाएं जहां लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण के बारे में जानकारी दे सकते हैं और तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। केंद्र को पोर्टल का व्यापक प्रचार करने का निर्देश देते हुए पीठ ने कहा कि एक टोल-फ्री नंबर जारी किया जाए जहां लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण की सूचना दे सकते हैं।

शीर्ष अदालत ज्ञान प्रकाश नामक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग (भूमि एवं यातायात) नियंत्रण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के कार्यान्वयन एवं राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए विभिन्न निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। न्यायमित्र नियुक्त की गईं अधिवक्ता स्वाति घिल्डियाल ने कहा कि मंत्रालय ने 18 मार्च, 2020 को एक परिपत्र जारी किया था।

## भारत विरोधी पोस्ट पर छात्रा को वापस भेजा बांग्लादेश

**सिलचर, एजेंसी।** असम के सिलचर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में पढ़ने वाली एक बांग्लादेशी छात्रा को सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट पर 'लव' इमोजी के साथ प्रतिक्रिया देने के बाद उसके देश वापस भेज दिया गया। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने मंगलवार को दावा किया कि यह निर्वासन नहीं था, बल्कि बांग्लादेश के अधिकारियों के परामर्श से उसे वापस भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एनआईटी सिलचर के इलेक्ट्रॉनिक और संचार विभाग में चौथे सेमेस्टर की छात्रा मैशा महजबीन को सोमवार को करीमगंज जिले के सुतारकंडी में एकीकृत जांच चौकी के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

# यौन उत्पीड़न : अभिनेता मोहनलाल ने एएमएमए अध्यक्ष का पद छोड़ा

**अन्य पदाधिकारियों ने भी दिया इस्तीफा**

**कोच्चि, एजेंसी**

अपने कई सदस्यों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर, एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स (एएमएमए) के अध्यक्ष और शीर्ष अभिनेता मोहनलाल सहित इसके सभी पदाधिकारियों ने मंगलवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि मौजूदा प्रशासनिक समिति ने आरोपों को लेकर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया है। बयान के अनुसार, आम सभा की बैठक बुलाए जाने के बाद दो महीने के भीतर नयी प्रशासनिक समिति चुनी जाएगी। बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन ने उसकी आलोचना करने और उसमें सुधार लाने के लिए सभी का आभार जताया।

### बांग्ला फिल्म उद्योग में भी होता है यौन उत्पीड़न

**कोलकाता।** मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर गंभीर खुलासे करने वाली न्यायमूति हेमा समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बांग्ला अभिनेत्री ऋताभरी चक्रवती ने आरोप लगाया कि ऐसी कई रिपोर्ट यहां उनके अनुभवों से मेल खाती हैं। चक्रवर्ती ने सोमवार रात को फेसबुक पर अपने पोस्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को टैग करते हुए उनसे केरल में हेमा समिति की तर्ज पर ऐसी ही जांच करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मलयालम फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न का पर्दाफाश करने वाली हेमा समिति की रिपोर्ट ने मेरे मन में यह विचार पैदा किया है कि बांग्ला फिल्म उद्योग ऐसे ही कदम क्यों नहीं उठा रहा है? सामने आयीं कई रिपोर्ट मेरे अनुभवों से मेल खाती हैं या कुछ अभिनेत्रियों के अनुभवों से मेल खाती है जिन्हें मैं जानती हूं।

## मुझे कुछ हुआ तो सेना-आईएसआई जिम्मेदार : इमरान



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी हालत के लिए सेना और आईएसआई जिम्मेदार हैं और उन्होंने जान को खतरे का अंदेशा भी जताया। अदियाला जेल में बंद खान (71) ने सरकार पर आरोप लगाया कि उसे देशभर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद करने को लेकर आलोचना बर्दाश्त नहीं है। अगर मेरे साथ कुछ भी होता है, तो सेना प्रमुख और डीजी आईएसआई जिम्मेदार होंगे।

# ब्लैक होल के बिना जीवन संभव नहीं हो सकता

**संवाददाता, नैनीताल**



- जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरणीय मिश्रण की आपूर्ति करता है ब्लैक होल

**अमृत विचार :** हमारे जैसा जीवन व सौर मंडल ब्लैकहोल के बिना संभव नहीं है। नए शोध के अनुसार दुर्लभ जीवन के लिए सटीक पर्यावरणीय मिश्रण की आवश्यकता होती है, जो ब्लैक होल ही प्रदान कर सकता है।

नए शोध में माना गया है कि जीवन को संभव बनाने के लिए तत्वों के एक निश्चित संयोजन की आवश्यकता होती है। जिसमें हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, कार्बन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस और सल्फर का मिश्रण शामिल है। महाविस्फोट के कुछ मिनटों के बाद से ही हाइड्रोजन ब्रह्मांड के चारों ओर घूम रहा है, लेकिन अन्य तत्व केवल तारों के अंदर संलयन प्रक्रियाओं से आते हैं। हमारे जैसा सौर मंडल संभव होने से पहले आकाशगंगाओं को तारे के जन्म और मृत्यु की कई पीढ़ियों की आवश्यकता होती है। यदि तारों की बात की जाय तो आकाशगंगा में तारे का निर्माण बहुत तेजी से हो सकता है। तारों की पीढ़ियां पलक झपकते ही आ और जा सकती हैं। तारों के निर्माण प्रक्रिया को सुपरमैसिव ब्लैक होल ही रोक सकता है। ब्लैक होल द्वारा छोड़ी जाने वाली सामग्री में जीवन के आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं, जो जीवन की उत्पत्ति के बेहद जरूरी हैं। बुद्धिजीवी जीवन की उत्पत्ति को लेकर कई शोध हो चुके हैं। ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा अभी तक किसी अन्य जगह पर जीवन का नहीं मिलना एक बड़ा रहस्य है, जबकि खगोलविद मानते हैं कि विशाल अंतरिक्ष में हम जैसा या फिर किसी अन्य रूप में जीवन अवश्य मौजूद होगा। जिसकी तलाश अभी तक पूरी नहीं हो सकी है।

### कैसे आया पृथ्वी पर जीवन

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति को लेकर कई विचार सामने आए हैं, जो जीवन की उत्पत्ति के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मगर अभी तक ठोस सबूतों की कमी बनी हुई हैं। जिसके चलते वैज्ञानिकों के शोध आज भी जारी हैं।